नई दिल्ली

**बुधवार, 18 जून 2025**

आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 64
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00


**मौसम**

अधि. 32
न्यून. 26


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,583.30 | 212.85 ▼ |
| निफ्टी | 24,853.40 | 93.10 ▼ |

| धातु | कीमत | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| सोना | 1,00,170/- | 1200/- ▼ |
| चांदी | 1,07,200/- | 100/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 86.34 | 30 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 74.47/ बैरल | 1.69% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*


Government of National Capital Territory of Delhi
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

## बधाई हो!

## 33 आयुष्मान आरोग्य मंदिर और 17 जन औषधि केंद्र

## दिल्ली को समर्पित







## अब सेहत हर दिल्लीवासी का अधिकार

### हर आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मुफ़्त इलाज और सस्ती दवाएं

**नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं**

- **106** ज़रूरी दवाइयां बिल्कुल मुफ़्त
- हीमोग्लोबिन, मलेरिया, टाइफाइड और ऐसी **14 बीमारियों के टेस्ट, इन-हाउस उपलब्ध**
- LFT, KFT, थैलेसीमिया स्क्रीनिंग और **ऐसे 79 विशेष टेस्ट भी उपलब्ध**

**बीमारियां होने से पहले ही, उन्हें रोकने की हर मुमकिन कोशिश**

- हर सोमवार और गुरुवार को **फ्री योग सत्र**
- ब्रेस्ट, ओरल, सर्वाइकल, लंग, प्रोस्टेट कैंसर **की विस्तृत स्क्रीनिंग**
- टीकाकरण, परिवार नियोजन, पोषण परामर्श के साथ **माता और बच्चों की देखभाल**

**आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं (IPHS–2022 मानकों के अनुरूप)**


- धात्री माताओं के लिए प्राइवेट ब्रेस्टफीडिंग और देखभाल कक्ष
- हर केंद्र पर **इमरजेंसी ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध**
- जन औषधि केंद्र पर बाजार मूल्य से **50% से 80%** कम दाम पर **2,047 दवाएं** और **300 सर्जिकल** उत्पाद उपलब्ध

### यह तो बस शुरुआत है...

आगे दिल्ली में कुल **1,139 आयुष्मान आरोग्य मंदिर** स्थापित किए जाएंगे, ताकि हर नागरिक को **15 मिनट के भीतर गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध हो**



DIP/Shabdarth/Display/022/25-26


25 रजत जयंती वर्ष छत्तीसगढ़
वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर उभरता
बस्तर
• धूड़मारास गांव को मिली वैश्विक पहचान
• ईको-टूरिज्म और होम-स्टे को प्रोत्साहन
• एडवेंचर टूरिज्म, कैनोपी वॉक, ग्लास ब्रिज का विकास
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
सुशासन से समृद्धि की ओर
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

नई दिल्ली
बुधवार, 18 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 64
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32
न्यून. 26

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## एक्स पोस्ट में बोले पीएम, विभिन्न नेताओं से होगी मुलाकात, वैश्विक मुद्दों पर चर्चा और वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकता पर रहेगा जोर

# जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इजरायल-ईरान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा पहुंचे। बीते एक दशक में यह उनकी पहली कनाडा की यात्रा है। पीएम ने एक्स पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। जिसमें उन्होंने बताया कि कनानसकीस में आयोजित किए जा रहे जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा (कैलगरी) पहुंचा हूं। सम्मेलन में विभिन्न नेताओं से मुलाकात करूंगा और महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मुद्दों (ऊर्जा सुरक्षा, तकनीक और नवाचार जैसे मुद्दे भी शामिल हैं) पर अपने विचार साझा करूंगा। साथ ही वैश्विक




दक्षिण की प्राथमिकताओं पर भी जोर दूंगा। प्रधानमंत्री को इस महत्वपूर्ण वैश्विक आयोजन में भाग लेने के लिए कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने आमंत्रित किया है। जी-7 समूह में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जापान, इटली, कनाडा और जर्मनी जैसे दुनिया के 7 विकसित देश और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं। मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जी-7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़कर अचानक अमेरिका वापस लौट गए हैं। बताते चलें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते 15 जून से तीन देशों की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। इसका पहला पड़ाव साइप्रस था। दूसरा पड़ाव कनाडा और तीसरी व अंतिम पड़ाव क्रोएशिया होगा। साइप्रस की यात्रा पूरी करने के बाद ही पीएम कनाडा पहुंचे हैं। सम्मेलन में इजरायल-ईरान, इजरायल-हमास और यूक्रेन-रूस युद्ध जैसी वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के मुद्दे पर बातचीत की जाएगी।

### जी-7 की 50वीं वर्षगांठ

*कनाडा ने जी-7 की अध्यक्षता इस साल 1 जनवरी को संभाली थी। जो कि समूह की 50वीं वर्षगांठ को भी प्रदर्शित करता है। भारत को बीते कुछ वर्षों से लगातार जी-7 के आउटरीच सम्मेलनों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता रहा है। वर्ष 2003 से 2024 तक भारत ने समूह के कुल 11 आउटरीच सम्मेलनों में भाग लिया है।*

### कनाडा में बड़ी तादाद में रहते भारतीय

*कनाडा एक ऐसा देश है, जहां भारतीय बड़ी तादाद में रहते हैं। उनकी संख्या कनाडा की कुल आबादी का 4.5 फीसदी है। आंकड़ों में 1.8 मिलियन कनाडाई भारतीय मूल के लोग हैं। जिसमें सिखों की संख्या लगभग 7 लाख 70 हजार और 1 मिलियन एनआरआई होंगे। छात्र, कुशल कामगार, अस्थायी कामगार भी इसमें शामिल हैं। वर्ष 2022 के आंकड़ों के हिसाब से कनाडा में 41 प्रतिशत भारतीय छात्र हैं।*

### जी-7 सम्मेलन से इतर होंगी द्विपक्षीय बैठकें

*कनाडा में प्रधानमंत्री का प्रवास 16 से 17 जून तक रहेगा। जी-7 शिखर सम्मेलन में उनकी यह लगातार छठी भागीदारी है। वह समूह की बैठक में कई अहम चर्चाओं में शामिल होंगे। जिसमें ऊर्जा सुरक्षा का भविष्य, विविधता, तकनीक, इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश और बदलती हुई दुनिया में पहुंच और किफायत को बरकरार रखने जैसे विषय शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पोस्ट में बताया कि प्रधानमंत्री की जी-7 से इतर कुछ द्विपक्षीय बैठकें भी होंगी। कनाडा के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री मार्क कार्नी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की के साथ भी उनकी बैठकें हो सकती हैं।*

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली विदेश यात्रा

*गौरतलब है कि इसी साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में 7 मई 2025 को भारत द्वारा पाकिस्तान और उसके आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने के लिए की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद यह पीएम की पहली विदेश यात्रा है। उधर, कनाडा में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से भारत और कनाडा संबंध गर्त में जा पहुंचे हैं। तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस मामले में भारत के शीर्ष नेतृत्व की संलिप्तता का आरोप लगाया था। हालांकि बाद में वह अपने बयान के संबंध में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके। बीते वर्ष अक्टूबर महीने में भारत ने कनाडा से अपने उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को वापस बुला लिया था। कनाडा इनका निज्जर की हत्या से संबंध बता रहा था। लेकिन अब कनाडा में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद दोनों देशों के संबंध आपसी विश्वास और संवेदनशीलता के साथ सामान्य होने की उम्मीद नजर आ रही है। इसी साल मार्च महीने में कार्नी ने प्रधानमंत्री के रूप में अपना कार्यभार संभाला है। पिछले कुछ महीनों से दोनों देशों के सुरक्षा अधिकारी पुनः संपर्क बहाली के जरिए नए उच्चायुक्त की नियुक्ति की संभावनाएं तलाश रहे हैं। पीएम की 2015 में की गई कनाडा की यात्रा से दोनों देशों के संबंध सामरिक भागीदारी के स्तर तक पहुंचे थे।*

## खबर संक्षेप

### अमरनाथ यात्रा मार्ग नो फ्लाई जोन घोषित



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में होने वाली अमरनाथ यात्रा को लेकर सरकार ने सभी रास्तों को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। इसके साथ ही पूरी यात्रा के दौरान किसी तरह के ड्रोन और गुब्बारों पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही इन मार्गों से किसी भी तरह विमानन प्लेटफॉर्म को प्रतिबंधित किया है। जम्मू कश्मीर सरकार ने ये फैसला सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए लिखा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा दिए गए सलाह के बाद जेके सरकार ने ये फैसला लिया है। प्रदेश के गृह विभाग द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि इस साल 2025 में श्री अमरनाथ जी यात्रा के दौरान सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से यात्रा के सभी मार्गों को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया जाता है।

### आईसीसी वनडे रैंकिंग में स्मृति मंधाना की बादशाहत




**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट के लिए मंगलवार को बड़ा दिन रहा। आईसीसी वनडे बैटिंग रैंकिंग में भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने नंबर-1 पोजिशन हासिल की है। स्मृति के वनडे इंटरनेशनल करियर में ये दौर पहली बार आया है, जब से उन्होंने वनडे क्रिकेट खेलना शुरू किया है। साल 2019 से आखिर छह साल बाद स्मृति मंधाना वनडे क्रिकेट में नंबर वन बैटर बन गई हैं। साउथ अफ्रीका टीम की कप्तान लौरा वोलवार्ड को स्मृति ने 19 पॉइंट्स से पीछे छोड़ दिया है। मंधाना वनडे बैटिंग रैंकिंग में टॉप 10 लिस्ट में हाल ही में शामिल हुई थीं। लेकिन मंधाना को वनडे में नंबर वन बल्लेबाज बनने के लिए छह साल का लंबा इंतजार करना पड़ा। भारत, साउथ अफ्रीका और श्रीलंका के बीच हाल ही में ट्राइ-सीरीज हुई. इस सीरीज के आखिरी मुकाबले में स्मृति मंधाना के बल्ले से शानदार शतक देखने को मिला। मंधाना के वनडे करियर की ये 11वीं सेंचुरी थी।

## तेहरान से सड़क के रास्ते आर्मेनिया की सीमा पर पहुंचे 110 भारतीय छात्र, आज होगी स्वदेश रवानगी

# ईरान में बढ़ते तनाव के बीच भारत ने शुरू की अपने नागरिकों की सुरक्षित निकासी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इजरायल के साथ लगातार बढ़ते तनाव के बीच भारत ने ईरान से अपने नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने की कवायद शुरू कर दी है। जिसके तहत मंगलवार को तेहरान से कुल 110 भारतीय छात्र सड़क मार्ग से होते हुए आर्मेनिया की सीमा पर पहुंच गए हैं। भारतीय दूतावास ने इनके लिए तमाम जरूरी व्यवस्था की थी। सभी छात्र बुधवार को दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में देश के नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों को चेतावनी के साथ यह सलाह दी है कि जो लोग यातायात के अपने खुद के संसाधनों के जरिए तेहरान से बाहर आ सकते हैं। उन्हें तुरंत शहर से बाहर किसी सुरक्षित स्थान पर चले जाना चाहिए। भारतीय दूतावास अपने नागरिकों को हर संभव मदद प्रदान करने के लिए लगातार समुदाय के संपर्क में बना हुआ है। परिस्थिति के हिसाब से भविष्य में और परामर्श जारी किए जाएंगे। पहले दूतावास ने ये निर्देश दिया था कि जो भारतीय नागरिक अभी तक दूतावास के संपर्क में नहीं हैं। वे तत्काल अपने नंबर और संपर्क लोकेशन ▶▶ शेष पेज 5 पर

### हाई-अलर्ट पर दूतावास, अपनी खुद की व्यवस्था पर भारतीयों से तेहरान छोड़ने की अपील

### विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली में स्थापित किया 24 घंटे निगरानी वाला कंट्रोल रूम





### आर्मेनिया के विदेश मंत्री से जयशंकर की बातचीत

गौरतलब है कि तेहरान से भारतीयों को सही सलामत बाहर निकलने का यह पूरा घटनाक्रम बीते सोमवार को विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर की आर्मेनिया के विदेश मंत्री अरारात मिर्जोयान के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत के बाद सामने आया है। इसके पूर्व में ही तनाव के बीच हवाई क्षेत्र बंद होने की वजह से ईरान ने भारतीयों की सुरक्षित निकासी के लिए अपनी सभी जमीनी सीमाओं का इस्तेमाल करने की मंजूरी प्रदान करने की घोषणा की थी। जयशंकर ने आर्मेनिया के अलावा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के विदेश मंत्री से भी संपर्क साधा और टेलीफोन पर बातचीत की। यूएई खाड़ी क्षेत्र का एक प्रमुख देश है। इस पूरी कवायद में आर्मेनिया को चुनने के पीछे ईरान-आर्मेनिया के बीच वर्तमान में किसी तरह का कोई सैन्य तनाव न होने और भारत के साथ उसके अच्छे संबंधों को मुख्य वजह माना जा रहा है।

### ट्रंप के बयान से मचा तेहरान में हड़कंप

उधर, जम्मू-कश्मीर छात्र संघ के मुताबिक, 110 भारतीय छात्र ईरान के उर्मिया मेडिकल विश्वविद्यालय में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे थे। इनमें से 90 कश्मीर घाटी के रहने वाले थे। सभी ने सुरक्षित ढंग से ईरान से सड़क मार्ग से होते हुए आर्मेनिया की सीमा में प्रवेश किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा में जी-7 की बैठक के समापन से पहले दिए अपने एक बयान में तेहरान के निवासियों से तुरंत शहर को खाली करने की अपील की और कहा कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राजधानी में बनाया गया कंट्रोल रूम

*मौजूदा घटनाक्रम के बीच विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली में एक चौबीसों घंटे काम करने वाला एक कंट्रोल रूम स्थापित किया है। यह ईरान और इजरायल दोनों पर निगरानी के साथ ही उनके लिए मददगार साबित होगा। इसमें कुछ टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर, व्हाट्सएप नंबर और ईमेल का पता भी दिया गया है। उसमें 1800118797 (टोल फ्री), +91-11-23012113, +91-11-23014104, +91-11-23017905, +91-9968291988 (व्हाट्सएप) और* ***situationroom@>mea.gov.in*** *शामिल है।*

### तेहरान में बनाई गई हेल्पलाइन

*भारतीय दूतावास ने तेहरान में भी एक 24 घंटे काम करने वाली एक हेल्पलाइन स्थापित की है। जिसमें फोन करने के लिए दो नंबर दिए गए हैं। उनमें +98 9128109115, +98 9128109109, +98 901044557, +98 9015993320, +91 8086871709 (व्हाट्सएप नंबर), बंदर अब्बास- +98 9177699036, जाहेदान- +98 9396356649 और ईमेल का पता* ***cons.tehran@>mea.gov.in*** *मुख्य है।*

## ईरान के साथ बढ़ते युद्ध के बीच मंगलवार को नई दिल्ली में बोले इजरायल के राजदूत रूवेन अजार

# विदेश मंत्रालय के संपर्क में इजरायल, सुरक्षित निकाले जाएंगे भारतीय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



ईरान के साथ बढ़ते युद्ध के बीच मंगलवार को नई दिल्ली में तैनात इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने कहा कि उनका देश भारत के विदेश मंत्रालय के साथ संपर्क में हैं और पूरी तरह से समन्वय के साथ काम कर रहे हैं। दोनों पक्ष भारतीयों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। भारतीयों की सुरक्षित निकासी को हम अपने परिवहन मंत्रालय के माध्यम से व्यवस्थित करेंगे।

यह जानकारी इजरायल के राजदूत ने राजधानी में आयोजित किए गए एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि जो भी विदेशी राजनयिक और नागरिक जाना चाहते हैं। उनके लिए जमीनी और समुद्री रास्ते मौजूद हैं। जिन पर विचार जारी है। उधर, इन सबके बीच भारत ने इजरायल में रह रहे अपने सभी नागरिकों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने, हमेशा चौकन्ना रहने और अनावश्यक यात्रा करने से बचने की अपील की है। तेल अवीव में भारतीय दूतावास लगातार अपने देश के नागरिकों के संपर्क में बना हुआ है। भारत में विदेश मंत्रालय ने इजरायल में जारी तमाम घटनाक्रम पर नजर बनाए रखने के लिए मंत्रालय में ▶▶ शेष पेज 5 पर

### निशाने पर ईरान का परमाणु कार्यक्रम

*इजरायल के राजदूत ने कहा कि उनका देश अपनी क्षमताओं के हिसाब से ईरान के परमाणु कार्यक्रम और मिसाइल क्षमता को तबाह करेगा। हमने अपनी सैन्य कार्रवाई से इसे गंभीर रूप से क्षति पहुंचाई है। क्योंकि ये उनके अपने देश के लिए खतरा पैदा कर रहा है। रूवेन ने कहा कि दोनों देशों के बीच शत्रुता समाप्त करने के लिए किसी कूटनीतिक समाधान तक पहुंचना अच्छा रहेगा।*

### अमेरिका के साथ समन्वय जारी

*उन्होंने कहा कि युद्ध के बीच इजरायल और अमेरिका के बीच पूरी तरह से समन्वय कायम है। रूवेन के मुताबिक, उन्हें लगता है कि हमारी कार्रवाई को अमेरिका समर्थन देगा। इजरायल अमेरिका द्वारा प्रदान की गई सैन्य और राजनीतिक सहायता के लिए आभार प्रकट करता है।*

## ये क्या हो रहा है? एयर इंडिया की एक के बाद एक सात उड़ानें रद्द

# अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट रद्द, दिल्ली से पेरिस गैटविक से अमृतसर की उड़ान भी बाधित हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे के बाद एयरलाइन के ऑपरेशन में लगातार दिक्कतें आ रही हैं। मंगलवार को एयर इंडिया इंटरनेशनल की कुल सात उड़ानें तकनीकी खराबी समेत अलग-अलग कारणों से रद्द कर दी गईं। कैंसिल हुई फ्लाइट्स में से छह बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर थीं, जो अहमदाबाद में हादसे का शिकार हुई थी। एयर इंडिया की अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट रद्द कर दी गई है। यह वही रूट है, जिस पर एआई-171 दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। इस बीच लंदन से अमृतसर, दिल्ली से पेरिस और



पेरिस से दिल्ली की उड़ान को भी रद्द कर दिया गया है। दिल्ली-पेरिस वाली एयर इंडिया की उड़ान को रद्द करने की वजह तकनीकी समस्या बताई गई। जानकारी के मुताबिक, एयर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान एआई-159 दोपहर 1.10 बजे अहमदाबाद से रवाना होना था। इसका लंदन पहुंचने का ▶▶ शेष पेज 5 पर

## डॉ. सिंह ने पूर्वोत्तर के सभी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थानों की प्रगति की समीक्षा की

# कृषि से लेकर प्रौद्योगिकी और पर्यटन तक पूर्वोत्तर क्षेत्र भारत के विकास को गति देगाः जितेन्द्र सिंह

- *प्रधानमंत्री मोदी का 'बाधाओं को तोड़ने' का विजन पूर्वोत्तर क्षेत्र को नवोन्मेषण और अवसर के हब के रूप में परिवर्तित कर रहा है: विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा प्रधानमंत्री कार्यालय, अंतरिक्ष एवं परमाणु ऊर्जा विभाग में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को वोखा जिले में नागालैंड सरकार के प्रमुख विभागों के साथ-साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्रचालित सभी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी



संस्थानों की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान डॉ. सिंह ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेषण के प्रति सरकार के मजबूत रूझान से प्रेरित एक सक्षम इकोसिस्टम के कारण क्षेत्र में हाल ही में अर्जित उपलब्धियों पर जोर दिया। उन्होंने वैज्ञानिक प्रगति को ▶▶ शेष पेज 5 पर

## राजा हत्याकांड का क्राइम सीन रीक्रिएट करवाने पहुंची मेघालय पुलिस

# सोनम फिर बोली- मार दो इसे... लाश कातिलों के संग मिलकर खाई में फेंकी

एजेंसी ▶▶ शिलांग

मेघालय के सनसनीखेज राजा रघुवंशी हत्याकांड में मंगलवार को शिलांग पुलिस क्राइम सीन रीक्रिएट करने के लिए सोहरा के वेइसाडोंग फॉल्स पहुंची। फोरेंसिक टीम भी मौके पर मौजूद रही। सोनम रघुवंशी समेत सभी आरोपियों को घटनास्थल पर ले जाया गया। ये वहीं जगह है जहां राजा का मर्डर कर राजा को गहरी खाई में फेंक



दिया गया था। पुलिस ने क्राइम सीन वाली जगह को घेर लिया और मीडिया को आसपास जाने की मनाही रही। पुलिस के अनुसार, गुवाहाटी और चेरापूंजी में दो जगहों पर राजा की हत्या की कोशिश नाकाम रही और चौथी जगह वेइसाडोंग में कातिल कामयाब हुए। सोनम ने भी खुद पति राज को ▶▶ शेष पेज 5 पर

## 20 हजार से अधिक ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण हो चुके

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर भारतीय युवा कांग्रेस का 'महारोजगार मेला', तालकटोरा में जुटेंगे 19 को बेरोजगार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय युवा कांग्रेस ने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर 19 जून को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में विशाल 'महारोजगार मेला' आयोजित करने की घोषणा की है। बिना सत्ता के युवक कांग्रेस का ये प्रयास पहला और नायाब माना जा रहा है।

नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक याज्ञवल्क्य श्रीकांत जिचकार, दिल्ली युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा और दिल्ली युवा कांग्रेस




की प्रभारी खुशबू शर्मा ने इस रोजगार मेले का पोस्टर भी जारी किया। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने का वादा किया गया ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 100 से ज्यादा कंपनियां, युवाओं का साक्षात्कार लेकर नौकरियां देंगी

*उदय भानु चिब ने बताया कि 19 को राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर युवा कांग्रेस ने रोजगार मेला आयोजित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यूथ कांग्रेस की क्षमता के अनुसार 100 से ज्यादा कंपनियों को बुलाया गया है, जो युवाओं का साक्षात्कार लेकर नौकरियां देंगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि वर्षों से बेरोजगार दिल्ली के हजारों युवा इस रोजगार मेले से लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए 20 हजार से अधिक ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण हो चुके हैं। चिब ने बताया कि 19 जून को अन्य राज्यों में भी रोजगार मेले के साथ-साथ रक्तदान शिविर और जातिगत जनगणना पर सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी ने लगातार जातिगत जनगणना की मांग उठाई, जिसके कारण भाजपा सरकार को इसकी घोषणा करनी पड़ी।*

### वार्ड से विधानसभा तक हो रहा पंजीकरण

*अक्षय लाकड़ा ने बताया कि इस रोजगार मेले के लिए व्यापक स्तर पर आउटरीच प्रोग्राम चलाए गए हैं। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता हर वार्ड, ब्लॉक, जिला और विधानसभा क्षेत्र तक जाकर पंजीकरण कर रहे हैं। उन्होंने एक वीडियो भी दिखाया, जिसमें पंजीकरण प्रक्रिया को समझाया गया था। याज्ञवल्क्य जिचकार ने बताया कि 100 से अधिक कंपनियों ने इस मेले में भाग लेने की इच्छा जताई है, जिनमें विनिर्माण, खुदरा, बैंकिंग, आईटी और फार्मा जैसे विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों का साक्षात्कार रोजगार मेले में ही लिया जाएगा और योग्य उम्मीदवारों को उसी दिन ऑफर लेटर दिए जाएंगे।*



### पांच मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और चार पासबुक बरामद

# क्रिप्टो में निवेश का झांसा देकर ठगी करने वाले छह जालसाज पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण जिले की साइबर पुलिस द्वारा यूएसडीटी (क्रिप्टो) में निवेश के बहाने धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस रैकट में शामिल छह जालसाजों को गिरफ्तार किया गया है। इनसे अपराध में इस्तेमाल किए गए पांच मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और चार पासबुक बरामद हुई। आरोपियों ने फेसबुक मैसेंजर के जरिए कई पीड़ितों से संपर्क किया था। पकड़े गये जालसाजों के नाम हिमांशु बैसोया, अविनाश वर्मा, आलोक सिंह, गरिमा सिंह, सिमरनजीत सिंह उर्फ लवी और कमल बताये गये हैं।

डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि एक पीड़ित से शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसे यूएसडीटी में उच्च रिटर्न के झूठे वादे के तहत धोखाधड़ी वाले क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से 10 लाख रुपये के निवेश करने का लालच दिया गया था। शिकायतकर्ता को एक नकली क्रिप्टो ट्रेडिंग एप्लीकेशन डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया गया और वॉलेट/डैशबोर्ड पर नकली लाभ दिखाया गया। हालांकि, जब उसने अपनी निवेश की गई राशि वापस लेने की कोशिश की, तो जालसाजों ने 30 प्रतिशत क्लियरेंस फीस की मांग की। इसके बाद पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। धोखेबाजों को पकड़ने के लिए जांच शुरू की गई। व्यापक तकनीकी निगरानी और फील्डवर्क के बाद गरिमा सिंह पत्नी अमित सिंह निवासी मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि अक्टूबर 2024 में उसके पड़ोसी आलोक सिंह ने एक हजार रुपये के बदले उसके पीएनबी बैंक खाते की जानकारी ली थी। गरिमा की गिरफ्तारी के बाद अविनाश वर्मा और आलोक सिंह की पहचान हुई, जिन्होंने मामूली रकम के लिए ग्रामीणों के नाम पर बैंक खाते खोले। दोनों को मिर्जापुर से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने खुलासा किया कि खातों को उनके सहयोगी हिमांशु बैसोया को 15 हजार रुपये में बेचा गया था। उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया गया और पूछताछ के लिए दो दिन की पुलिस हिरासत में लिया गया। उनके खुलासे के आधार पर हिमांशु बैसोया को कोटला मुबारकपुर से गिरफ्तार किया गया। इसकी भी पुलिस हिरासत हासिल की गई। उसने धोखाधड़ी वाले खातों का संचालन करने और दिल्ली भर में एटीएम से नकदी में ठगी के पैसे निकालने की बात स्वीकार की। नकदी का इस्तेमाल उसके साथी सिमरनजीत सिंह उर्फ लवी और कमल के जरिए यूएसडीटी खरीदने में किया गया। बाद में अन्य आरोपियों को भी दबोच लिया गया।



# डीयू में प्रवेश के लिए प्रक्रिया शुरू, कुलपति ने लॉन्च किया पोर्टल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए स्नातक, स्नातकोत्तर, 5 वर्षीय लॉ, बी.टेक. और पीएचडी व एसओएल में प्रवेश प्रक्रिया की मंगलवार को घोषणा कर दी है और डीयू की एडमिशन पॉलिसी जारी कर दी है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने दाखिलों से संबंधित 'बुलेटिन ऑफ इन्फॉर्मेशन' को भी लॉन्च किया। इसके साथ ही 5 वर्षीय एकीकृत लॉ एवं बी.टेक. प्रोग्रामों में पंजीकरण के लिए भी पोर्टल की शुरूआत की गई। डीयू के विभिन्न स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में एलोकेशन-कम-एडमिशन की

शुरुआत की गई। प्रो. योगेश सिंह ने मीडिया को बताया कि इस वर्ष से डीयू में दो नए पीजी कोर्स 'हिन्दी पत्रकारिता में एमए' और 'एमए इन टूरिज्म मैनेजमेंट' भी शुरू किए हैं। वहीं, पीजी में प्रवेश के लिए राउंड 1 में 11,314 सीट का कुल आवंटन हुआ और दो घंटे के भीतर आवंटन स्वीकार करने वाले उम्मीदवारों की संख्या 1967 रहीं। इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेजेज़ प्रो. बलराम पाणी, दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह, एसओएल की निदेशक प्रो. पायल मागो, रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता, डीयू पीआरओ एवं कल्चर काउंसिल के चेयरपर्सन अनूप लाठर और डीन एडमिशन प्रो. हनीत गांधी भी उपस्थित रहे। डीयू के अंग्रेजी विभाग में भी एमए जर्नलिज़्म जल्द ही शुरू किया जाएगा। एडमिशन शाखा ने छात्रों को दाखिले में सहायता के लिए 9 (नौ) टेलीफोन हेल्पलाइन, ईमेल सुविधा (ug@admission.du.ac.in, pg@admission.du.ac.in) और चैटबॉट सुविधा स्थापित की है। इसी तरह, स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग ने भी दो एडमिशन हेल्प सेंटर स्थापित किए हैं जो 22 जून, 2025 से एसओएल के फॉर्म भरने में उम्मीदवारों की सहायता के लिए काम करेंगे। डीयू प्रशासन ने भावी विद्यार्थियों को लेकर सलाह जारी की है कि वे आवेदन संबंधित सभी प्रामाणिक सूचनाओं, घोषणाओं और कार्यक्रमों के लिए, उम्मीदवारों को केवल दिल्ली विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करना चाहिए। और केवल दिल्ली विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट (www.admission.uod.ac.in) पर प्रकाशित जानकारी पर ही भरोसा करना चाहिए। उम्मीदवारों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि विश्वविद्यालय के ईमेल अकाउंट केवल ₹du.ac.in₹ के साथ समाप्त होने वाली ईमेल आईडी वाले ही होते हैं।

**दिल्ली विश्वविद्यालय :** www.du.ac.in
प्रवेश वेबसाइटः www.admission.uod.ac.in

कुलपति ने कहा कि इस वर्ष स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में भी सिंगल गर्ल चाइल्ड के लिए अतिरिक्त कोटा जोड़ा गया है। प्रत्येक पीजी प्रोग्राम में सिंगल गर्ल चाइल्ड के लिए एक सीट आरक्षित की गई है। कुलपति ने बताया कि पिछले वर्षों के अनुभव के आधार पर यूजी दाखिला प्रक्रिया में कुछ संशोधन भी किए गए हैं।

## सरोजनी नगर मार्केट में नेपाली मूल के बच्चे से मारपीट व दुर्व्यवहार

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम जिले के सरोजिनी नगर बाजार में नौ वर्षीय एक नेपाली मूल के बच्चे से मारपीट और दुर्व्यवहार किया गया। इस अपमानजनक व्यवहार का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। इस पर संज्ञान लेते हुये दिल्ली पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार वीडियो में कुछ लोग एक बच्चे को बेल्ट से पकड़े हुए है और उसकी पैंट पर पानी डाल रहे हैं। बच्चा रोता और गिड़गिड़ाता दिखाई दे रहा है। उसे गालियां दी जा रही हैं और साथ ही थप्पड़ भी मारे जा रहे हैं। उसके बालों पर कुछ लिक्विड साबुन जैसा पदार्थ भी डाला गया। डीसीपी अमित गोयल ने कहा कि पीड़ित बच्चा तीसरी कक्षा का छात्र है और नेपाल का रहने वाला है। उसकी मां सरोजिनी नगर मार्केट इलाके में खाना बनाने का काम करती है। वीडियो का संज्ञान लिया गया है और बीएनएस की संबंधित धाराओं, किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75 और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण पोक्सो अधिनियम की धारा 12 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सरोजिनी नगर मार्केट में रेडीमेड कपड़ों की दुकान के मालिक पंकज (35) और दुकान पर सहायक के रूप में काम करने वाले प्रदीप कुमार (29) और विशाल (30) को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## फर्जी ज्योतिष के चक्कर में फंस आईटी एनालिस्ट ने गंवाए तीन लाख

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले की साइबर पुलिस ने राजस्थान के जयपुर से एक फर्जी ज्योतिषी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ज्योतिषीय उपाय करने और लोगों के जीवन से नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने के नाम पर ठगी करता था। इसने एक आईटी एनालिस्ट से लगभग तीन लाख रुपए की ठगी को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता संत नगर, बुराड़ी की रहने वाली है। 28 वर्षीय शिकायतकर्ता महिला एक आई.टी. कंपनी में विश्लेषक के तौर पर कार्यरत हैं। एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से उन्होंने शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया कि उन्हें इंस्टाग्राम के माध्यम से एक ज्योतिषी के बारे में पता चला। उन्होंने व्हाट्सएप नंबर के माध्यम से उनसे संपर्क किया और अपने जीवन में कठिनाइयों और समस्याओं पर चर्चा की। ज्योतिषी ने उनके जीवन के लिए कुछ धार्मिक और आध्यात्मिक उपाय सुझाए। उन्होंने इन उपायों को करने के लिए तीन लाख रुपये लिये। इसके बाद कोई उपाय नहीं किया गया और ज्योतिषी ने पीड़ित को अनदेखा करना शुरू कर दिया। जांच के दौरान, बैंक खातों का विवरण, कथित फोन नंबरों का कॉल डिटेल रिकॉर्ड मांगा गया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस मामले में पीड़ित को बहुत ही पेशेवर और व्यवस्थित तरीके से ठगा गया था।

# निवेश का झांसा देकर 29 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिणी पश्चिमी जिले के साइबर पुलिस ने राजस्थान से एक शातिर जालसाज को गिरफ्तार किया है। इस पर ऑनलाइन निवेश का झांसा देकर 29 लाख की ठगी का आरोप है। दरअसल आरोपी एक स्कूल चलाता था। कोरोना में स्कूल बंद हो गया था। अपने स्कूल को दोबारा शुरू करने के लिए इसने ठगी का धंधा शुरू किया था। वह जयपुर के होटल में बैठकर धोखाधड़ी को अंजाम दे रहा था।

डीसीपी अमित गोयल के अनुसार आरोपी का नाम राजस्थान के सीकर निवासी चौथमल सैनी है। पुलिस ने इसके पास से ठगी में इस्तेमाल किए गए मोबाइल को भी बरामद कर लिया है। वह धोखाधड़ी के दो मामलों में वांछित था। पुलिस पूछताछ में इसने बताया कि वह ऑनलाइन निवेश के नाम पर लोगों से संपर्क करता था। फिर उन्हें मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर ऑनलाइन टास्क देकर अपने फर्जी बैंक खातों में लाखों रुपये का निवेश करा लेता था। पुलिस जांच में सामने आया कि चौथमल सैनी एक स्कूल चलाता था। कोराना काल में उसका स्कूल बंद हो गया था। इस स्कूल को दोबारा चलाने के लिए इसने ठगी करना शुरू कर दिया। पहले इसने ठग गिरोह को कमीशन के आधार पर अपने बैंक खाते उपलब्ध कराए। इसके कुछ समय बाद वह खुद भी गिरोह में शामिल होकर ठगी करने लगा। चौथमल ने कुछ समय पहले ही एस श्रीवास्तव नाम के व्यक्ति से 29 लाख रुपये ठगे थे। पहले तो आरोपित ने पीड़ित से व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया। फिर एक वेबसाइट पर पीड़ित को ऑनलाइन पार्ट-टाइम टास्क जॉब देकर लाखों रुपये का निवेश करा लिया था।




## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **अमित गौतम, पुत्रः बृज मोहन, निवासीः सी–29, पंचशील एन्क्लेव, एलजीएफ, नई दिल्ली–110017** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.183/2017 U/S 279/337 IPC** के तहत एक मामला **थाना सिविल लाइंस, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **अमित गौतम** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **अमित गौतम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.183/2017 U/S 279/337 IPC, थाना सिविल लाइंस, दिल्ली** के अभियुक्त **अमित गौतम** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **21.07.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

**आदेश द्वारा, गौरव गोयल**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06,**
**केंद्रीय जिला, कमरा नं. 247,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7794/N/2025**
**(अदालती मामला)**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **आशीष उर्फ आशु पुत्रः** राम बाबू **पताः** मकान नं. 1032, सुअर चौक, गौतमपुरी, बदरपुर दिल्ली, ने **e-FIR No. 130/2019 U/s 25 ARMS Act थानाः सरिता विहार दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आशीष उर्फ आशु,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आशीष उर्फ आशु,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **e-FIR No. 130/2019 U/s 25 ARMS Act थानाः सरिता विहार दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **आशीष उर्फ आशु,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अरिदमन सिंह चीमा**
**जेएमएफसी–05, कमरा नं. 510**
**साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली**

**DP/7854/SE/2025**
**(Court Matter)**

## हरियाणा लोक सेवा आयोग
**बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला**

### घोषणा

सभी उम्मीदवारों की जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि नीचे वर्णितानुसार स्क्रीनिंग टेस्ट्स, जो 22.06.2025 और 29.06.2025 को आयोजित किए जाने निर्धारित थे, स्थगित कर दिये गये हैं :-

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1. | कॉमर्स विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 44/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट |
| 2. | पर्यावरणीय विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 49/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट |
| 3. | गृह विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 54/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट |
| 4. | गणित विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 56/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट |
| 5. | मनोविज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 63/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट |
| 6. | संस्कृत विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 65/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट |

स्क्रीनिंग टेस्ट्स की नई तिथि यथासमय घोषित की जाएगी। उम्मीदवारों को अपडेट्स के लिए आयोग की वेबसाइट पर पधारते रहने का परामर्श दिया जाता है।

दिनांक : 16.06.2025 — हस्ता/- सचिव
संवाद-1156/13/331/2026/35710/88/7 दि. 17.06.25 — हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

## जेल विभाग, हरियाणा
**बेज नं. 03-06, सेक्टर-14, पंचकूला**
टेली. : 0172-2586721, ई-मेल : office_dg.prisons@hry.nic.in

### वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु सूचना

जेल विभाग, हरियाणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई), भारत सरकार के नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिये राष्ट्रीय कार्यवाही योजना की स्कीम के तहत हरियाणा राज्य की 15 जेलों में 15 बिस्तर वाले नशामुक्ति केन्द्रों की प्रक्रिया प्रारम्भ कर चुका है। पदों का विवरण, उनकी योग्यता और पारिश्रमिक निम्न प्रकार से हैं :-

| क्र. सं. | पदों का नाम | शैक्षणिक योग्यता और अनुभव | मासिक पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|
| 01. | सहकर्मी शिक्षक | साक्षर ; 1-2 वर्ष के परहेज सहित पूर्व-ड्रग यूजर, नशा करने वाली जनसंख्या के बीच कार्य करने के इच्छुक के साथ-साथ विशेषताएं जैसे संवेदना, संचार कौशल रखने वाला होना चाहिए। प्रशिक्षण प्राप्त करने का इच्छुक ; नशीली दवाओं का उपयोग करने, खरीदने, अथवा बेचने से परहेज रखने के लिये सहमत ; हानिकारक नशीली दवाओं का उपयोग और पुनरावर्तन के निषेध हेतु कार्य करने के लिये तैयार। | 10,000/- |

**वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि और स्थान** :- नीचे वर्णित जेल में रिक्त अनुबंधात्मक पद को भरने के लिये वॉक-इन-इंटरव्यू 23.06.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे निर्धारित किया गया है :-

| क्र. सं. | जेल का नाम | पद जिनके लिये वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। | पदों की सं. | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जिला जेल, गुरुग्राम | सहकर्मी शिक्षक | 01 | एक वर्ष अथवा मुख्य कार्यालय के निर्देशानुसार जो भी पहले है |

**नियम एवं शर्तें ;**

1. आवेदकों को 23.06.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे उपरोक्त जेल में उपस्थित होने का परामर्श दिया जाता है। मूल दस्तावेजों को साक्षात्कार के दौरान चैक किया जाएगा और उसके पश्चात प्राप्त किसी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. साक्षात्कार में उपस्थित होने अथवा चयन और नियुक्ति के प्रस्ताव की स्वीकृति के पश्चात नियुक्ति के स्थान पर ज्वाइन करने के लिये उम्मीदवारों को कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।
3. आवश्यक योग्यताएं / अनुभव को पूरा करने मात्र से ही चयन की गारंटी नहीं दी जाती है। उम्मीदवारों की नियुक्ति के सम्बन्ध में चयन समिति का निर्णय अन्तिम होगा और इस सम्बन्ध में कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4. उपरोक्त पद पूर्णतया अनुबंध आधार पर और उपरोक्त अवधि के लिये है।
5. चयनित उम्मीदवारों को कोई एचआरए / चिकित्सा दावा / परिवहन भत्ता इत्यादि का भुगतान नहीं किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें :-** पात्र और इच्छुक आवेदकों को अपने विधिवत भरे हुये आवेदन प्रपत्र (प्रारूप संलग्न) और बायो-डेटा / रिज्यूमे / सीवी (नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ विधिवत चिपकाए हुये सहित) सहित मूल प्रमाण-पत्रों और साथ-साथ आयु, योग्यताओं, अंकतालिका, डिग्री, एमसीआई/स्टेट रजिस्ट्रेशन, श्रेणी और अनुभव प्रमाण-पत्र इत्यादि के समर्थन में सम्बद्ध दस्तावेजों की स्व-सत्यापित छायाप्रति का एक सैट और दो नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित वॉक-इन-इंटरव्यू के लिये उपरोक्त जेल में 23.06.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे उपस्थित होना चाहिए।

**हस्ता/- उप अधीक्षक (प्रशा.),**
**कृते महानिदेशक, जेल, हरियाणा**

### अनुलग्नक-III
### आवेदन प्रपत्र
### (अनुबंध आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन)

पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएं

1. पद जिसके लिये आवेदन कर रहे हैं ________
2. आवेदक का नाम ________ लिंग ________
3. पिता का नाम ________ माता का नाम ________
4. पति/पत्नी का नाम ________
5. जन्मतिथि ________ आयु ________
6. वैवाहिक स्थिति ________
7. डाक पता ________ पिन ________
8. स्थायी पता ________ पिन ________
9. ई-मेल पता ________
10. टेलीफोन नम्बर ________ मोबाइल नम्बर ________
11. **शैक्षणिक / तकनीकी / व्यावसायिक योग्यता (हाई स्कूल और अधिक) :**
**प्रमाण-पत्र संलग्न करें**

| योग्यता | बोर्ड/ विश्वविद्यालय / संस्थान | उत्तीर्ण वर्ष | प्रतिशत अंक | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

**(संलग्न किये जाने प्रमाण : अंक तालिकाएं, डिग्री सर्टिफिकेट, पंजीकरण इत्यादि)**

12. **कम्प्यूटर स्किल्स**
एमएस ऑफिस / ई-मेल का वर्किंग नॉलेज — हां/नहीं
अंग्रेजी / हिन्दी टाइपिंग का ज्ञान रखते हैं — हां/नहीं
13. अनुभव (वर्तमान से पूर्ववर्ती तक) :-
(पूर्ववर्ती अनुभव जैसे नियुक्ति पत्र, अनुभव प्रमाण-पत्र, वेतन प्रमाण-पत्र इत्यादि का प्रमाण संलग्न करें)

| पदनाम | संस्थान / संगठन का नाम | कार्य की प्रकृति | कार्य अवधि | |
|---|---|---|---|---|
| | | | से | तक |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

कोई अन्य जानकारी ________

### घोषणा

मैं घोषणा करता हूं कि उपरोक्त जानकारी मेरे अधिकतम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है। कोई जानकारी, यदि असत्य पाई जाती है, मेरी उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी।

दिनांक : ......................
स्थान : ...................... — आवेदक के हस्ताक्षर

पीआरडीएच-1277/11/91/2026/35711/88/7 दि. 17.06.25

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | गांव सातरोड (हिसार) में पीएचसी का निर्माण (सोलर वाटर हिटिंग सिस्टम का प्रावधान केवल)। | 16.06.2025 30.06.2025 | 16.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार में सिविल हॉस्पीटल में पीएसए प्लांट की स्थापना (250 केवीए साइलेंट डीजी सैट का प्रावधान केवल) (बकाया कार्य)। | 13.06.2025 19.06.2025 | 1.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार में आयुक्त कार्यालय का अपग्रेडेशन / पुनरोद्धार (ई.आई. आंतरिक, एलएएन, ईपीएबीएक्स, एयरकंडीशनर, यूपीएस का प्रावधान केवल) (ई.आई. आंतरिक, एलएएन, ईपीएबीएक्स, यूपीएस इत्यादि का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 13.06.2025 27.06.2025 | 97.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | बी.पी.एस. राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस जीएमसी (डब्ल्यू) खानपुर कलां, सोनीपत में कैंटीन सेवाओं हेतु ई-निविदा (कैटेगरी-सर्विसेज)। | 18.06.2025 27.06.2025 | 80,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 8168583080 Bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | सतनाली फीडर पर 25.670 से कि.मी. 26.270 तक टिब्बा स्लाइडिंग (ई/वर्क) + 2 कार्य। | 16.06.2025 26.06.2025 | 3.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज करनाल | जरीफाबाद - गांव जरीफाबाद ब्लॉक चिराव में कश्यप चौपाल की मरम्मत और बरामदे का निर्माण, स्कीम वीएएनजीवाई + 7 कार्य। | 10.06.2025 28.06.2025 | 48.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज सोनीपत | गांव हरसाना कलां ब्लॉक सोनीपत में खरखौदा रोड से हरसाना रोड तक फील्ड रास्ता का निर्माण, डी-प्लान। | बंद होने की तिथि 23.06.2025 | 11.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168237223 sachin.sdopr@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज सोनीपत | गांव जागसी सहरावत ब्लॉक मुंडलाना, जिला सोनीपत में राजेन्द्र के मकान से मतांड रोड (एचआरडीएफ 2023-24) तक आईपीबी सहित फिरनी का निर्माण + 1 कार्य। | 16.06.2025 23.06.2025 | 74.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 9 | महिला एवं बाल विकास, चरखी दादरी | एडब्ल्यूसीएस को एसएनपी आपूर्ति का परिवहन कार्य। | 09.06.2025 25.06.2025 | 50,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812172177 dpowcddadri@gmail.com |
| 10 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | मशीनरी और उपकरण (राज्य स्कीमों के तहत मृदा परीक्षण और फसल टेक्नीशियन) की खरीद। | 17.06.2025 18.07.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 11 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | मशीनरी और उपकरण (राज्य स्कीमों के तहत फायर टेक्नोलॉजी और औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन) की खरीद। | 17.06.2025 18.07.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | मशीनरी और उपकरण (राज्य स्कीम के तहत लिफ्ट और एस्केलेटर) की खरीद। | 17.06.2025 18.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 13 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | मशीनरी और उपकरण (राज्य स्कीमों के तहत टेक्सटाइल वैट प्रोसैसिंग टेक्नीशियन) की खरीद। | 17.06.2025 18.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**
पीआरडीएच-11/2026/260/35717/I/88/7 दि. 17.06.25

# रेखा सरकार ने जनता को समर्पित किए 33 आरोग्य मंदिर एवं 17 जन औषधि केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली के संकल्प को पूरा करने के लिए मंगलवार को रेखा सरकार ने दिल्लीवासियों को 33 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' और 17 जन औषधि केंद्रों की बड़ी सौगात दी है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस मौके पर तीस हजारी और दिल्ली सचिवालय में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बताया कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत मिशन के तहत दिल्ली सरकार 1139 आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजधानी में स्थापित करेगी। दिल्ली की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 15 आरोग्य मंदिर खोले जाएंगे, जहां नागरिकों को मुफ्त बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर दिल्ली के लोगों के लिए एक नई उम्मीद की किरण लेकर आए हैं। यह केंद्र न केवल प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करेंगे, बल्कि दिल्ली के हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में भी मदद करेंगे। दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि राजधानी के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण, किफायती और समयबद्ध स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। इसके लिए हमारी सरकार 24 घंटे सातों दिन पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

## मोहल्ला क्लीनिकों से कहीं ज्यादा बेहतर होंगी सुविधाएं : सीएम

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि यह स्वास्थ्य केंद्र पिछली सरकार द्वारा शुरू किये गए पुराने मोहल्ला क्लीनिकों से कहीं बेहतर सुविधाएं प्रदान करेंगे। जहां मोहल्ला क्लीनिक केवल सामान्य ओपीडी सेवाएं प्रदान करते थे, वहीं आयुष्मान आरोग्य मंदिर 12 सर्विस पैकेजों के तहत व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। इनमें गर्भवती महिलाओं के लिए टीकाकरण, प्रसव पूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल, मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं, बुजुर्गों के लिए आरामदेह देखभाल, और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की योजनाएं जैसे टीबी उन्मूलन, कुष्ठ रोग उन्मूलन, और गैर-संचारी रोगों पर फोकस शामिल हैं। इसके अलावा, इन केंद्रों में इन-हाउस लैब टेस्ट की सुविधा भी होगी।

## शिवभक्तों के पांव में एक कंकड़ भी न चुभे, ऐसी व्यवस्था करेंगे : रेखा

नई दिल्ली। शिव भक्तों के पांव में एक कंकड़ भी न चुभे, यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। कांवड़ यात्रा आस्था, श्रद्धा और अनुशासन का पर्व है और इसे सुगम बनाने के लिए सरकार हर संभव कदम उठाएगी। यह बात मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कांवड़ शिविरों के पदाधिकारियों से मुलाकात के दौरान कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की है कि सावन मास के पावन अवसर पर शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा करने वाली कांवड़ शिविर समितियों को आवश्यक अनुमति व उनकी समस्याओं का समाधान सिंगल विंडो सिस्टम से होगा। सरकार इन समितियों को बिजली, पानी, दवाएं, सफाई आदि की सुविधा दिलवाने में भरपूर सहायता करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार अपने मंत्रियों, जिला विकास समिति (डीडीसी) के चेयरमैनों व डीएम के माध्यम से कांवड़ शिविरों की निगरानी करेगी।

## प्रवेश वर्मा ने बाबर रोड पर वहीं उनकी पत्नी ने सरोजनी नगर में किया आरोग्य मंदिर का उद्घाटन






दिल्ली के लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने मंगलवार को बाबर रोड स्थित डिस्पेंसरी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया। वहीं उनकी पत्नी स्वाति सिंह वर्मा ने सरोजनी नगर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया। इस मौके पर एनडीएमसी के चेयरमैन केशव चंद्रा, एनडीएमसी सदस्य अनिल वाल्मीकि और जिला मजिस्ट्रेट, नई दिल्ली सनी कुमार सिंह मौजूद रहे। बाबर रोड पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन करने के बाद प्रवेश वर्मा ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया और सभी चिकित्सा कर्मचारियों से बातचीत की। वर्मा ने बताया कि इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को बनाने के लिए केंद्र सरकार ने पांच साल पहले 2400 करोड़ रुपए का फंड आवंटित किया था, लेकिन पिछली सरकार इस फंड का इस्तेमाल नहीं कर पाई और एक भी आयुष्मान आरोग्य मंदिर नहीं बनवा पाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार दिल्ली के नागरिकों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समर्पित है और इसी दिशा में आज दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में कुल 33 आयुष्मान आरोग्य मंदिर और 17 जन औषधि केंद्र आम जनता को समर्पित किए जा रहे हैं।




## आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मिलेगा सब कुछ फ्री : डॉ. पंकज सिंह



दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र विकासपुरी के विकास नगर के गुप्ता एन्क्लेव के ओल्ड बारात घर, गली नंबर 6 में बने 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' का लोकार्पण किया। इस आरोग्य मंदिर में प्राथमिक चिकित्सा समेत, मॉर्डन लैब, प्री नेटल केयर, मरीजों के बैठने की अच्छी व्यवस्था, गर्मी से राहत के लिए पंखे, कूलर और एसी लगाए गए हैं। पीने के पानी और साफ-सफाई अच्छी व्यवस्था समेत कई तरह की जांच सुविधाएं मिलने से हजारों लोगों को घर के पास मुफ्त में इलाज की सुविधाएं मिल रही है। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में खुले आयुष्मान आरोग्य मंदिर बड़े डिस्पेंसरी सेंटर हैं। जहां कुशल डॉक्टर के साथ नर्सिंग स्टाफ, ड्रेसिंग स्टाफ, वैक्सीनेशन स्टाफ समेत मरीजों को इलाज के लिए हर प्रकार की गुणवत्तापूर्ण जरूरी मेडिकल सुविधाएं और दवाइयां भी उपलब्ध हैं।

## जनकपुरी में शीघ्र खोले जाएंगे 11 और आरोग्य मंदिर : आशीष सूद



दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को अपनी विधानसभा बने आयुष्मान आरोग्य मंदिर को क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। इस दौरान सूद ने कहा कि यह दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था के इतिहास में एक स्वर्णिम कदम है। जनकपुरी विधानसभा में इस तरह के 11 और आयुष्मान आरोग्य मंदिर शीघ्र खोले जाएंगे जिनसे यहां की जनता को बहुत लाभ होगा। मंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार केंद्र सरकार की सभी जनहितकारी योजनाओं को राजधानी में प्रभावी रूप से लागू कर रही है और इसके लिए वह केंद्र के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है। इसी का एक मूर्त रूप स्वास्थ्य के क्षेत्र में आरोग्य मंदिर योजना भी है। इसके अतिरिक्त एक और सबसे महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान भारत योजना है, जिसे पहले किसी भी सरकार ने गंभीरता से नहीं लिया था। लेकिन दिल्ली सरकार ने सत्ता संभालते ही इसे अपनी शीर्ष प्राथमिकता पर रखते हुए राजधानी के सभी अस्पतालों में इस योजना को लागू किया है।

## सेवा की भावना से मिलेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं : इंद्राज



दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने मंगलवार को बवाना के सी ब्लॉक, जे जे कॉलोनी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में दिल्ली वासियों को घर के नजदीक गुणवत्तापूर्ण इलाज मिलेगा, साथ ही यहां का स्टाफ मरीजों का इलाज, सेवा की भावना से करेगा। इन स्वास्थ्य केंद्रों को जनसहयोग से सरकार उत्कृष्ट स्वास्थ्य केंद्र बनाएगी। आज का दिन दिल्ली में स्वास्थ्य क्रांति दिवस के रूप में देखा जा रहा है।

## पर्यावरण विभाग मंत्री सिरसा ने चौखंडी में किया आयुष्मान आरोग्य केंद्र का उद्घाटन



दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने राजौरी गार्डन विधानसभा के चौखंडी में आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने जनता को समर्पित करते हुए कहा कि नई सरकार के केवल 100 दिनों में 33 केंद्र खोलना एक बड़ी उपलब्धि है। हर दिल्लीवासी को इन केंद्रों का दौरा करना चाहिए और देखना चाहिए कि यहां किस तरह की विश्वस्तरीय सुविधाएं, अच्छी दवाइयां और अनुभवी डॉक्टर मौजूद हैं। ये आयुष्मान केंद्र किसी निजी अस्पताल से कम नहीं हैं। पिछली सरकार की योजनाओं की तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे आरोग्य मंदिर पिछली सरकार के कंटेनर क्लीनिक जैसे नहीं हैं। यही फर्क है हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि का कि हम सोच, योजना और नतीजों, तीनों में उनसे अलग हैं। आने वाले समय में सैकड़ों ऐसे आयुष्मान केंद्र खोले जाएंगे जो दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होंगे।

## 'स्वस्थ जीवन की गारंटी' दिल्ली सरकार की प्राथमिकता : कपिल मिश्रा



दिल्ली के विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने करावल नगर स्थित खजूरी क्षेत्र में एक आरोग्य मंदिर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली की जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में जनता से किए गये वादे सरकार पूरा कर रही है। इसी क्रम में स्वस्थ जीवन' की गारंटी के रूप में आज करावल नगर स्थित खजूरी क्षेत्र में एक आरोग्य मंदिर का लोकार्पण किया गया। अभी करावल नगर क्षेत्र में 5 और जगहों पर आरोग्य मंदिर जल्द ही दिल्ली सरकार स्थापित करने जा रही है, जिसके लिए जगह का चिन्हीकरण कर लिया गया है।



खबर संक्षेप

## होटल बुकिंग के नाम पर 12 लाख रुपए की ठगी




**फरीदाबाद।** होटल बुकिंग के नाम पर 12,72,103 रुपए की ठगी करने के मामले में साईबर थाना सेंट्रल की टीम ने आरोपी खाताधारक को गिरफ्तार कर लिया है। महिला ने साइबर थाना सेंट्रल में शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि वो गूगल पर लेजमोन ट्री होटल्स में ऑनलाइन कमरा बुकिंग के लिए खोज कर रही थी उसे कस्टमर केयर का नंबर मिला। शिकायतकर्ता ने यूपीआई के जरिये विभिन्न माध्यमों से रुपए मंगाए।

## मारपीट के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डिलीवरी बॉयज के साथ मारपीट करने के एक और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस मामले में पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। थाना पल्ला में सत्यम दूबे निवासी सूर्या विहार पार्ट 2 सेहतपुर ने दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि 7-8 जून की रात को वह मानवी प्लेस नया पुल पर डिलीवरी लेकर गया हुआ था। वहां पर उसका एक साथी विक्रांत खड़ा मिला।

## निवेश के नाम पर 25 लाख रुपए की धोखाधड़ी



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा साइबर अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी क्रम में आईपीओ में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी के एक मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने जिलराज बजरंगदास सोसाइटी वरतेज भावनगर गुजरात, भावेश भाई लांगडिया निवासी गांव आलानगर भावनगर गुजरात व दिव्यराज मनहर भाई लांगाबदरा निवासी नानीसाग मार्किट ढसां, जिला बोटाद, गुजरात को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-19, फरीदाबाद में रहने वाले एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में शिकायत दी।

# रैपिड एक्शन फोर्स का परिचय कार्यक्रम, ओल्ड फरीदाबाद, सेक्टर-17 व सूरजकुंड क्षेत्रों में किया फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आपातकालीन स्थिति या विषम परिस्थितियों के दौरान केंद्रीय सुरक्षा बल की टुकड़ियों को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किया जाता है। फोर्स को संबंधित क्षेत्र व वहां के नागरिकों के बारे में जितनी अधिक जानकारी होगी तो वहां पर कानून व्यवस्था को जल्द से जल्द नियंत्रित किया जा सकता है। जिस संबंध में पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता व केंद्रीय सुरक्षा बल की रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) बी-194 बटालियन के कमांडेंट किशोर कुमार के मार्गदर्शन में रैपिड एक्शन फोर्स की एक प्लाटून द्वारा फरीदाबाद शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 16 से 21 जून तक परिचय अभ्यास किया जायेगा, इस दौरान बल द्वारा फरीदाबाद के विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत फ्लैग मार्च व मोबाइल पेट्रोलिंग की जाएगी तथा क्षेत्र के गणमान्य लोगों व जनप्रतिनिधियों से बातचीत कर क्षेत्र के बारे में जानकारी प्राप्त की जाएगी।

**खास बातें**

- 16 से 21 जून तक परिचय अभ्यास किया जाएगा
- अभ्यास का उद्देश्य क्षेत्र के बारे में अच्छी तरह से परिचित होना
- फरीदाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में किया फ्लैग मार्च



**आपात स्थिति से निपटने के लिए स्थानीय पुलिस के साथ किया अभ्यास**

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 व 17 जून को सहायक कमांडेंट भीम सिंह मीणा के नेतृत्व में रैपिड एक्शन फोर्स बटालियन की प्लाटून द्वारा ओल्ड फरीदाबाद में थाना प्रभारी श्रीभगवान, थाना सेक्टर-17 कुलदीप सिंह, सूरजकुंड प्रहलाद व एनआईटी के क्षेत्राधिकार में फ्लैग मार्च व मोबाइल पेट्रोलिंग कर भौगोलिक परिस्थितियों का जायजा लिया तथा गणमान्य लोगों से परिचय कर क्षेत्र के बारे में जानकारी हासिल की। यह अभ्यास क्षेत्र में शांति, कानून व्यवस्था बनाए रखने व आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने तथा अपराधियों को कड़ा संदेश देने के लिए बेहद महत्वपूर्ण रहेगा। सहायक कमांडेंट मीणा ने कहा कि अभ्यास का उद्देश्य क्षेत्र के बारे में अच्छी तरह से परिचित होना तथा नागरिक व प्रशासन के बीच तालमेल बनाकर आमजन में विश्वास बनाये रखना है। भविष्य में भी स्थानीय पुलिस एवं आरएएफ के संयुक्त प्रयासों से इसी तरह अभ्यास आयोजित किये जाते रहेंगे। अभ्यास के दौरान रैपिड एक्शन फोर्स के निरीक्षक गजानंद यादव व अन्य कर्मचारियों सहित स्थानीय पुलिस के एसएचओ सहित पुलिस कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### तालाबों, झील एवं जल संरचनाओं का लिया भौतिक जायजा, ग्रामीणों से लिया फीडबैक

# जल शक्ति अभियान के तहत केंद्रीय टीम ने किया बड़खल क्षेत्र में जल संरक्षण कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा संचालित जल शक्ति अभियान 2025 (कैच द रेन) के अंतर्गत केंद्र से आई दो सदस्यीय उच्च स्तरीय टीम ने सोमवार की शाम बड़खल झील एवं मंगलवार को बड़खल के अन्य स्थानीय क्षेत्र में जल संरक्षण से संबंधित परियोजनाओं का भौतिक निरीक्षण किया। इस टीम का नेतृत्व खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के निदेशक पंकज कुमार ने किया। निरीक्षण के दौरान फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित मान, सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। टीम ने बड़खल झील सहित क्षेत्र के अन्य जल स्त्रोतों, तालाबों, वर्षा जल संचयन संरचनाओं एवं जल निकायों का मौके पर जाकर अवलोकन किया।

अधिकारियों द्वारा टीम को इन संरचनाओं की स्थितिए प्रगति, निर्माण कार्य, पुनर्विकास तथा रखरखाव संबंधी कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। टीम सदस्यों ने कहा कि सामूहिक भागीदारी और प्रशासनिक इच्छाशक्ति के माध्यम से जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जा सकता है। केन्द्रीय टीम ने बड़खल झील पर चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों और घाटों का भी निरीक्षण किया। टीम ने झील की साफ-सफाई, घाटों की स्थिति और पुनर्निर्माण के प्रयासों की सराहना की। इसके अतिरिक्त टीम ने परसोन मंदिर परिसर का अवलोकन करते हुए वहां स्थित प्राकृतिक जल स्त्रोतों का भी निरीक्षण किया और उनके संरक्षण की दिशा में उठाए गए कदमों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय टीम ने स्थानीय निवासियों से सीधा संवाद कर जल संरक्षण कार्यों को लेकर फीडबैक प्राप्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि इन संरचनाओं से भूजल स्तर में सकारात्मक सुधार देखने को मिला है। टीम ने नागरिकों से संरचनाओं के रखरखाव में सहभागिता निभाने और जल संचयन को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की। टीम सदस्यों ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचाने के लिए आज के सामूहिक प्रयास निर्णायक भूमिका निभाएंगे।



### उपायुक्त ने कहा- जलभराव की समस्या के स्थाई समाधान के लिए प्रशासन तत्पर

## विभिन्न क्षेत्रों में संचालित हुआ विशेष स्वच्छता अभियान

**फरीदाबाद।** मानसून पूर्व संभावित जलभराव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से जिला प्रशासन फरीदाबाद द्वारा व्यापक स्तर पर विशेष स्वच्छता एवं नाला सफाई अभियान सुचारु रूप से संचालित किया जा रहा है। उपायुक्त विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में मंगलवार को विश्वकर्मा सेतु, नीलम बाटा रोड, नवादा गांव सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में नालों की सफाई एवं जल निकासी बिंदुओं से अवरोध हटाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर जारी रहा। उपायुक्त विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मानसून के दौरान जलभराव की समस्या को न्यूनतम करने हेतु बहुस्तरीय रणनीति अपनाई गई है। इस रणनीति के अंतर्गत प्रमुख नालों की चरणबद्ध सफाई, पंपिंग स्टेशनों की क्षमता संवर्धन, जल निकासी तंत्र का सुदृढ़ीकरण तथा अतिक्रमण हटाने जैसी कार्यवाहियां सम्मिलित हैं। सभी कार्यों की निगरानी नगर निगम के पर्यवेक्षण में सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि कई पंपिंग स्टेशनों की दक्षता में वृद्धि की गई है तथा निष्क्रिय अथवा तकनीकी रूप से अक्षम पंपों का स्थानांतरण या प्रतिस्थापन किया जा चुका है, ताकि वर्षा की स्थिति में निर्बाध जल निकासी सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त ऐसे सभी स्थलों पर जहां अतिक्रमण जल निकासी को बाधित कर रहे हैं, विधिसम्मत हटाने की प्रक्रिया प्रगति पर है। प्रशासन द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी हेतु वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को क्षेत्रवार दायित्व सौंपे गए हैं, जिन्हें आवश्यकतानुसार त्वरित निर्णय लेने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। प्रमुख अंडरपास, व्यस्त सड़के एवं घनी आबादी वाले क्षेत्र विशेष सतर्कता के दायरे में लाए गए हैं। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जल निकासी संबंधी कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता को गंभीरता से लिया जाएगा तथा संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से भी सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि जल निकासी मार्गों में कचरा अथवा ठोस अपशिष्ट न फेंकें और यदि किसी स्थान पर जलभराव अथवा जल निकासी में अवरोध की स्थिति उत्पन्न हो तो तत्क्षण प्रशासन को अवगत कराएं।

### प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने वालों के खिलाफ

## निगम की सीलिंग कार्रवाई के चलते दो दिन में लगभग 43 लाख से ज्यादा की रिकवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



नगर निगम के सभी जोन में अभी तक कई संपत्तियों को सील किया गया है तो वही पेट्रोल पंप के साथ-साथ एक निजी अस्पताल और शराब के ठेके एवं सरकारी संस्थाओं ने भी सीलिंग की कार्रवाई के भय से अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराया है। इसी कड़ी में ओल्ड फरीदाबाद जोन में दो दिन में लगभग 44 लाख रुपए की रिकवरी बकाया धारकों से की गई है, इसके अलावा एनआईटी जोन वन में नेहरू ग्राउंड के अंदर चार यूनिटों को सील किया गया जिनके ऊपर लगभग 28 लाख रुपए की राशि बकाया थी। सभी क्षेत्रीय कर अधिकारी अपने अपने इलाके में प्रॉपर्टी टैक्स रिकवरी का कार्य कर रहे हैं। यह अभियान लगातार चल रहा है अधिकारियों की तरफ से सभी बकाया प्रॉपर्टी टैक्स धारकों को बार-बार अपील भी की जा रही है कि वह समय के अनुसार अपना बकाया टैक्स जमा कराएं अन्यथा उचित कार्रवाई विभाग द्वारा की जाएगी।

निगम आयुक्त ने धीरेंद्र खड़गटा के दिशा निर्देशों पर क्षेत्रीय कर अधिकारी मुख्यालय विकास कन्हैया ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम को प्राप्त होने वाला टैक्स शहर के विकास में लगाया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि सभी अपना टैक्स समय पर नगर निगम में जमा कराए ओर शहर के विकास में भागीदार बनें।

### आरोपी को न्यायालय में पेशकर भेजा जेल

## क्रेडिट कार्ड ठगी मामले में बल्लभगढ़ की टीम ने आरोपी को दबोचा



**फरीदाबाद।** क्रेडिट कार्ड रिवॉर्ड पॉइंट्स रिडीम करने के नाम पर ठगी करने के मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने आरोपी मौसिम खान निवासी संगम विहार दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ़ में भाटिया कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास एक व्यक्ति का कॉल आया, जिसने अपने आप को कथित एसबीआई हेड डिपार्टमेंट का कर्मचारी बताया तथा शिकायतकर्ता के वाट्सअप नंबर पर अपनी आईडी भेजी। उसने कहा कि अपने क्रेडिट कार्ड रिवॉर्ड पॉइंट्स रिडीम नहीं किये हैं तथा रिडीम करने का तरीका बताया। सारी जानकारी भरते ही शिकायतकर्ता के क्रेडिट कार्ड से कुल 1,53,332 रुपए कट गए।

# विवाह पंजीकरण करने वाले अवैध आर्य समाज मंदिरों पर सख्त कार्रवाई करेगा आयोग: अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

**अध्यक्ष ने जन सुनवाई में 18 मामलों की सुनवाई की**



हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने मंगलवार को फरीदाबाद के सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय में महिलाओं से संबंधित शिकायतों की जन सुनवाई आयोजित की। जन सुनवाई में पहले से दर्ज 18 मामलों के साथ-साथ 3 नए मामलों की भी सुनवाई की गई।

श्रीमती भाटिया ने बताया कि आयोग द्वारा की गई जन सुनवाई में ज्यादातर मामले घरेलू हिंसा, वरिष्ठ महिला नागरिकों, तलाक से संबंधित सामने आए। तलाक से संबंधित मामलों के लिए आईओ को काउंसलिंग कर आपसी सहमति से समाधान के लिए निर्देश दिए तथा शेष मामलों पर आयोग द्वारा नियमानुसार जल्द कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं।

हरियाणा महिला आयोग प्रदेशभर में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, उनके शोषण की रोकथाम और न्याय दिलाने के लिए पूरी सजगता से कार्य कर रहा है। उन्होंने दोहराया कि महिला आयोग पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ हर मामले की जांच करता है और शिकायतकर्ताओं को न्याय दिलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाता है। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा दिल्ली स्थित आर्य समाज के मुख्य कार्यालय को पत्र लिखा जा रहा है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वर्तमान में वैध रूप से कौन-कौन से आर्य समाज मंदिर विवाह पंजीकरण कर रहे हैं। आयोग को संदेह है कि कुछ स्थानों पर आर्य समाज के नाम पर फर्जी विवाह पंजीकरण केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। सत्यापन उपरांत ऐसे फर्जी केंद्रों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## देशी कट्टा उपलब्ध करवाने वाला आरोपी पकड़ाया



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर.85 की टीम ने देशी कट्टा उपलब्ध करवाने वाले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 अप्रैल 2024 को सोनू निवासी कासगंज उत्तर प्रदेश को क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 की टीम ने देसी कट्टे सहित गिरफ्तार किया था जिस संबंध में थाना पल्ला में मामला दर्ज किया गया था। सोनू ने पूछताछ में संजय निवासी अलीगढ़ उत्तर प्रदेश से देसी कट्टा लेना बताया था। जिस पर क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 की टीम ने कार्रवाई करते हुए संजय को गिरफ्तार किया था, आरोपी संजय ने पूछताछ में यह देसी कट्टा हेतमपाल निवासी गांव वीरपुरा जिला अलीगढ़ यूपी के पास से लेकर आना बताया था।

### फरीदाबाद में एकजुटता प्रदर्शन कर जनसभा का आयोजन किया

# जन संगठनों ने फिलीस्तीनी जनता के समर्थन में बीके चौक पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

**सरकार से इजराइल को सैन्य व सुरक्षा सहयोग देने पर रोक लगाने की मांग की**

शांति न्याय और इंसानियत की हिमायत में तथा इजराइल के द्वारा फिलिस्तीन में किए जा रहे जनसंहारक युद्ध के खिलाफ और फिलीस्तीनी जनता के समर्थन में मंगलवार को फरीदाबाद में एकजुटता प्रदर्शन की कार्रवाई की गई। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न जन संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता बीके नगर निगम चौक पर एकत्रित हुए। यहां पर एक जन सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता एटक के विशंभर सिंह, सीटू के निरंतर पराशर और सर्व कर्मचारी संघ के करतार सिंह जागलान ने संयुक्त रूप से की। संचालन वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने किया। सभा को सर्व कर्मचारी संघ के वरिष्ठ उप प्रधान और नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य के अध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मानवता के लिए युद्ध से विनाश होता है। इजराइल ने फिलिस्तीन में बर्बरतापूर्वक गोलीबारी करके हजारों मासूम बच्चों महिलाओं बुजुर्गों को मौत के घाट उतार दिया।

इस सभा को एटक के वरिष्ठ नेता कामरेड बेचू गिरी और कामरेड आरएन सिंह ने भी संबोधित किया। दोनों नेताओं ने बताया कि इजराइल अमेरिकी साम्राज्यवाद के ईशारे पर फिलिस्तीन को बर्बाद करने पर लगा हुआ है। अब तक 55000 बच्चें, महिलाओं और बुजुर्गों को निशाना बनाया गया है। वहां के अस्पतालों, आश्रयलयों, सार्वजनिक स्थानों जहां पर आम जन मानस ठहरता है। वहीं पर इजराइल गोलीबारी करके लोगों को मौत के घाट उतार देता है। उन्होंने भारत सरकार से इजराइल को सैन्य एवं सुरक्षा सहयोग देने पर रोक लगाने की मांग की और फिलिस्तीन की आजादी और उसके न्याय के पक्ष में खड़े होने का आह्वान किया।

**आयोजन ये लोग शामिल हुए**

इस प्रदर्शन में नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य के उपमहासचिव सुनील चिंडालिया, सीटू के विजय झा, अनिल सेक्टर-3, सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव युद्ध वीर सिंह खत्री, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के उप महासचिव देवीराम, राजू लोहट, जिला सचिव, कोषाध्यक्ष दिनेश पाली, विनीत कुमार, उपप्रधान बलवीर सिंह बालगुहेर, देवी सिंह अत्री, राजकुमार, राकेश, जिला प्रधान दिलीप बोहत, सचिव अनिल चिंडालिया, अनूप चिंडालिया आदि।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC/84BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इकराम पुत्र मोहम्मद साकिर निवासी एफ-35, गली नंबर 12, जगत पुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 88/2020, U/S 457/380/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना जगत पुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इकराम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इकराम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 88/2020, U/S 457/380/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना जगत पुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **इकराम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री आयुषी सक्सेना**
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी-05,
द्वितीय तल, कमरा नं. 07, शाहदरा जिला,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/7743/SHD/2025(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक पुत्र कृष्ण निवासी:** आरजेड-245, बी/3, द्वारका पुरी, विजय एनक्लेव, नई दिल्ली ने **FIR No. 352/15 U/s 498A/406/34 IPC. थाना: डाबड़ी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दीपक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दीपक** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 352/15 U/s 498A/406/34 IPC. थाना: डाबड़ी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**वैशाली सिंह**
जेएमएफसी, महिला कोर्ट-5, कमरा नं. 310
(दक्षिण-पूर्व), द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

**DP/7724/DW/2025**
**(Court Matter)**

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम गुरूग्राम | वार्ड 24, एमसीजी के तहत सेक्टर-45, कन्हाई में बकेट मशीन का उपयोग करके सीवर लाइन की सफाई / गाद निकालने का आकलन + 12 कार्य। | 14.06.2025 23.06.2025 | 3.52 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9996702244 ee4@mcg.gov.in |
| 2 | नगर निगम गुरूग्राम | एमसीजी के तहत सेक्टर-27, 42 और 43, वार्ड नं. 22, डिवीजन 4ए में स्टॉर्म वाटर ड्रेन्स की सफाई और गाद निकालने हेतु आकलन + 2 कार्य। | 15.06.2025 23.06.2025 | 82.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996702244 ee4@mcg.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/35684/1/88/7 दि. 17.06.25

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

डी.डी न. 08 दिनांक 13.06.25 धारा 194 BNSS थाना सदर जिला रोहतक।

अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे



नाम - नामालूम
पिता/पति का नाम नामालूम
पता- नामालूम।
उम्र लगभग 50 वर्ष।
कद- लगभग 5 फुट 6 इंच।
हुलिया- रंग सांवला, गोल चेहरा, चेहरे पर हल्की दाढी है
पहनावा- आसमानी रंग का पजामा व नीचे स्लेटी रंग की कैपरी पहने हुए।

JLN नहर रिठाल फौगाट में मिली दिनांक 13.06.25 को एक नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश है। जिसकी मौत पानी में डूबने के कारण होनी बयान हुई है। जो नाश गली सडी अवस्था में मिली है। जिसके परिजनो का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। थाना सदर रोहतक द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतू 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और उचित इनाम से सम्मानित किया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सदर रोहतक 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सदर रोहतक - 9467309684

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 168 दिनांक 24.04.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी रोहतक।**

गुमशुदा की पहचान बारे



नाम - चिराग
पिता/पति- पुत्र संजय
पता - निवासी अमृत कालोनी रोहतक
उम्र- 5 वर्ष
कद- 3 फुट।
हुलिया - रंग गेंहुआ, गोल चेहरा।
पहनावा - लाल रंग की टी शर्ट, काले रंग की निक्कर व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए।

दिनांक 24.04.25 को चिराग पुत्र संजय निवासी अमृत कालोनी रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर यदि सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 8295268100

पीआरडीएच-1084/11/3527/2026/35679/88/7 दि. 17.06.25

**खबर संक्षेप**

### इजरायल में बंकर में दिन-रात गुजार रहे मृत्युंजय

**अमरोहा।** इजरायल-ईरान युद्ध के बीच मृत्युजंय कृष्णात्रे बंकर में रहकर दिन-रात गुजार रहे हैं। फोन



पर बात तो होती है, लेकिन एकाध मिनट। सुरक्षा कारणों से वहां से वह बात नहीं कर पा रहे हैं। स्वजन बेटे की सलामती की प्रार्थना कर रहे हैं। पूर्व विधायक स्व. रामकुमार वैद्य के भाई राजकुमार कृष्णात्रे के दो बेटे हैं। संजय कृष्णात्रे और मृत्युंजय कृष्णात्रे। 25 साल पहले मृत्युंजय नौकरी करने इजरायल चले गए थे।

### एमएसटी से किराए में मिलेगी छात्रों को विशेष छूट

**मथुरा** रोडवेज बसों में अब स्मार्ट एमएसटी कार्ड बनेंगे। इससे यात्रियों, खासतौर पर छात्र-



छात्राओं का सफर आसान हो सकेगा। वह आसानी से कार्ड रिचार्ज कर कम दामों में यात्रा कर सकेंगे। रोडवेज के अधिकारियों ने बताया कि जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर के दायरे में छात्रों को इस छूट का लाभ मिलेगा।उन्होंने बताया कि छात्र से एमएसटी पर 25 यात्राओं का किराया लिया जाएगा।

### बिहार में 6 नए एयरपोर्ट के लिए 25-25 करोड़ मंजूर

**पटना।** बिहार में चुनावी साल में सरकार 6 एयरपोर्ट शुरू करने की कवायद में जुट गई है। सीएम की



अध्यक्षता में हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में 6 शहरों में छोटे हवाई अड्डों के निर्माण के लिए एएआई से एमओयू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। ये एयरपोर्ट मधुबनी,वीरपुर, मुंगेर,मुजफ्फरपुर, वाल्मीकिनगर, सहरसा में बनेंगे। नीतीश कैबिनेट ने कुल 150 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है।

# काशी विश्वनाथ मंदिर में अब ऑडियो गाइड, योगी ने किया शुभारंभ

काशी विश्वनाथ मंदिर और कॉरिडोर में स्थित अन्य मंदिरों के बारे में जानकारी अब ऑडियो गाइड से ले सकते हैं। इसका शुभारंभ वाराणसी पहुंचे सीएम योगी ने किया।

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

**मोबाइल पर हर जानकारी**

काशी विश्वनाथ मंदिर में अब ऑडियो गाइड की सुविधा भी शुरू हो गई है। वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्वनाथ धाम में इस नई सुविधा का शुभारंभ किया। इस ऑडियो गाइड से आम लोग बाबा विश्वनाथ के गर्भगृह के साथ ही यहां के 23 मंदिरों के बारे में विस्तार से जानकारी ले सकते हैं। इसका इस्तेमाल करने के लिए श्रद्धालुओं को बस अपने मोबाइल का कैमरा ऑन करके बारकोड को स्कैन करना है। इसके बाद ऑडियो आपको उस मंदिर के बारे में पूरी जानकारी देने लगेगा। नई सुविधा का शुभारंभ करते हुए सीएम योगी ने भी टैबलेट से बारकोड को स्कैन किया और मंदिर की जानकारी को सुना। उन्होंने कहा कि यह सुविधा अच्छी है आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर के बारे में सही और ठीक जानकारी मिलेगी।

### इस सुविधा का श्रद्धालु उठा सकते हैं लाभ

मंदिर के सीईओ विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि इस सुविधा का लाभ धाम आने वाले श्रद्धालु उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसमें मंदिर परिषद में स्थित मंदिरों की जानकारी के साथ-साथ काशी का मैप, धाम में आयोजित होने वाले आयोजनों की तिथि, लॉकर, पार्किंग और दान के ऑप्शन दिए गए हैं श्रद्धालु एक ही एप पर हर सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी के कोतवाल काल भैरव और काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में षोडशोपचार पूजन कर लोक कल्याण की कामना की।



### विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा के बाद मोहनसराय-कैंट के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण तथा वाराणसी-प्रयागराज रेल खण्ड पर हरदत्तपुर-राजातालाब के मध्य सम्पार सं0 10ए/स्पेशल किमी0 219/8-9 में मोहनसराय-अदलपुरा मार्ग पर 4222.20 लाख की लागत से बन रहे रेल उपरिगामी सेतु का भी स्थलीय निरीक्षण किया। मोहनसराय दीनदयाल उपाध्याय नगर चकिया मार्ग के मध्य सर्विस लेन के साथ 6 लेन तथा मोहनसराय से कैंट तक 4 लेन का 41253.32 लाख की लागत से 11.80 किमी. लम्बाई के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य लगभग 89 फीसदी पूर्ण हो चुके इस कार्य को युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर इसी साल अगस्त तक कार्य पूर्ण कराए जाने हेतु पीडब्ल्यूडी के अभियंताओं को निर्देशित किया।

## योगी सरकार का महिला सुरक्षा का वादा देश के लिए बना रोल मॉडल

# उत्तर प्रदेश ने फिर महिला संबंधी अपराधों के निस्तारण में बाजी मारी

योगी सरकार की महिला सुरक्षा नीति ने उत्तर प्रदेश को यौन उत्पीड़न मामलों के निपटारे में देश में प्रथम स्थान दिलाया है। आईटीएसएसओ रिपोर्ट के अनुसार, यूपी का निस्तारण रेश्यो 98.60% है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

योगी सरकार के महिला सुरक्षा का वादा देश में एक रोल मॉडल के तौर पर उभरा है। इसकी तस्दीक भारत सरकार के इंवेस्टिगेशन ट्रैकिंग सिस्टम फॉर सेक्सुअल अफेंस (आईटीएसएसओ) की जून माह की रिपोर्ट कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश ने केंद्र शासित राज्यों को छोड़कर बड़े राज्यों में महिला संबंधी यौन उत्पीड़न के मामलों के निपटारे में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं योगी सरकार यौन उत्पीड़न संबंधी मामलों के कॉम्प्लाएंस रेश्यो में भी बड़े राज्यों में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही पूरे देश में उत्तर प्रदेश में यौन उत्पीड़न संबंधी मामलों में पेंडेंसी सबसे कम है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों के यौन उत्पीड़न संबंधी मामलों की पेंडेंसी को जीरो करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार पिछले कई वर्षों से महिला संबंधी अपराधों के डिस्पोजल रेट, कंप्लायंस रेट में पहले स्थान पर बना हुआ है।

**खास बातें**

- उत्तर प्रदेश यौन उत्पीड़न मामलों के निपटारे में पहले स्थान पर है
- महिला सुरक्षा नीति में यूपी का निस्तारण रेश्यो 98 .60 प्रतिशत है

### 21 अप्रैल 2018 से 3 जून-2025 तक की रिपोर्ट

महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की नोडल पद्मजा चौहान ने बताया कि बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी का नतीजा है कि भारत सरकार के इंवेस्टिगेशन ट्रैकिंग सिस्टम फॉर सेक्सुअल अफेंस की 21 अप्रैल 2018 से 3 जून-2025 तक



की रिपोर्ट के अनुसार यूपी में महिलाओं और बच्चियों से संबंधित अपराधों के निस्तारण में देश भर के राज्यों में पहले स्थान पर है। प्रदेश का निस्तारण रेश्यो 98.60% है। इस दौरान उत्तर प्रदेश में कुल 1,22,130 एफआईआर दर्ज की गई। वहीं केंद्र शासित राज्यों में दादरा और नगर हवेली व दमन एवं दीव 98.80 % के साथ पहले स्थान पर है। वहीं अगर देश के बड़े राज्यों की बात करें तो महिलाओं और बच्चियों से संबंधित अपराधों के निस्तारण में उत्तर प्रदेश पहले, दिल्ली 97.60 प्रतिशत के साथ दूसरे और हरियाणा 97.20 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है जबकि वर्ष 2018 में उत्तर प्रदेश इस रैंकिंग में सातवें स्थान पर था। उस समय मामलों के निस्तारण की दर 95 % थी।

### पूरे देश में सबसे कम उत्तर प्रदेश का है पेंडेंसी रेट

पद्मजा चौहान ने बताया कि यूपी में पेंडेंसी रेट केवल 0.20% है, जो इसे देश में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला राज्य बनाता है। वहीं मणिपुर, तमिलनाडु, बिहार का पेंडेंसी रेट काफी अधिक है जबकि वर्ष 2018 में इस रैंकिंग में प्रदेश सातवें स्थान पर था। यह उपलब्धि योगी सरकार की नेतृत्व क्षमता और महिला सुरक्षा के प्रति सख्त नीति को दर्शाती है। महिला संबंधी मामलों के निस्तारण के लिए डब्ल्यूसीएसओ द्वारा हर महीने समीक्षा की जाती है।

### जिलों और कमिश्नरेट स्तर पर निगरानी

जिलों व कमिश्नरेट स्तर पर एएसपी रैंक के अधिकारी द्वारा पॉक्सो मामलों की कड़ी निगरानी, लंबित मामलों पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नियमित फॉलोअप, दो माह से अधिक लंबित केस वाले आईओ को मुख्यालय बुलाकर व्यक्तिगत समीक्षा, आईओ के लिए नियमित ट्रेनिंग और कानूनी कार्यशालाओं का आयोजन, समय पर जांच पूरी करने वाले अधिकारियों को प्रशंसा पत्र और लापरवाही बरतने वाले आईओ के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाती है।

## नीतीश सरकार बनाई पांच सदस्यीय समिति

# बिहार में लागू हो सकती यूनिफाइड पेंशन स्कीम

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के



संदर्भ में निर्णय लेने के लिए वित्त विभाग ने पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। विशेष सचिव मुकेश कुमार लाल की अध्यक्षता वाली यह समिति केंद्र सहित और दूसरे राज्यों में लागू यूपीएस का अध्ययन करके दो माह के भीतर अपनी रिपोर्ट वित्त विभाग को सौंपगी। उसके बाद बिहार में इसे लागू करने पर अंतिम निर्णय होगा। अगर सरकार इसके पक्ष में निर्णय लेती है तो बिहार के सरकारी सेवकों के लिए केंद्र की तरह नई पेंशन योजना (एनपीएस) का एक विकल्प यूपीएस भी होगा। केंद्र में इस वर्ष एक अप्रैल से यूपीएस प्रभावी हो चुका है। उसके बाद केंद्र सरकार ने राज्यों से इसे लागू करने का आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि पेंशन योजना के मामले में बिहार देर-सबेर

### समिति का स्वरूप

अध्यक्षता विशेष सचिव मुकेश कुमार लाल करेंगे। संयुक्त आयुक्त अजय कुमार ठाकुर और ब्रजेश कुमार तथा वरीय कोषागार अधिकारी नील कमल और प्रेम पुष्प कुमार समिति के सदस्य बनाए गए हैं।

### अंतर और विशेषता

एनपीएस की तुलना में यूपीएस में जोखिम कम है। वर्तमान आर्थिकी बताती है कि जहां ज्यादा जोखिम है, वहां रिटर्न की संभावना भी अधिक होती है। हालांकि, वह तयशुदा नहीं होती। जैसे कि यूपीएस में तयशुदा पेंशन की गारंटी है। एनपीएस मार्केट से जुड़ा हुआ है, जिसमें रिटर्न शेयर बाजार और बांड के प्रदर्शन पर निर्भर है।

### यूपीएस में न्यूनतम 10 हजार मासिक पेंशन की गारंटी

एनपीएस में पेंशन निवेश पर निर्भर करती है, जबकि यूपीएस में न्यूनतम 10 हजार रुपए मासिक पेंशन की गारंटी है। कम से कम 25 वर्ष साल की सेवा पूरी करने वाले सरकारी सेवकों को सेवानिवृत्ति से पहले के अंतिम 12 महीनों के औसत मूल वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर गारंटीकृत पेंशन मिलेगी।

**बिजनेस न्यूज**

### ईरान में बढ़ते तनाव...

के साथ दूतावास से संपर्क करें। भारतीय अधिकारियों ने बताया कि निकासी के लिए समुद्री मार्ग से दक्षिण बंदर अब्बास या उत्तरी सीमा पर आर्मेनिया के रास्ते के विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। तेहरान में भारतीयों की कुल अनुमानित संख्या 10 हजार है। जिनमें से ज्यादातर छात्र हैं। गूगल फॉर्म के जरिए छात्रों ने अपना पंजीकरण करना शुरू कर दिया है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बातचीत कर ईरान में फंसे हुए कश्मीरी छात्रों, पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की सुरक्षित स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने की मांग की है।

**इजरायली हमले में मारे गए 224 लोग :** ईरान-इजरायल की जंग मंगलवार को पांचवें दिन में प्रवेश कर गई है। दोनों देशों ने एक-दूसरे के खिलाफ अपने हमलों (मिसाइल) की रफ्तार बढ़ा दी है। इजरायल के हमलों से ईरान में अब तक कुल करीब 224 लोग मारे जा चुके हैं। जबकि कई लोग बड़ी तादाद में घायल हुए हैं। ईरान में मारे गए लोगों में उसके टॉप के सैन्य कमांडर, परमाणु वैज्ञानिक शामिल हैं। इजरायल का कहना है कि उसके इलाके में ईरान के हमले की वजह से करीब दो दर्जन लोगों की मौत हुई है। जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, इन सबके बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कनाडा के कनानसकीस में आयोजित किए जा रहे जी-7 शिखर सम्मेलन के समापन से पहले ही अपने देश वापस लौट गए। जी-7 से ट्रंप की वापसी इस बात का भी संकेत दे रही है अमेरिका इजरायल और ईरान युद्ध में शामिल हो सकता है।

### ट्रंप के बयान से मचा...

ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना होगा। ट्रंप की इस सार्वजनिक घोषणा के बाद से ही तेहरान में तनाव और अस्थिरता चरम पर जा पहुंची है।

### विदेश मंत्रालय के संपर्क...

एक चौबीसों घंटे निगरानी वाला एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया है। भारत ने युद्ध को लेकर अपना पक्ष साफ करते हुए बीते दिनों इजरायल और ईरान दोनों से तनाव बढ़ाने वाली किसी भी कार्रवाई से बचते हुए संयम बरतने की अपील की, बातचीत और कूटनीति के जरिए समस्या का समाधान निकालने पर जोर दिया है।

### अहमदाबाद-लंदन...

समय शाम 6.25 बजे बताया गया। बीते दो दिन में तीन बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान में तकनीकी समस्या देखी गई। पहले एयर इंडिया एआई 315 (हांगकांग से दिल्ली) तकनीकी खराबी के कारण बीच उड़ान में ही लौट आया। इसके बाद सैन फ्रांसिस्को से मुंबई आ रही फ्लाइट को कोलकाता में ही ठहरना पड़ा और अहमदाबाद-लंदन की फ्लाइट को रद्द करना पड़ा है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि 17 जून को दिल्ली से पेरिस जाने वाली फ्लाइट एआई143 को रद्द कर दिया गया है। उड़ान से पहले की अनिवार्य जांच में एक समस्या सामने आई है, जिसे अभी ठीक किया जा रहा है। हालांकि, पेरिस चार्ल्स डी गॉल (सीडीजी) हवाई अड्डे पर रात के संचालन पर प्रतिबंध के तहत आने वाली उड़ान को देखते हुए उड़ान को रद्द कर दिया गया है। हम होटल में ठहरने की व्यवस्था कर रहे हैं और यात्रियों को विकल्प की पेशकश भी कर रहे हैं। परिणामस्वरूप 17 जून, 2025 को पेरिस से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट एआई 142 भी रद्द कर दी गई है।

**इंडिगो विमान की नागपुर में इमरजेंसी लैंडिंग :** नागपुर। कोच्चि से दिल्ली जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट में मंगलवार को बम की धमकी से हड़कंप मच गया। सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के चलते विमान की नागपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई, जहां सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और विमान की जांच की गई। मंगलवार सुबह 9:20 बजे कोच्चि से दिल्ली जाने वाली इंडिगो फ्लाइट संख्या 6ई 2706 में बम की धमकी मिली थी, जिसके बाद उसे नागपुर एयरपोर्ट पर उतारा गया। तय प्रोटोकॉल के तहत तुरंत आपात बैठक बुलाई गई, जिसमें यह पुष्टि हुई कि धमकी गंभीर थी क्योंकि उसमें फ्लाइट का नंबर तक स्पष्ट तौर पर दिया गया था। उस समय तक फ्लाइट कोच्चि से उड़ान भर चुकी थी, जिसे सुरक्षा कारणों से नागपुर एयरपोर्ट की ओर मोड़ दिया गया फिलहाल विमान और यात्रियों की जांच जारी है।

**अहमदाबाद से लंदन की फ्लाइट में भी बाधा :** मंगलवार दोपहर अहमदाबाद से लंदन के लिए रवाना होने वाली एअर इंडिया की उड़ान को परिचालन संबंधी मुद्दों के कारण रद्द कर दिया गया है। अहमदाबाद से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे के लिए एआई-159 की उड़ान रद्द कर दी गई है। विमान को सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से तय समय से देरी से दोपहर तीन बजे रवाना होना था। एयर इंडिया ने कहा कि अहमदाबाद से गैटविक के लिए उड़ान संख्या एआई 159 को विमान की अनुपलब्धता के कारण रद्द कर दिया गया है। इसकी वजह हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों और अतिरिक्त ऐहतियाती जांच है। हम होटल में ठहरने की व्यवस्था कर रहे हैं और यात्रियों की ओर से विकल्प चुनने पर रद्दीकरण या पूर्ण धन वापसी की पेशकश भी कर रहे हैं।

### कृषि से लेकर प्रौद्योगिकी और...

केंद्रीय क्षेत्रों तक ही सीमित न रखने बल्कि बाह्य और दूरदराज के क्षेत्रों, विशेष रूप से पूर्वोत्तर राज्यों जहां अपार अप्रयुक्त क्षमता है, में सक्रिय रूप से विस्तारित करने के महत्व को दोहराया। केन्द्रीय मंत्री ने क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता रेखांकित की और पर्यटन तथा फिल्म निर्माण के साथ-साथ कृषि और संबद्ध क्षेत्रों की सतत विकास के लिए प्रमुख फोकस क्षेत्रों के रूप में पहचान की। वोखा जिले की प्रशंसा करते हुए उन्होंने केले की खेती के साथ वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना के तहत इसकी सफलता का उल्लेख किया, जिसने क्षेत्र को राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा, इस मॉडल को बड़े व्यावसायिक स्तर पर बढ़ाया जा सकता है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र की अनूठी शक्ति उभरकर सामने आएगी। उन्होंने बताया कि प्रमुख सरकारी योजनाओं के लिए 15 दिवसीय राष्ट्रव्यापी परिपूर्णता अभियान आरंभ किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य अधिकतम पहुंच और समावेशन अर्जित करना है। पिछले दशक के रूपांतरकारी बदलावों पर विचार करते हुए, उन्होंने बताया कि नागालैंड और मणिपुर के युवा अब सक्रिय रूप से विमानन और आतिथ्य उद्योगों में भर्ती हो रहे हैं, जो पहले अकल्पनीय था। उन्होंने भावुक होकर कहा, "वास्तव में, अहमदाबाद में हाल ही में हुए दुखद हवाई दुर्घटना में मणिपुर की दो युवा लड़कियां भी शामिल थीं - यह इस बात की याद दिलाता है कि यह क्षेत्र कितनी दूर तक पहुंच गया है। बैठक में नागालैंड के विधायक डॉ. चुम्बेन मुरी, मुख्यमंत्री के सलाहकार तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय तथा भारतीय सर्वेक्षण विभाग के अंतर्गत आने वाले प्रमुख वैज्ञानिक संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### सोनम फिर बोली- मार...

मारने के लिए कातिलों को उकसाते हुए कहा था कि मारो इसे। यही नहीं, लाश कातिलों के संग मिलकर खाई में फेंकी थी। पहले दिन की पुलिस कस्टडी में सोनम, राज कुशवाह समेत पांचों आरोपियों से पूछताछ के बाद शिलांग एसपी विवेक स्येम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलासे किए थे।

**सोनम का परिवार भी जांच के दायरे में:** मेघालय के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) इदाशीशा नोंगरांग ने कहा कि सोहरा में इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या की जांच कर रहे जांच अधिकारी प्रेम त्रिकोण को एकमात्र मकसद नहीं मान रहे हैं और वे विभिन्न अन्य पहलुओं को भी ध्यान में रखकर जांच कर रहे हैं। हम जांच कर रहे हैं कि क्या इस मामले में कुछ और भी पहलू हो सकते हैं। सोनम के परिवार को भी जांच के दायरे में लाया जा सकता है।

**सोनम रघुवंशी का एनकाउंटर कर दो :** मेघालय पुलिस की जांच से राजा रघुवंशी के दोनो भाई संतुष्ट दिखे। बड़े भाई विपिन और सचिन ने कहा कि अगर उनका सोनम रघुवंशी से सामना हुआ तो वो पूछेंगे कि तुमने सोनम तो मारा क्यों? सचिन रघुवंशी ने तो सोनम के लिए आजीवन कारावास की मांग की है। वहीं विपिन ने साथ ही सोनम रघुवंशी के एनकाउंटर करने की मांग कर डाली। राजा के भाई विपिन ने मेघालय पुलिस से सीधी मांग करते हुए कहा कि ये लोग अभी जेल जाएंगे,फिर पेरोल पर छोड़ेंगे,इससे अच्छा एनकाउंटर करो,खत्म करो सीधा।

### राहुल गांधी के जन्मदिन...

था, लेकिन खुद सरकारी आंकड़े बता रहे हैं कि देश में पिछले 40-50 सालों में बेरोजगारी अब सबसे अधिक है। बेरोजगारी के मुद्दे को सबसे अधिक प्रमुखता से राहुल गांधी ने सड़क से लेकर संसद तक लगातार उठाया है और वे भारत के बेरोजगार युवाओं की मुखर आवाज बने हैं।

## बीपीएमएस का 28 वां निःशुल्क नेत्र एवं चिकित्सा शिविर आज

# बुजुर्गों और जरूरतमंदों की पीड़ा को हमेशा महसूस किया: राजेश चेतन

**नई दिल्ली।** भिवानी परिवार मैत्री संघ का 28 वां नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद का लेंस वाला निःशुल्क आप्रेशन एवं मेडिकल कैंप 18 जून बुधवार को श्रीमती कमला देवी एवं श्री एमसी गुप्ता जी के सहयोग से आयोजित किया जाएगा।



रोहतक गेट के पास स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में निःशुल्क नेत्र व मेडिकल कैंप सुबह नौ बजे शुरू हो जाएगा जो दोपहर एक बजे तक चलेगा।भिवानी परिवार मैत्री संघ के अध्यक्ष व अंतराष्ट्रीय कवि राजेश चेतन ने शिविर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हमें परिवार के बुजुर्गों की पीड़ा समझनी है जो धनाभाव के कारण अपनी बीमारी को या तो छिपा लेते हैं, या फिर इलाज करवाने से मना कर देते हैं। दुर्भाग्य से कुछ मामले ऐसे भी सामने आते हैं जब बुजुर्ग को बोझ समझ कर परिजन इलाज करवाने से हाथ खड़े कर देते हैं। बीपीएमएस ने ऐसे बुजुर्गों के दर्द को हमेशा महसूस करके उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क प्रदान करना अपना कर्तव्य माना। इसके अलावा अन्य गरीब व जरूरतमंद मरीजों की निःशुल्क सेवा के लिए बीपीएमएस चौबीसों घंटे तैयार रहता है। राजेश चेतन ने बताया कि शिविर में मरीजों की नेत्र जांच के बाद चिकित्सकों के परामर्श पर लेंस प्रत्यारोपण संस्था की ओर से बिल्कुल निःशुल्क करवाया जाता है। यहीं नहीं, नेत्र आपरेशन के लिए मरीजों को भिवानी से गुरुग्राम अस्पताल तक ले जाने और वापस लाने का खर्च भी बीपीएमएस की ओर से वहन किया जाएगा। 15 दिन की दवा एवं चश्मे भी फ्री दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मेडिकल जांच राजीव गांधी कैंसर अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक करेंगे और अरुणोदया डेसेरेट आई हास्पिटल(एडीईएच), गुरुग्राम के दक्ष डाक्टर नेत्र जांच व आपरेशन करेंगे। कैंसर डिटेक्ट करने के लिए आशंकित मरीजों की निःशुल्क स्क्रीनिंग भी करवाई जाएगी। यदि किसी मरीज को कैंसर डिटेक्ट हुआ तो दिल्ली स्थित राजीव गांधी कैंसर अस्पताल में संस्था की ओर से इलाज करवाया जाएगा।

## झारखंड में सोनम-राजा रघुवंशी जैसा मामला

# शादी के 36 दिन बाद ही पति को मार डाला, काबू

एजेंसी ▶▶ गढ़वा

झारखंड के गढ़वा सोनम-राजा रघुवंशी जैसा मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने शादी के 36 दिन के बाद ही पति की हत्या कर दी। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 साल की महिला ने अपने पति को जहर देकर उसकी हत्या कर दी। इस वारदात को शादी के 36 दिनों के भीतर ही अंजाम दिया गया। महिला की पहचान 22 साल की सुनीता के तौर पर हुई है और उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं पीड़ित पति की पहचान बुद्धनाथ सिंह के तौर पर हुई है।

मामला तब सामने आया जब महिला की सास राजमाता देवी ने अपनी बहू पर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया। दरअसल



सुनीता और बुद्धनाथ की शादी 11 मई को छत्तीसगढ़ के रामचंद्रपुर में हुई थी। शादी के एक दिन बाद ही सुनीता अपने मायके चली गई और उसने कहा कि मुझे बुद्धनाथ बिल्कुल पसंद नहीं है और मैं उसके साथ नहीं रहूंगी।

इसके बाद दोनों परिवारवालों ने शादी को बचाने की कोशिश की। 5 जून को पंचायत भी बैठी जिसके बाद सुनीता ससुराल वापस लौट गई।आरोप है कि 15 जून की रात सुनीता ने अपने पति के खाने में कीटनाशक मिला दिया। अगली सुबह बुधनाथ की मौत हो गई।

## नेपाल सीमा से सटे कई गांवों में..

# 5 साल में 3000 का धर्मांतरण, कराई जा रही घर वापसी

एजेंसी ▶▶ पीलीभीत

जिले में नेपाल बॉर्डर से सटे गांवों के ग्रामीणों की कमजोर आर्थिक स्थिति, अशिक्षा और अंधविश्वास का फायदा ईसाई मिशनरियों ने उठाया। रुपये, सरकारी योजनाओं का लाभ और प्रार्थना से बीमारी से निजात दिलाने का झांसा देकर बड़े स्तर पर धर्मांतरण कराया। धनराशि और स्वास्थ्य लाभ न मिलने पर ग्रामीणों ने प्रार्थना सभा में जाना बंद किया तो उन्हें परेशान किया गया। मारपीट और अन्य तरीकों से प्रताड़ित किया गया। पुलिस-प्रशासन भले ही धर्मांतरण के दावों को झुठलाता रहा, लेकिन हाल ही में दर्ज हुए मुकदमे और घर वापसी कार्यक्रम इसकी गवाही दे रहे हैं। सोमवार को राघवपुरी में 61 परिवारों की घर वापसी कराई गई। पीलीभीत जिले की सीमा नेपाल से सटी है। बैल्हा, टाटरगंज उर्फ सिंघाड़ा, वमनपुरी आदि करीब 12 ग्राम सभाओं में करीब 22 हजार की आबादी रहती है। इन ग्राम पंचायतों में अधिकांश आबादी राय सिख की है। शारदा पार इलाके में आने वाली इन ग्राम सभाओं में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। बाढ़-कटान प्रभावित क्षेत्र होने की वजह से खेती-किसानी भी प्रभावित रहती है। बॉर्डर से सटे गांवों के ग्रामीणों की इन समस्याओं का फायदा इसाई मिशनरियों ने उठाया और बड़े स्तर पर धर्मांतरण का खेल खेला गया।

### पांच वर्षों में तीन हजार लोगों का धर्मांतरण



वर्ष 2020 से अब तक करीब 3000 सिखों का धर्मांतरण कराया गया। बैल्हा कमेटी गुरुद्वारा के अध्यक्ष जरनैल सिंह और सचिव परमजीत सिंह के प्रयासों से सिख समाज के लोग सक्रिय हुए। जांच के बाद ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल एवं लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने फरवरी 2025 में कार्यक्रम कर आयोजन कर लोगों की घर वापसी कराई। सोमवार को राघवपुरी में हुए समारोह में भी 61 परिवारों की घर वापसी कराई गई है।

### अब तक 1000 लोगों की घर वापसी

लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरपाल सिंह जग्गी ने मंगलवार को लखनऊ प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता की। बताया कि पीलीभीत में नेपाल बार्डर से सटे गांवों के 1000 लोगों की घर वापसी कराई जा चुकी है। इसके साक्ष्य भी हैं। घर वापसी के प्रयास जारी है।

### मिशनरियों के निशाने पर थारू जनजाति

हरपाल सिंह जग्गी ने बताया कि पीलीभीत के राय सिखों के अलावा लखीमपुर खीरी में गौरीफंटा, चंदन फाटक, तिकुनिया, निघासन आदि इलाकों में थारुओं का धर्मांतरण कराया गया। सिखों और थारुओं को पास्टर बना दिया गया। यह लोग दो तरह की सभा लगाते हैं। शनिवार को सभा लगाते हैं। दूसरे दिन थारुओं और हिंदुओं की सभा लगाते हैं।

## चिंतन

# धीरे-धीरे पाक की जुबां पर आ रहा 'ऑपरेशन सिंदूर' का दर्द

धीरे-धीरे ही सही, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पड़ी मार का दर्द पाकिस्तान की जुबां पर आ रहा है। हालांकि शुरुआत में पाक ने भारत के हमले में एक खरोंच तक नहीं आने की बात कही थी। यहां तक कि पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी पाक संसद में तरह-तरह की डींगें हांक रहे थे कि पाक सेना ने ये किया, वो किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान आवाम की आंखों में धूल झोंकने के लिए शहबाज शरीफ सरकार ने वहां के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को देश के सर्वोच्च सैन्य पद फील्ड मार्शल के पद पर भी पदोन्नत कर दिया, लेकिन अब पाकिस्तानियों का दर्द बाहर आ रहा है। भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा फैलाने में माहिर रहे नजम सेठी ने ही टीवी पर सच कबूला है। नजम सेठी ने कहा है कि इजरायल ने ईरान पर उसी तरह से हमला किया है, जैसा हमला भारत ने पाकिस्तान पर किया था और जैसा ड्रोन हमला यूक्रेन ने रूस के अंदर घुसकर किया था। नजम सेठी ने कहा कि ये जो सारा ड्रोन का चक्कर है ना, उस पर वेस्टर्न मिलिट्री एक्सपर्ट बहुत दिलचस्प बातें कर रहे हैं। इजरायल ने जो ड्रोन का इस्तेमाल किया है, उसका स्टाइल वही है, जैसा भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ किया था। अब इजरायली सेना ने ईरान के अंदर से ड्रोन लॉन्च किए हैं, जिसमें डिफेंस सिस्टम को बेअसर कर दिया है, ये सारा एक ही पैटर्न है कि रडार को जाम कर दो, उसे अंधा कर दो और फिर बेअसर कर दो। ये वही नजम सेठी हैं जो हर दिन भारत के खिलाफ जहर उगलते हैं, लेकिन अब कबूल कर रहे हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भरतीय सेना ने पाकिस्तान के डिफेंस सिस्टम को पूरी तरह से तबाह कर दिया था, जिसके बाद पाक सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समक्ष भारत से बचाने की गुहार लगा रही थी। असल में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर एक्शन लिया था। इसका मकसद केवल और केवल आतंकवाद की कमर तोड़ना था, लेकिन पाकिस्तान ने एक बार फिर नापाक हरकत करते हुए भारत के सैन्य ठिकानों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर इसे दो देशों के बीच संघर्ष में बदलने का प्रयास किया। इसके बाद पाकिस्तान के रणनीतिक ठिकानों पर भारत का घातक हमला निर्णायक साबित हुआ। भारत ने सैन्य कार्रवाई के दौरान रणनीतिक रूप से पाकिस्तान की 20 प्रतिशत सैन्य क्षमता को तबाह करके कड़ा सबक सिखाया। भारत ने दुनिया को दिखाया है कि वह स्वदेशी तकनीक से नेटवर्क सेंट्रिक वारफेयर को अंजाम दे सकता और जीत सकता है। भारत ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को नकारा बनाकर मनचाही जगहों पर सफलता के साथ हमले किए और प्रमुख रणनीतिक ठिकानों और संपत्तियों को तबाह कर दिया। संदेश साफ है कि हमारे पास पाकिस्तान को तबाह करने की सैन्य क्षमता और आधुनिक तकनीक है। अगर जरूरत पड़ेगी तो भारत इस क्षमता का इस्तेमाल करेगा। भारत ने पाक को अपनी ताकत का अहसास करवाने के बाद संघर्ष को एक तय सीमा पर सीमित करके समझदारी भी दिखाई। भारत ने पाक को साफ संदेश दिया है कि उसे आतंकी हमलों की कीमत इस हद तक चुकानी होगी, जो उसके लिए वहनीय नहीं होगी। संदेश दुनिया के लिए भी है कि अब भारत आतंकी हमलों पर साक्ष्यों के साथ समझाने का प्रयास नहीं करेगा बल्कि खुद आतंकवाद पर कड़ा प्रहार करेगा। इस ऑपरेशन से न केवल पाकिस्तान बल्कि पूरी दुनिया ने देख लिया कि नया भारत अपने फैसले खुद करेगा।

# चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार का विरोध क्यों?



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

पुडुचेरी के जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर 'जेआईपीएमईआर' (जिपमर) में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया कि केंद्र सरकार आधुनिक चिकित्सा विज्ञान 'एमबीबीएस' तथा पुरातन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद के 'बीएएमएस' पाठ्यक्रम को मिलाकर एक नया कोर्स शुरू करने के बारे में विचार कर रही है। केंद्रीय मंत्री के इस बयान के बाद विभिन्न चिकित्सा संगठनों के बीच इस विचार के पक्ष और विपक्ष में व्यापक प्रतिक्रिया देखी जा रही है। एलोपैथिक डॉक्टरों के राष्ट्रव्यापी संगठन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन 'आईएमए' ने इस फैसले की आलोचना करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है तो वहीं आयुर्वेद चिकित्सकों के विभिन्न संगठनों ने इसे वर्तमान स्वास्थ्यगत चुनौतियों के मद्देनजर सामयिक और उचित फैसला करार दिया है। आईएमए का कहना है कि 'मिक्सोपैथी' न तो डॉक्टरों के लिए उपयोगी होगा और न ही यह मरीजों के लिए लाभदायक होगा। एलोपैथिक चिकित्सकों की दलील यह भी कि ऐसी ही व्यवस्था कुछ साल पहले चीन में लागू की गई थी लेकिन यह सफल नहीं हुआ। हालांकि चीन की जलवायु, खान-पान, रहन सहन और वहां के पुरातन चिकित्सा सिद्धांत और वनौषधियों की तुलना भारत के लिहाज से करना प्रासंगिक नहीं है। दूसरी ओर आयुष चिकित्सा संगठनों की दलील है कि वर्तमान नयी महामारियों और जीवन-शैली से जुड़े गैर संचारी रोग जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदयरोग और कैंसर के बढ़ते मरीजों के आंकड़ों के दृष्टिगत आधुनिक और आयुर्वेद चिकित्सा पद्धतियों का समन्वित उपचार पद्धति ज्यादा प्रभावी हो सकता है। इस दलील के पक्ष में चिकित्सकों ने पूर्व में हुए अनेक अनुसंधान और प्रयोगों का उदाहरण भी दिया है। अलबत्ता अंदरखाने की बात यह है कि केंद्रीय मंत्री का विचार फिलहाल शुरुआती प्रस्ताव है लेकिन इस मसले पर जिस तरह एलोपैथी और आयुष चिकित्सा संगठनों की बयानबाजी हो रही है वह " सूत न कपास जुलाहों में लट्ठमलट्ठा" कहावत को ही चरितार्थ कर रही है। बहरहाल एलोपैथिक और आयुष चिकित्सा पद्धतियों के बीच टकराव का यह कोई पहला वाकया नहीं है बल्कि पहले भी भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा आयुर्वेद चिकित्सकों को सर्जरी की अनुमति दिए जाने के निर्णय के खिलाफ आईएमए ने चौदह दिवसीय देशव्यापी रिले भूख हड़ताल किया था। नेशनल मेडिकल कमिशन 'एनएमसी' के डेंटल और आयुष डॉक्टरों के लिए ब्रिज कोर्स के बाद एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति से उपचार के मान्यता संबंधी प्रस्ताव का भी चिकित्सा संगठनों ने विरोध किया था। दरअसल इस प्रस्ताव के जरिए आयोग की मंशा ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की कमी को दूर करना था। इसके अलावा विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा बीएएमएस चिकित्सकों को अपने प्रेक्टिस में सीमित एलोपैथी दवाओं की अनुमति देने के खिलाफ भी एलोपैथिक चिकित्सा संगठनों ने पुरजोर विरोध किया था और अदालतों का दरवाजा भी खटखटाया है।अलबत्ता एमबीबीएस और बीएएमएस पाठ्यक्रम को मिलाकर नए मेडिकल कोर्स लागू करने के प्रस्ताव पर गौर करें तो केंद्र सरकार की मंशा मेडिकल कॉलेज और आयुर्वेद कॉलेजों में चल रहे एमबीबीएस और बीएएमएस पाठ्यक्रमों में छेड़छाड़ करने की नहीं बल्कि देश में एक नयी चिकित्सा प्रणाली विकसित करने की योजना है जिसमें आधुनिक और पुरातन चिकित्सा पद्धति का समन्वय होगा। सरकार के नये प्रस्ताव से न आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के अनुसंधान और विकास पर कोई फर्क पड़ेगा और न ही एलोपैथिक के बुनियादी सिद्धांत प्रभावित होंगे।

जानकारी के मुताबिक इस नए चिकित्सा पाठ्यक्रम में एलोपैथी और आयुर्वेद के जहां आरोग्य यानि प्रिवेंटिव हेल्थ केयर के विषय के साथ उपचारात्मक यानि क्यूरेटिव हेल्थ केयर व्यवस्था को शामिल करने की योजना है। यह प्रणाली केंद्र सरकार द्वारा घोषित 'नवीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति' के ढांचे के अनुरूप होगा जिसमें आरोग्य यानि वेलनेस को प्राथमिकता दी गई है। यह एक ऐसी संपूर्ण स्वास्थ्य प्रणाली यानि कॉम्प्रेहेंसिव हेल्थ केयर सिस्टम होगी जिसमें प्रिवेंटिव, क्यूरेटिव, प्रमोटिव, रिहेबेलेटिव, पैलेएटिव, कम्यूनिटी हेल्थ की पढ़ाई शामिल होगी। नये समन्वित चिकित्सा प्रणाली के खिलाफत के इतर अहम सवाल यह भी है कि चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में भारत सरकार के इस नवाचार का विरोध कितना न्यायसंगत और व्यवहारिक है? सैद्धांतिक तौर पर यह तथ्य सही है कि दोनों चिकित्सा पद्धतियों के सिद्धांत अलग अलग हैं लेकिन उद्देश्य मानव स्वास्थ्य ही है। इस तथ्य के मद्देनजर यह भी सच है कि आज भी भारत की एक बड़ी आबादी मौसमी बीमारियों से लेकर गैर संचारी रोगों में एलोपैथी के साथ आयुर्वेद पद्धति को अपना रही है जिसके सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने शोध में पाया है कि डायबिटीज टाइप - 2 के मरीजों में आयुर्वेदिक दवा बीजीआर-34 एवं एलोपैथिक दवा ग्लिबेंक्लामाइड के संयुक्त प्रयोग के परिणाम काफी अच्छे आए हैं बनिस्बत अलग-अलग सेवन करने के।




शोध में यह भी पता चला है कि आयुर्वेद और एलोपैथी के इन दोनों दवाओं को मिलाकर लेने से बुरे कोलेस्ट्रॉल में कमी आती है जिससे हार्ट अटैक का खतरा भी कम होता है। केवल डायबिटीज ही नहीं वरन उच्च रक्तचाप, हृदयरोग, पाचनतंत्र, सामान्य मौसमी बीमारियों से बचाव व नियंत्रण से लेकर कैंसर के उपचार में शामिल कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी के दुष्प्रभावों को रोकने और सीमित करने में आयुर्वेद और योग काफी कारगर हैं।

अलबत्ता इसमें दो राय नहीं कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान यानि एलोपैथी ने जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता पाई है, क्रिटिकल केयर से लेकर सर्जरी व महामारियों में इसकी प्रभावकारिता हर कसौटी पर खरा उतरी है। दूसरी ओर आयुर्वेद सहित अन्य आयुष पद्धतियों ने भी रोगों से बचाव, नियंत्रण और उपचार में आश्चर्यजनक परिणाम दिया है, देश में औसत आयु की बढ़ोतरी में आयुष पद्धतियों ने भी महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित किया है। सदियों से भारत की ग्रामीण स्वास्थ्य से लेकर महिला - शिशु स्वास्थ्य आयुर्वेद पर निर्भर रही है।भारत में समन्वित चिकित्सा पाठ्यक्रम की बात कोई पहली बार नहीं हो रही है बल्कि आजादी के पहले और स्वातंत्र्योत्तर भारत में सत्तर के दशक तक देश में आयुर्वेद के पाठ्यक्रम में एलोपैथिक और आयुर्वेद दोनों विषय शामिल थे और बकायदा इनके शिक्षण और प्रशिक्षण होते रहे हैं। साल 1970 में संसद द्वारा भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम 1970 लागू होने और आयुर्वेद शिक्षा के नियमन और नियंत्रण के लिए परिषद स्थापित होने के बाद आयुर्वेद शिक्षा यानि बीएएमएस के पाठ्यक्रमों में बदलाव हुए और अब भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा 'एनसीआईएसएम एक्ट 2020' लागू होने के बाद एक बार फिर से देश के आयुर्वेद शिक्षा पाठ्यक्रमों में व्यापक बदलाव हुए हैं और इस सिलेबस में आयुर्वेद के साथ ही एलोपैथिक विषयों को शामिल किया गया है।

गौरतलब है कि मोदी सरकार ने वैश्विक महामारी 'कोविड - 19 ' आपदा के दौरान संक्रमण से बचाव, उपचार और रिकवरी के लिए आयुर्वेद प्रोटोकॉल को मान्यता प्रदान की थी। सरकार के इस कदम से जहां आयुर्वेद और योग को वैश्विक पहचान मिली वहीं इसके अनुसंधान को भी वैज्ञानिक मान्यता मिली।कोविड संक्रमण से बचाव तथा एसिम्पटोमैटिक और माइल्ड संक्रमितों के उपचार आयुर्वेद सहित अन्य आयुष चिकित्सा पद्धतियां काफी प्रभावी साबित हुई तथा करोड़ों लोग लाभान्वित हुए। देश और दुनिया में बढ़ रहे गैर संचारी रोगियों की संख्या तथा नये महामारियों से बचाव के दृष्टिगत भारत सहित दुनिया में लोगों का रूझान आयुर्वेद और योग के प्रति बढ़ा है। पिछले साल हुए एक नेशनल सैंपल सर्वे में पता चला है कि एक साल में करीब 46 फीसदी ग्रामीण और 53 फीसदी शहरी आबादी ने किसी न किसी रूप में आयुष चिकित्सा पद्धति से उपचार कराया है। दरअसल हजारों साल पहले भी आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान बहुत ज्यादा सुव्यवस्थित और उन्नत था।प्राचीन काल में आयुर्वेदीय शल्य विधा काफी विकसित और वैज्ञानिक थी। इस पद्धति ने आधुनिक चिकित्सा पद्धति को औषधि और शल्य दोनों क्षेत्रों में नयी दिशा दी है।

आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति हजारों साल पुरानी है लिहाजा आधुनिक वैज्ञानिक युग में इसके नुस्खों और चिकित्सा सिद्धांतों को वैज्ञानिक कसौटी पर भी परखा जा रहा है। देश में आयुर्वेद दवाओं के गुणवत्ता के नियमन और अनुसंधान के लिए केंद्रीय और राज्य स्तर पर संस्थान और प्रयोगशालाएं संचालित हैं। बहरहाल यह ध्रुव सत्य है कि हर चिकित्सा पद्धति की अपनी सीमाएं हैं तथा कोई भी पद्धति अपने आप में पूर्ण नहीं है। चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में हुए अत्याधुनिक विकास और अनुसंधान के बावजूद अभी भी अनेक संक्रामक और गैर संक्रामक बीमारियों का उपचार आधुनिक चिकित्सा पद्धति में संभव नहीं हो पाया है इस लिहाज से विभिन्न पद्धतियों के परस्पर समन्वित चिकित्सा और अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

## दिवस विशेष

मुरारी गुप्ता



# भारतीय स्वाधीनता के इतिहास का स्तंभ है हल्दीघाटी का युद्ध

हल्दीघाटी का युद्ध भारतीय इतिहास में केवल एक सैन्य संघर्ष नहीं, बल्कि भारतीय अस्मिता, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए लड़ा गया गौरवपूर्ण अध्याय है। 18 जून 1576 को राजस्थान की वीरभूमि पर लड़ा गया यह युद्ध, मेवाड़ नरेश महाराणा प्रताप और मुगल सम्राट अकबर की सेना के बीच हुआ था। यद्यपि यह युद्ध केवल पांच घंटे चला, लेकिन इसके प्रभाव और ऐतिहासिक महत्व का विस्तार सदियों तक हुआ। वामपंथी इतिहासकारों और मुगल-प्रशंसकों द्वारा अकबर की विजय का नैरेटिव गढ़ा गया, किंतु ऐतिहासिक स्रोतों, प्रशस्तियों, शिलालेखों और समकालीन लेखकों की साक्ष्यात्मक गवाही इस बात की पुष्टि करती है कि इस युद्ध में महाराणा प्रताप विजयी रहे और मुगलों को गहरी रणनीतिक हार का सामना करना पड़ा। महाराणा प्रताप के सिंहासन संभालने के समय अकबर समूचे भारत को मुगल साम्राज्य की छाया में लाना चाहता था। राजस्थान के अधिकतर राजा मुगलों की अधीनता स्वीकार कर चुके थे, किंतु मेवाड़ अकबर के इस इस्लामी साम्राज्यवाद के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा था। प्रताप के पिता महाराणा उदयसिंह पहले ही अकबर की अधीनता अस्वीकार कर चुके थे। प्रताप ने अपने पूर्वजों की परंपरा का निर्वहन करते हुए स्वतंत्रता के मार्ग को चुना। अकबर ने चार बार समझौते के दूत भेजे लेकिन प्रताप ने हर बार संधि की शर्तों को ठुकरा दिया, क्योंकि उनमें दरबार में हाजिरी, कर चुकाना और मेवाड़ की स्त्रियों के साथ वैवाहिक संबंध शामिल थे। 18 जून 1576 को हल्दी घाटी में घमासान युद्ध प्रारंभ हुआ। यह युद्ध तीन चरणों में लड़ा गया। पहले चरण में महाराणा प्रताप की सेना ने मुगल सेना के अग्रभाग पर भीषण हमला कर उसे पीछे हटने पर विवश किया। हमीद खां और रघुनाथदास की अगुआई में मुगल पक्ष असहज होकर बनास नदी के पार तक भाग गया। दूसरे चरण में मुगलों की राजपूत टुकड़ियों को प्रताप की सेना ने पीछे हटने को मजबूर कर दिया। मुगलों के लिए सबसे बड़ा झटका तीसरे और अंतिम चरण में तब लगा जब प्रताप के सेनापति झाला मान सिंह ने स्वयं को प्रताप समझकर उनकी रक्षा करते हुए वीरगति पाई। प्रताप घायल हुए लेकिन चेतक ने उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। बदायूंनी जैसे समकालीन मुस्लिम इतिहासकार लिखते हैं कि मुगल सेना न केवल युद्धभूमि से भागी, बल्कि वे प्रताप का पीछा करने का साहस भी नहीं कर सके क्योंकि उन्हें आशंका थी कि पहाड़ों में महाराणा घात लगाकर हमला करेंगे। हल्दीघाटी युद्ध के बाद महाराणा प्रताप ने मेवाड़ के गोगुंदा क्षेत्र को पुनः प्राप्त कर लिया। ऐतिहासिक शिलालेख और प्रशस्तियां जैसे रणछोड़ राय मंदिर प्रशस्ति, वैद्यनाथ मंदिर प्रशस्ति, और ओड़ा गांव का ताम्रपत्र इस बात का प्रमाण हैं कि प्रताप ने युद्ध के बाद न केवल मुगलों को पराजित किया बल्कि अपनी संप्रभुता पुनः स्थापित की। रणछोड़ राय प्रशस्ति में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि महाराणा ने रणभूमि में मान सिंह के साथ युद्ध कर उसे पराजित किया।

इतिहास में किसी भी युद्ध की विजय के तीन मानक होते हैं : पहला, विजेता शत्रु की भूमि और संपदा पर अधिकार कर ले, दूसरा शत्रु राजा की मृत्यु हो जाए या वह आत्मसमर्पण कर दे। और तीसरा पराजित राज्य विजेता का करदाता बन जाए। लेकिन हल्दीघाटी युद्ध के परिप्रेक्ष्य में देखें तो अकबर की सेना मेवाड़ की राजधानी गोगुंदा तक पहुंचने के बाद भी पूरे क्षेत्र पर अधिकार नहीं कर सकी। महाराणा प्रताप सुरक्षित रहे और उनका राज्य कायम रहा। वामपंथी इतिहासकारों ने हमेशा मुगलों को "सांस्कृतिक समन्वयक" और अकबर को "सद्भावना का प्रतीक" बताकर प्रस्तुत किया। जबकि तथ्य यह सिद्ध करते हैं कि अकबर के साम्राज्यवाद और धर्मांतरणवादी नीति के विरुद्ध प्रताप ने संघर्ष किया और भारतीय स्वाभिमान की रक्षा की। ऐसे में अकबर की विजय का नैरेटिव न केवल ऐतिहासिक रूप से झूठा है, बल्कि यह राष्ट्र की चेतना को विकृत करने का प्रयास भी है। हल्दीघाटी का युद्ध केवल एक वीरता की गाथा नहीं, बल्कि यह भारतीय स्वाधीनता के इतिहास का स्तंभ है। यह युद्ध भारतीय मानस में यह विश्वास स्थापित करता है कि विदेशी साम्राज्य कितने भी शक्तिशाली क्यों न हों, यदि स्वदेश प्रेम और स्वाभिमान जीवित है, तो पराजय असंभव है। महाराणा प्रताप की जीत केवल एक युद्ध में नहीं थी, बल्कि यह उस विचारधारा की जीत थी, जो स्वतंत्रता, आत्मगौरव और धर्म की रक्षा के लिए अंत तक संघर्ष करती है। आज आवश्यकता है कि हम वामपंथी नैरेटिव से बाहर निकलकर इतिहास के सत्य को स्वीकार करें और प्रताप के बलिदान को राष्ट्र के गौरव का प्रतीक मानें।

(लेखक उपन्यासकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मौन रहना बहुत जरूरी इससे शुद्ध होती वाणी



संकलित
दर्शन

मौन रहना बहुत उपयोगी है। इससे हमारी वाणी शुद्ध होती है। गहन मौन रचनात्मकता की जननी है। जो व्यक्ति बहुत व्यस्त, चिंतित, अति महत्त्वाकांक्षी या सुस्त है, उससे कोई रचनात्मकता नहीं निकल सकती। हमें अपनी दिनचर्या में मौन रखने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन बहुत अधिक बोलने की भी आवश्यकता नहीं है। यदि आप कुछ समय मौन रखेंगे, तो आप बोलने से पहले सोचेंगे। यदि आप बोलते रहेंगे, तो आप स्वयं नहीं समझ पाएंगे कि आप क्या बोल रहे हैं। क्या आपने कभी देखा है कि आपकी वाणी का दूसरों पर क्या प्रभाव पड़ता है? अकसर हम इस पर ध्यान नहीं देते, हम बड़बड़ाते रहते हैं। हम बस इतना कहना चाहते हैं कि जो हम कहना चाहते हैं, वह कह दें और मुक्त हो जाएं। नहीं, आपको यह देखना चाहिए कि आपकी वाणी का दूसरों पर क्या प्रभाव पड़ता है। भगवद्गीता में एक सुंदर दोहा है, जिसमें कहा गया है, जो शब्द लोगों के मन को विचलित नहीं करते और जो सत्य हैं, सत्य जो कल्याणकारी है और जो सुखद है, ऐसे शब्द बोलने चाहिए। इसे वाणी का तप कहा जाता है। वाणी के लिए तपस (तपस्या) केवल वही शब्द बोलना है जो दूसरों के मन को झकझोर न दें। किसी के मन को विचलित न करें या उन्हें दुख न पहुंचाएं। इसलिए ऐसे शब्द बोलें जो सुखद, सच्चे और परोपकारी हों, लेकिन सुनिश्चित करें कि आप मनभावन झूठ न बोलें। अपने अप्रिय शब्दों से दूसरों के मन और दिल को न कुचलें।

## दूसरों के जलाए दीपक का कोई मूल्य नहीं होता



संकलित
प्रेरणा

एक साधु के आश्रम में एक युवक बहुत समय से रहता था। फिर ऐसा संयोग आया कि युवक को आश्रम से विदा होना पड़ा। रात्रि का समय है, बाहर घना अंधेरा है। युवक ने कहा, रोशनी की कुछ व्यवस्था करने की कृपा करें। उस साधु ने एक दीया जलाया, उस युवक के हाथ में दीया दिया और उसे सीढ़ियां उतारने के लिए खुद उसके साथ हो लिया और जब वह सीढ़ियां पार कर चुका और आश्रम का द्वार भी पार कर चुका, तो उस साधु ने कहा, अब मैं अलग हो जाऊं, क्योंकि इस जीवन के रास्ते पर बहुत दूर तक कोई किसी का साथ नहीं दे सकता है और अच्छा है कि मैं इसके पहले इससे विदा हो जाऊं कि तुम मेरे साथ के आदी हो जाओ। इतना कहकर उस घनी रात में, उसने उसके हाथ के दीये को फूंक मार कर बुझा दिया।

वह युवक बोला, यह क्या पागलपन हुआ? अभी तो आश्रम के हम बाहर भी नहीं निकल पाए, साथ भी छोड़ दिया और दीया भी बुझा दिया। उस साधु ने कहा, दूसरों के जलाए हुए दीयों का कोई मूल्य नहीं है। अपनी दीया हो तो अंधेरे में काम देता है, किसी दूसरे के दीये काम नहीं देते हैं। खुद के भीतर से प्रकाश निकले तो रास्ता प्रकाशित होता है और किसी तरह रास्ता प्रकाशित नहीं होता है। तो मैं निरंतर सोचता हूं, लोग सोचते होंगे कि मैं आपके हाथ में कोई दीया दे दूंगा, जिससे आपका रास्ता प्रकाशित हो जाए, तो आप गलती में हैं।

## बारिश



गुरुग्राम में भारी बारिश के बाद दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर जलभराव वाली सर्विस रोड से गुजरते यात्री।

## आज की पाती

### प्राइवेट सिस्टम : आम आदमी की जेब पर हमला

भारत एक ऐसा देश है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले लें, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस, हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। - मनीष

## ट्रेंड

### 'राहुल गांधी' की जरूरत



यह आरोप लगाने के लिए एक 'राहुल गांधी' की जरूरत है कि ईद पर एक हिंदू हनुमान मंदिर में गोमांस फेंकने में सक्षम है (इसके बावजूद कि मुस्लिम समुदाय ने स्वीकार किया है कि उनके कुछ गुमराह तत्वों ने ऐसा किया है)।
-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### विकास का स्वर्णिम अध्याय



गुरुग्राम के मानेसर में भारत के सबसे बड़े गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल का उद्घाटन हम सभी के लिए हर्ष और गौरव का विषय है! हरियाणा की इस अग्रणी परियोजना से विकास का स्वर्णिम अध्याय आरम्भ होगा। इससे औद्योगिक मालवहन को नई गति और सुविधा प्राप्त होगी।
-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा

### जनता देगी जवाब



भाजपा ने केन्द्र में अपने 11 वर्षों के कार्यकाल के बारे में जो अपार उपलब्धियाँ वर्णित की हैं वे देशहित में कितनी लाभदायक रही हैं, सही समय आने पर जनता खुद उनका जवाब दे देगी।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### प्रौद्योगिकी का मार्च अजेय



5 साल में 80 फीसदी कंटेंट एआई द्वारा तैयार और डिलीवर किया जाएगा, चाहे वह फिल्म, टीवी, या कोई अन्य वैरिएशन हो। प्रौद्योगिकी का मार्च अजेय है। जो बचेगा वह है कहानी सुनाना और कहानी सुनाने वाले।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# पुतिन और शी जिनपिंग बनेंगे इजरायल-ईरान जंग में शांतिदूत



इजरायल और ईरान की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर रूसी राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि बीते कुछ दिनों से राष्ट्रपति पुतिन ने कई वैश्विक नेताओं से फोन पर महत्वपूर्ण बातचीत की है। पुतिन ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से लेकर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात की। पेस्कोव ने कहा कि रूस जरूरत पड़ने पर मध्यस्थता करने के लिए भी तैयार है ताकि मौजूदा स्थिति को सुलझाया जा सके और मिडिल ईस्ट में शांति बहाली की कोशिश की जा सके। उन्होंने कहा कि हमारे सभी विभाग मौजूदा स्थिति पर करीब से नजर रखे हुए हैं। हमने नेतन्याहू का बयान सुना और पढ़ा है। क्षेत्र में इस तरह की खतरनाक स्थिति पैदा करने वाली गतिविधियों की हम पुरजोर निंदा करते हैं। वहीं, सिर्फ रूस ही नहीं चीन ने भी इजरायल और ईरान जंग में मध्यस्थता की इच्छा जताई है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि उन्होंने इजरायल और ईरान दोनों से बातचीत के जरिए अपने मतभेदों को सुलझाने का अनुरोध किया था। मौजूदा ईरान-इजरायल संघर्ष को सुलझाने में चीन अपनी भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने कहा कि चीन हमेशा से राजनीतिक और डिप्लोमैटिक माध्यमों के जरिए ईरान के परमाणु मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान की वकालत करता है।

## ऑफ बीट

# सीतामढ़ी आश्रम, जहां रहीं सीताजी लव-कुश ने लिया जन्म



सीताबाड़ी राजस्थान के बारां से लगभग 45 किलोमीटर दूर स्थित एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है, जिसका संबंध सीता माता से जुड़ा है। सीता माता को एक आदर्श पत्नी के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने कभी अपने सतीत्व को भंग नहीं किया। रावण की कैद में रहने के बाद भी वह सदैव पतिव्रता नारी रहीं। सीताबाड़ी मंदिर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में से एक माना जाता है। इसका हिंदुओं के लिए धार्मिक और ऐतिहासिक महत्त्व है। सीताबाड़ी को वो पवित्र जगह माना जाता है, जहां भगवान श्री राम ने अपनी पत्नी को समाज से निकालने के बाद रहने की शरण दी थी। कहा जाता है जब भगवान राम ने सीता का त्याग कर दिया था, तब माता सीता अपने निर्वासन के बाद यहीं ठहरी थी, यहां महर्षि वाल्मीकि का आश्रम था और इसी आश्रम में माता सीता ने अपने दोनों पुत्र लव और कुश को जन्म दिया था, महर्षि वाल्मीकि ने लव-कुश को यहीं शिक्षा-दीक्षा दी और उन्हें धनुर्विद्या में पारंगत किया। श्रीराम की सेना और लव-कुश के बीच युद्ध भी यहीं हुआ माना जाता है, जिसमें लव-कुश ने विजय प्राप्त की थी। मंदिर में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की बहुत ही सुंदर मूर्तियां विराजित हैं। यहां भक्त दूर-दूर से माता सीता और भगवान राम के दर्शन करने आते हैं।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# घग्घर और यमुना नदी के तटबंधों की मजबूती के नाम पर चल रहा है खेलः सैलजा

## सांसद बोलीं: कहीं पर काम हुआ ही नहीं तो कही पर काम अधूरा, 30 जून तक की है समय सीमा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार घोषणाओं के बाद केवल कागजों का पेट भरकर विकास के दावे कर रही है पर हकीकत में ऐसा कुछ नहीं है। घग्घर नदी और यमुना के तटबंधों के नाम पर जेब भरी जा रही है कही पर काम शुरू हुआ नहीं है और कही पर नाममात्र का काम किया गया है, 30 जून तक की समय सीमा में काम पूरा होने की कोई संभावना नहीं है अगर बाढ़ के हालात पैदा होते है तो यही अधिकारी फर्जी बिल बनाना शुरू कर देंगे।



न खाएंगे और न खाने देंगे की बात करने वाली भाजपा के राज में अधिकतर विभाग खाने में ही लगे हुए है जिसका खामियाजा जनता को ही भुगतना पड़ता है, पिछले साल घग्घर नदी ने भारी तबाही मचाई थी और जान माल का नुकसान हुआ था, सरकार को खुद भी काम की निगरानी रखनी चाहिए।

### फर्जी बिल बनाकर जेबें भर रहे

सैलजा ने कहा कि बाढ़ बचाव कार्य और बाढ़ के बाद बिगड़े हालातों की देखभाल पर सिंचाई विभाग और अन्य अधिकारी कर्मचारी फर्जी बिल बनाकर जेबें भरना शुरू कर देते हैं, अगर निष्पक्ष जांच करवाई जाए तो सारा घोटाला सामने आ जाएगा। घग्घर नदी पिछले दो सालों से तबाही मचा रही है पर सिंचाई विभाग ने कोई सबक नहीं लिया, अगर इस विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों को कोई चिंता होती है तो इस बात की कि कैसे बजट का पैसा जेब में डाला जाए। 2023 में आई बाढ़ से हजारों एकड़ फसल जलमग्न हुई थी, सैकड़ों गांव डूब गए थे और चार लोगों की जान भी गई थी। अंबाला में 20, कैथल के गुहला में दर्जनों गांव, फतेहाबाद में 52 गांव प्रभावित हुए थे और 35405 एकड़ फसल को नुकसान हुआ था, सिरसा में 14 गांवों में नुकसान हुआ था।





### घग्घर नदी के तटबंधों को मजबूत नहीं किया

सैलजा ने कहा कि घग्घर नदी के तटबंधों को मजबूत नहीं किया गया है अगर कहीं पर कुछ किया गया है तो वहां पर खानापूर्ति की गई है, 30 जून तक काम पूरा करने की समय सीमा रखी गई है पर काम पूरा होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। हालात ये बताए जा रहे है कि अगर घग्घर नदी में 20 हजार क्यूसेक पानी आ जाता है तो तटबंध टूट जाएंगे और क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो जाएंगे। सरकार अगर चाहे तो अभी भी तटबंधों का निरीक्षण कर वास्तविकता का पता लाग सकती है।

### यमुना नदी के तटबंधों का काम अधूरा

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि इसी प्रकार यमुना नदी के तटबंधों की मजबूत करने के नाम पर खेल हो रहा है। करनाल क्षेत्र से गुजरती यमुना नदी के तटबंधों को मजबूत करने का काम आधा अधूरा है, यमुनानगर में तटबंधों को मजबूत करने के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है, यह काम 30 जून तक पूरा होने की उम्मीद नहीं है, पानीपत में 35 से 40 किमी क्षेत्र में यमुना बहती है पर बचाव कार्य का कोई प्रबंध दिखाई नहीं देता है, सोनीपत में यमुना नदी के तटबंधों की मजबूती का काम उत्तर प्रदेश वाली साइड में हो रहा है पर हरियाणा की ओर कोई काम दिखाई नहीं दे रहा है।

## खबर संक्षेप

### रॉबर्ट वाड्रा फिर ईडी के सामने पेश नहीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ब्रिटेन निवासी शस्त्र सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष अपनी निर्धारित गवाही के लिए पेश नहीं हुए। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्हें 10 को पेश नहीं होने के बाद मंगलवार को पेश होने के लिए कहा गया था।



### दवा कंपनी की इकाई में विस्फोट में व्यक्ति की मौत

**नागपुर।** नागपुर जिले में मंगलवार को एक दवा कंपनी की इकाई में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। भीलगांव में 'अंकित पल्प्स एंड बोर्ड्स प्राइवेट लिमिटेड' की इकाई के 'ग्लास-लाइन्ड रिएक्टर' में विस्फोट हुआ। विस्फोट सुबह करीब 11 बजे हुआ जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए।



### एक साथ उठी 4 भाइयों की अर्थी, गांव गमगीन

**पाली।** तेलंगाना के बसारा में गोदावरी नदी में रविवार को हुए दर्दनाक हादसे ने राजस्थान के पाली और नागौर को कभी नहीं भूल सकने वाला गम दिया है। राजस्थान के पाली जिले के तीन सगे भाई, उनका एक मौसेरा भाई और नागौर का एक युवक नदी में डूब गए।मंगलवार को ढाबर गांव में जब 4 भाइयों की एक साथ चिताएं जलीं, तो हर आंख नम थी।



### चर्च सहायक ने 3 लड़कों का किया यौन उत्पीड़न

**चेन्नई।** यहां के अंबत्तूर इलाके में एक चर्च के फादर के सहायक पर 3 नाबालिग लड़कों के साथ यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपी येसुदास को खिलाफ पाक्सो एक्ट समेत कई धाराओं में गिरफ्तार भी कर लिया है।



## जातिगत गणना को नकारने वाली कांग्रेस थी पहली पार्टी : भाजपा

# कांग्रेस ने काका कालेलकर कमेटी की रिपोर्ट को दबाए रखा मंडल आयोग की रिपोर्ट को भी लागू नहीं होने दी: सुधांशु

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने कहा है कि जातिगत जनगणना को नकारने वाली कांग्रेस पहली पार्टी थी और सामाजिक न्याय की पुरोधा बन रही इसी कांग्रेस पार्टी ने ही काका कालेलकर की रिपोर्ट और मंडल कमीशन की रिपोर्ट दबाई थी। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने मंगलवार को केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जातिगत गणना पर कांग्रेस को कठघरे में खड़ा किया। डॉ त्रिवेदी ने कांग्रेस पार्टी पर प्रहार करते हुए कहा कि अपनी चिरपरिचित शैली, या यूँ कहें कि चिरकुत्सित शैली के अनुरूप, कांग्रेस को अक्सर आवश्यक तथ्य और सच्चाई दिखाई ही नहीं देते।

हाल ही में, ऑपरेशन सिंदूर में सैटेलाइट फिल्मों के माध्यम से पाकिस्तान के एयरबेसों की तबाही स्पष्ट रूप से दिखाई गई, फिर भी कांग्रेस को वह नजर नहीं आई। इससे पूर्व भी, कई अवसरों पर कांग्रेस वास्तविकता को देखने में असमर्थ रही है। जब नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) आया था, तब भी कांग्रेस को उसके नोटिफिकेशन में पर्सेक्यूशन शब्द नजर नहीं आया।

### कांग्रेस ने स्वतंत्र भारत में 1951 में जाति गणना रोकने का निर्णय लिया था

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस वही पार्टी है, जिसने स्वतंत्र भारत में 1951 में जातिगत गणना को रोकने का निर्णय लिया था। यही पार्टी है, जिसने काका कालेलकर कमेटी की रिपोर्ट को दबाए रखा और मंडल आयोग की रिपोर्ट को भी लागू नहीं होने दी। अब वही पार्टी आज आकर ऐसे मुद्दों पर बोल रही है और उन्हें वह बातें भी नहीं दिखाई देतीं जो साफ-साफ लिखी हुई हैं। इससे कांग्रेस की राजनीति का असली चेहरा उजागर हो जाता है। डॉ त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सरकार सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र पर चलते हुए सामाजिक, सांस्कृतिक सर्वेक्षण, सामाजिक और आर्थिक सर्वेक्षण और जातिगत जनगणना कराना चाह रही है। इसका उद्देश्य सभी जातियों की पहचान, सभी जातियों को सम्मान और सबसे पिछले छोर पर खड़ी जातियों का उत्थान है। इंडी गठबंधन और कांग्रेस की सोच केवल अपने-अपने परिवार का उत्थान और उसके लिए जातियों में घमासान कराने का है। हमारी सोच और उनकी सोच में एक मूलभूत अंतर है, हम सभी जातियों की पहचान, उनका सम्मान और उनके उत्थान के लिए समर्पित हैं, जबकि वे केवल अपने परिवार के उत्थान के लिए सभी वर्गों में घमासान कराने के लिए प्रेरित हैं। इतने लंबे समय तक सरकार में रहने के बाद कम से कम कांग्रेस पार्टी को तकनीकी मुद्दों को समझना चाहिए। जातिगत जनगणना का नोटिफिकेशन केंद्र द्वारा होता है। राज्य जातिगत जनगणना कर ही नहीं सकती, तो वे किस राज्य का नोटिफिकेशन दिखा रहे हैं? राज्य केवल सर्वे कर सकती है। सर्वे को नोटिफाई करने की प्रक्रिया अलग होती है, जिसकी कोई वैधानिक प्रक्रिया नहीं है। वह केवल सरकारी आदेश होता है। जबकि जातिगत जनगणना केंद्र द्वारा की जाती है और उसकी एक वैधानिक प्रक्रिया होती है, जिसके बाद सरकारी आदेश जारी होता है।



## कांग्रेस का दावा | *जातिगत जनगणना को लेकर सीरियस नहीं है केंद्र की मोदी सरकार, अधिसूचना में स्पष्ट नहीं है उल्लेख*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली।

कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने जातिगत जनगणना को लेकर केंद्र सरकार की मंशा और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने सरकार पर इस मुद्दे को टालने और गंभीरता न दिखाने का आरोप लगाया, साथ ही कांग्रेस की जाति जनगणना के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि केंद्र सरकार की नीयत में खोट है, क्योंकि हाल ही में जारी जनगणना की अधिसूचना में जातिगत जनगणना का स्पष्ट उल्लेख नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले रही और इसे जानबूझकर अस्पष्ट रख रही है। पायलट ने कहा कि 2021 में जनगणना स्थगित करने और अब 2027 तक की समय सीमा तय करने से सरकार की मंशा पर संदेह होता है। पायलट ने राहुल गांधी के कथन 'जातिगत जनगणना देश का एक्स-रे है' को दोहराते हुए कहा कि यह केवल जातियों की गिनती नहीं, बल्कि विभिन्न समुदायों की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्थिति का विश्लेषण करने का उपकरण है। इससे यह पता चलेगा कि कौन सा समुदाय कितना पिछड़ा है, उनकी शिक्षा और रोजगार की स्थिति क्या है, और सरकारी योजनाओं का लाभ कितना मिल रहा है। उन्होंने इसे सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लिए अनिवार्य बताया। उसी के अनुरूप सरकारी योजनाएं बन सकेंगी।



पायलट ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी ने संसद से लेकर सड़क तक जातिगत जनगणना की मांग को मजबूती से उठाया है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के लगातार दबाव और जनता की भावनाओं के कारण ही सरकार को इस दिशा में कदम उठाने पड़े। हालांकि, उन्होंने कहा कि सरकार का मौजूदा रुख अभी भी आधा-अधूरा और गैर-पारदर्शी है। पायलट ने तेलंगाना में कांग्रेस सरकार द्वारा हाल ही में किए गए जातिगत सर्वेक्षण को एक आदर्श उदाहरण बताया। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार को तेलंगाना मॉडल को अपनाकर एक वैज्ञानिक, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से जातिगत जनगणना करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि तेलंगाना का सर्वेक्षण सामाजिक-आर्थिक आंकड़े जुटाने का एक प्रभावी तरीका है।

### बजट और समय पर भी उठाए सवाल

पायलट ने जनगणना के लिए अपर्याप्त बजट और लंबी समय सीमा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2025-26 के लिए केवल 12 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए हैं, जो इस व्यापक प्रक्रिया के लिए नाकाफी है। साथ ही, 2027 तक की समय सीमा को उन्होंने जानबूझकर की गई देरी करार दिया। पायलट ने मांग की कि सरकार तत्काल प्रभाव से प्रक्रिया शुरू करे और इसके लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए। पायलट ने भाजपा के उन पुराने बयानों का जिक्र किया, जिसमें जातिगत जनगणना को जहर और इसे मांगने वालों को अर्बन नक्सल कहा गया था। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह रवैया उनकी सामाजिक न्याय के प्रति उदासीनता को दर्शाता है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वह अब भी इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले रही और केवल जनता के दबाव में दिखावे के लिए कदम उठा रही है। पायलट ने विशेष रूप से महिलाओं, अनुसूचित जाति/जनजाति, और अन्य पिछड़े वर्गों की स्थिति को ध्यान में रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना में इन वर्गों के लिए विशेष डेटा संग्रह जरूरी है, ताकि उनकी स्थिति में सुधार के लिए लक्षित नीतियां बनाई जा सकें। सचिन पायलट ने अपने पत्रकार सम्मेलन में जातिगत जनगणना को सामाजिक न्याय और समावेशी विकास का आधार बताते हुए केंद्र सरकार पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने सरकार की नीयत, अपर्याप्त बजट और लंबी समय सीमा की आलोचना की, साथ ही तेलंगाना मॉडल को अपनाने की मांग की। पायलट ने कांग्रेस की इस मुद्दे पर दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया और कहा कि पार्टी इसे तब तक उठाएगी, जब तक यह पूरी तरह लागू नहीं हो जाता।

## सीएम रेखा गुप्ता का आह्वान

# दिल्ली के लोग अपने घरों में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं, मिलेगा भारतीयों को स्वरोजगार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली को विकसित राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने आह्वान किया कि दिल्ली के लोग अपने घरों में अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं को अपनाए ताकि ज्यादा से ज्यादा स्वरोजगार पैदा हो सके। वे डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल दिल्ली प्रदेश द्वारा आयोजित वोकल फॉर लोकल एवं सम्मान समारोह को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि हमारा देश विविधता वाला देश है जहां पर दुनिया की हर चीज मौजूद है। भारत की 140 करोड़ जनता जनसंख्या को बोझ न समझ कर उसे अपना ऐसेट समझकर उन्हीं का उपयोग करना शुरू कर दे तो देश की 140 करोड़ जनता अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में जुट जायेगी। विदेशी सामान के खरीदारों की आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे स्वदेश के छोटे निर्माताओं को व्यापारी को नुकसान पहुंचता है। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंघी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता की मौजूदगी में समारोह में शामिल सभी व्यापारियों को वोकल फॉर लोकल की शपथ दिलाई। प्रदेश के वरिष्ठ महामंत्री मुनीष बंसल ने मंच का संचालन करते कहा कि हमारा उद्देश्य व्यापारियों और छोटे उद्यमियों की समस्याओं को सरकार के साथ समन्वयन बनाकर हल कराना और उन्हें स्वालंबी बनाना है।



भारतीय उद्योग व्यापार मंडल दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष नवीन गर्ग ने वोकल फॉर लोकल मंत्र को सफल बनाने पर जोर दिया। संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन बालकिशन अग्रवाल ने कहा कि फिर से भारत को सोने की चिड़िया बनाना होगा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल दिल्ली प्रदेश के चेयरमैन नरेश ऐरण ने बताया कि दिल्ली में 27 साल एक ऐसी सरकार बनी जो व्यापारी भाईयों की बात को सुनती है। उन्होंने उम्मीद जताते हुये कहा कि दिल्ली सरकार ने हमारी कुछ मांगों को स्वीकार किया है और उसके परिणाम जल्द सामने आयेंगे।

इस समारोह में स्वामी बालकानंद गिरि जी महाराज, नरेश चंद्र शास्त्री, उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्य सचिव दीपक सिंघल, हरियाणा के स्पोर्टस यूनिवर्सिटी के कुलपति अशोक कुमार और उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता अभिषेक गुप्ता शामिल थे। इनके अलावा राष्ट्रीय पदाधिकारियों में राष्ट्रीय चेयरमैन बालकिशन अग्रवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग, वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. गोपाल मोर और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष जगदीश बेरीवाल भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगश गर्ग, मुकेश कुमार गुप्ता, संजीव मित्तल, दिनेश गर्ग, महावीर गोयल सहित अन्य अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

## रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 155 वीं बैठक का आयोजन




### रेलवे बोर्ड ने 25 कर्मियों को राजभाषा में उत्कृष्ट योगदान के लिए किया सम्मानित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रेल भवन में रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 155 वीं बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता सदस्य (परिचालन व व्यावसायिक विकास) हितेंद्र मल्होत्रा ने की। उन्होंने बैठक में राजभाषा पत्रिका 'रेल राजभाषा' के 141 वें अंक का विमोचन किया। साथ ही 'रेलबानी' (भारतीय रेल – क्षेत्रीय भाषाओं का मेल) पुस्तिका का भी विमोचन किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने रेलवे बोर्ड के राजभाषा निदेशालय द्वारा राजभाषा के प्रगामी प्रयोग हेतु किये जा रहे प्रयासों एवं कार्यक्रमों के प्रति संतुष्टि व्यक्त की और यह सुझाव दिया कि बैठक में हिंदी साहित्यकारों की कृतियों एवं हिंदी साहित्य में उनके योगदान संबंधी प्रस्तुतीकरण भी दिखाया जाए, जिससे सदस्यों को हिंदी साहित्य की जानकारी प्राप्त हो। इस अवसर पर सदस्य (वित्त) उषा वेणुगोपाल ने समिति के सदस्यों को राजभाषा के बेहतर कार्यान्वयन हेतु कार्य करने का सुझाव दिया। सदस्य (कर्षण व चल स्टॉक) बी एम अग्रवाल ने कहा कि राजभाषा का प्रयोग हमारा संवैधानिक दायित्व है।

# पूर्वी दिल्ली स्थित श्रीकृष्ण मंदिर मथुरा के मंदिर की तरह बनाने के लिए करें प्रयास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



श्रीकृष्ण जन्मभूमि आंदोलन सम्बन्धी संग्रह से श्रीकृष्ण भवन का संकल्प - शासकीय तुलसीदास हर्षिता छात्रावास, पूर्वी दिल्ली श्रीकृष्ण भवन का मंदिर श्रीकृष्ण जन्मभूमि की तरह पुनः मथुरा में बनेगा इसके लिए आवश्यकता है निरन्तर प्रयास की'। यह उद्गार शास्त्री सत्यानारायण ने दीपक कुमार जी द्वारा लिखित पुस्तक 'हज़ारों सन्दर्भ' एषणा शोध संग्रह के श्रीकृष्ण के लोकार्पण समारोह में बोलते हुए 16 जून, 2025 को दिल्ली में कहा। इस कार्यक्रम में लेखक दीपक कुमार ने अपनी पुस्तक के बारे में विशेषता बताते हुए कहा कि उनका अध्ययन मुख्यतः उन पौराणिक हिंदू धार्मिक पुस्तकों में आता है जिसके आधार पर मथुरा एक नव्या शोधकेंद्र बन सकता है। लेखक ने बताया कि उनका अध्ययन श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े ऐतिहासिक अखंड भारत की ऐतिहासिक व्याख्या की कड़ियों को जोड़ता है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि आंदोलन से सम्बन्धित दस्तावेजों का संग्रह उन्होंने पुस्तक में दिया है। लेखक ने विस्तार से बताया कि 1998 से 2003 तक किस प्रकार उन्होंने तत्कालीन भाजपा के कोशाध्यक्ष कृष्णमुरारी गोयल के साथ मिलकर हाथरस में जो संपदा छुपी हुई है उसको निकालने हेतु प्रयास किया था। लेखक ने एक पत्र गुजरात एंटीक्विटी बोर्ड, राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान, गोवा के साथ जो पत्राचार हुआ था वह भी पुस्तक में दी है। इस लोकार्पण के कार्यक्रम में दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने पुस्तक को प्रेरणादायक बताया।

## 'नमो भारत' एसी पैसेंजर ट्रेन सहित 150 अन्य पैसेंजर ट्रेनें आएंगी पटरी पर

# अब आम को मिल सकेगा खास होने का अहसास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे ने पिछले 11 वर्षों में एक अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले दशकों तक रेलवे उपेक्षा का शिकार रहा, जहां मात्र 25-30 हजार करोड़ का वार्षिक निवेश होता था। लेकिन अब यह निवेश बढ़कर 2.5 लाख करोड़ तक पहुंच गया है, जो रेलवे के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के विकास को रफ्तार दे रहा है। रेलमंत्री ने कहा, रेलवे में वर्षों से जमा हुई लेगेसी समस्याएं अब एक-एक कर समाप्त हो रही हैं। स्टेशन, ट्रेन, शौचालय, ट्रैक, सफाई, तकनीक—हर क्षेत्र में व्यापक सुधार किया गया है। यात्रियों को नई सुविधाएं दी जा रही हैं और इंडस्ट्री के साथ मिलकर एकीकृत विकास को प्राथमिकता दी जा रही है।



हरियाणा के मानेसर में मारुति प्लांट में रेलवे साइडिंग सुविधा के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए रेलमंत्री ने अब तक की गई प्रमुख घोषणाएं और उपलब्धियों को बारी बारी से गिनायी। रेलमंत्री ने कहा, 100 नई मेन लाइन ईएमयू गाड़ियां, पैसेंजर गाड़ियों को अपग्रेड करने के लिए अब 16 और 20 कोच की मेन लाइन ईएमयू गाड़ियां बनाई जाएंगी। अब तक 8 या 12 कोच की ट्रेन बनती थीं। यह परियोजना तेलंगाना के काजीपेट में शुरू हो रही एक नई फैक्ट्री में क्रियान्वित की जाएगी। इससे शॉर्ट डिस्टेंस ट्रैवल को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया, 50 नई 'नमो भारत' एसी पैसेंजर गाड़ियां चलेंगी। 'नमो भारत' गाड़ियों को यात्रियों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। अब 50 नई एसी पैसेंजर ट्रेनें जोड़ी जाएंगी। इससे पहले अहमदाबाद-भुज और पटना-जयनगर के बीच दो गाड़ियां शुरू की गई थीं। कुल मिलाकर 150 नई पैसेंजर गाड़ियां सेवा में आएंगी। रेलमंत्री ने जानकारी दिया कि 1200 से अधिक नए जनरल कोच विभिन्न ट्रेनों में जोडे गये हैं ताकि बिना आरक्षित डिब्बों में आमलोगों को और अधिक सहूलियतें दी जा सके।

रेलमंत्री ने जोर देकर बताया कि अब तक 1300 अमृत भारत स्टेशन का काम स्वीकृत किया गया है। इनमें से 103 स्टेशन हाल ही में बनकर तैयार हुए हैं और प्रधानमंत्री ने बीकानेर से इसका लोकार्पण किया। दिसंबर 2025 तक 100 और स्टेशन तथा वर्ष 2026 तक 500 और स्टेशन पूरे किए जाएंगे।तत्काल टिकट बुकिंग में बॉट्स के दुरुपयोग को रोकने 1 जुलाई से केवल केवाईसी सत्यापित यात्रियों को ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा मिलेगी। विंडो बुकिंग पर भी आईडी अनिवार्य होगी।

हरियाणा में अब तक रेल परियोजनाएं:

- 823 किलोमीटर नई पटरियां बिछाई गईं
- 100 फीसदी रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण
- 34 स्टेशनः अमृत भारत योजना के तहत पुनर्विकसित किए जा रहे हैं।
- 540 फ्लाईओवर और अंडरपास बनाए जा चुके हैं।
- सोनीपत के रेलवे कारखाने का आधुनिकीकरण किया जा रहा है।
- 11 हजार 800 करोड़ का निवेश

## खबर संक्षेप

### गिनी को 150 रेल इंजनों की आपूर्ति करेगा भारत

**नई दिल्ली।** बिहार के मरहौरा में स्थित रेलवे लोकोमोटिव कारखाना अफ्रीकी देश गिनी को तीन साल के भीतर 3,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 150 इंजनों की आपूर्ति करेगा। रेल मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में 37 रेल इंजन गिनी को निर्यात किए जाएंगे जबकि अगले वित्त वर्ष में 82 और उसके अगले साल 31 इंजन भेजे जाएंगे।ये सभी इंजन मरहौरा स्थित रेलवे लोकोमोटिव कारखाने में बनाए जाएंगे।

### महिंद्रा टीईक्यूओ ने अंकित जैन को बनाया सीईओ

**नई दिल्ली।** महिंद्रा समूह की अक्षय ऊर्जा परिसंपत्ति प्रबंधन इकाई महिंद्रा टीईक्यूओ ने अंकित जैन को अपना मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी बयान के अनुसार, जैन को अक्षय ऊर्जा परियोजना विकास एवं डिजिटल बदलाव में 18 वर्ष से अधिक का अनुभव है। इससे पहले जैने महिंद्रा सस्टेन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई चुके हैं। उन्होंने मल्टी-गीगावाट परियोजनाओं एवं ईएसजी पहलों का नेतृत्व किया था।

### ट्राई का धोखाधड़ी से निपटने आरबीआई के साथ करार

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने के प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और बैंकों के साथ साझेदारी में एक पायलट परियोजना शुरू की है। इस परियोजना का मकसद कॉल और संदेश पाने के लिए उपयोगकर्ताओं की कागज-आधारित सहमति को डिजिटल बनाना है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने कहा कि बैंक लेनदेन की संवेदनशीलता और स्पैम कॉल के माध्यम से वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को देखते हुए, ''डिजिटल सहमति प्रणाली'' को लागू करने के पहले चरण के लिए बैंक क्षेत्र को प्राथमिकता दी गई है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## एजेंसी ने पतंजलि समूह के साथ पांच साल का अनुबंध किया

# मलेशिया की सरकारी एजेंसी ने पतंजलि समूह को 15 लाख पाम बीज की आपूर्ति की

**मलेशिया, भारत को पाम तेल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता**

एजेंसी ▸▸| किनाबाटांगन (मलेशिया)

मलेशिया की सरकारी एजेंसी सावित किनाबालु समूह ने भारतीय उपभोक्ता सामान कंपनी पतंजलि समूह को अभी तक पाम के 15 लाख बीज की आपूर्ति की है। मलेशिया की इस सरकारी एजेंसी ने पतंजलि समूह के साथ पांच साल का अनुबंध किया है जो 2027 में समाप्त हो रहा है।

- **पंतजलि का अनुबंध 2027 में समाप्त होगा**
- **एजेंसी पाम के कुल 40 लाख बीज की आपूर्ति करेगी**

इस अवधि में एजेंसी पाम के कुल 40 लाख बीज की आपूर्ति करेगी। मलेशिया, भारत को पाम तेल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है, लेकिन यह पहली बार है जब किसी सरकारी एजेंसी ने पाम के बीजों की आपूर्ति के लिए समझौता किया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब भारत, पाम तेल के लिए आयात पर निर्भरता कम करने के वास्ते घरेलू स्तर पर इसकी खेती को प्रोत्साहित कर रहा है।

**अनुषंगी कंपनी एक करोड़ बीजों को संसाधित करती है :** इस अनुबंध पर सावित किनाबालु समूह की बीज से जुड़ी अनुषंगी कंपनी ने हस्ताक्षर किए हैं। यह अनुषंगी कंपनी हर वर्ष पाम के एक करोड़ बीजों को संसाधित करती है। समूह की बीज इकाई के महाप्रबंधक डॉ. जुरैनी ने कहा, ''हमने पतंजलि समूह के साथ पाम के 40 लाख बीज की आपूर्ति के लिए पांच वर्ष का अनुबंध किया है। हमने अब तक 15 लाख बीज वितरित किए हैं।''



### गुणवत्ता की निगरानी की जाएगी

अधिकारी ने बताया कि बीज आपूर्ति के अलावा कंपनी की ओर से परामर्श सेवाएं दी जाएंगी, कृषि विशेषज्ञों द्वारा उत्पादन स्थल का दौरा किया जाएगा और रोपित बीजों की गुणवत्ता की निगरानी की जाएगी।

### पूर्वोत्तर में लगाए पौधे अच्छी स्थिति में

समूह के मुख्य सतत अधिकारी नजलान मोहम्मद ने कहा, '' भारत में रोपित हमारे बीज बेहतर उपज दे रहे हैं। पूर्वोत्तर में लगाए गए पौधे अच्छी स्थिति में हैं।'' मोहम्मद ने कहा कि मलेशिया की सरकार कुछ क्षेत्रों में पाम की पुनः रोपाई के लिए सब्सिडी प्रदान कर रही है, इसलिए स्थानीय मांग को पूरा करने के लिए सरकारी एजेंसी को भारत को बीज की आपूर्ति सीमित करनी होगी।

### 1,80,000 हेक्टेयर पर पाम लगभग तैयार

हालांकि, उन्होंने कहा कि सरकारी एजेंसी पाम के बीज की आपूर्ति के लिए अधिक भारतीय कंपनियों के साथ सहयोग करने को इच्छुक है। पतंजलि समूह, पूर्वोत्तर भारत में 'पाम तेल मिल' स्थापित करने की योजना बना रहा है, जिसके 2026 तक चालू होने की उम्मीद है। भारत में वर्तमान में लगभग 3,69,000 हेक्टेयर भूमि पर पाम की खेती होती है, जिसमें से करीब 1,80,000 हेक्टेयर पर पाम लगभग तैयार है।

### जिससे 28 लाख टन पाम तेल का उत्पादन हो सकेगा

खेती का क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है जो 2024 तक लगभग 375,000 हेक्टेयर तक पहुंच गया। निकट भविष्य में इसमें 80,000 से 1,00,000 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र जुड़ने की उम्मीद है। सरकार का लक्ष्य इसे 2030 तक 66 लाख हेक्टेयर तक विस्तारित करना है, जिससे 28 लाख टन पाम तेल का उत्पादन हो सकेगा। वित्त वर्ष 2021-22 में शुरू किया गया ।

### केंद्र सरकार पाम की खेती को बढ़ावा दे रहा

'नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल्स-पाम ऑयल' (एनएमईओ-ओपी) पाम की खेती को बढ़ावा देने की केंद्र सरकार की प्रमुख योजना है। इसके तहत मुख्य तौर पर पूर्वोत्तर भारत और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। भारत के पाम तेल के कुल उत्पादन में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल की 98 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## भारत दुर्लभ खनिज चुंबक में जल्द बनेगा आत्मनिर्भर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने मंगलवार को कहा कि अंतर-मंत्रालयी प्रयास भारत को दुर्लभ खनिज चुंबक के मामले में आत्मनिर्भर बनने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। दुर्लभ खनिज चुंबक का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों, रक्षा और अन्य क्षेत्रों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। कुमारस्वामी ने यहां कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी के साथ दुर्लभ खनिज चुंबक के मुद्दे पर एक अंतर-मंत्रालयी बैठक की अध्यक्षता करने के बाद यह बात कही। कुमारस्वामी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि दुर्लभ खनिज चुंबक के मुद्दे पर किशन रेड्डी के साथ हुई बैठक।

## पश्चिम एशिया संकट से शेयर बाजार सतर्क, सेंसेक्स 213 अंक फिसला

**मुंबई।** ईरान-इजराइल संघर्ष तेज होने से निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने और धातु एवं तेल-गैस शेयरों में मुनाफावसूली होने से मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजार गिर गए। सेंसेक्स 213 अंक जबकि निफ्टी 93 अंक नुकसान में रहा। विश्लेशकों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और इस सप्ताह के अंत में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर आने वाले फैसले को लेकर भी निवेशकों ने इंतजार की रणनीति अपनानी बेहतर समझी। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 212.85 अंक यानी 0.26 प्रतिशत गिरकर 81,583.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 369.14 अंक टूटकर 81,427.01 अंक पर आ गया था। निफ्टी 93.10 अंक यानी 0.37 प्रतिशत गिरकर 24,853.40 अंक पर बंद हुआ।

**PUBLIC NOTICE**

Subject : Transfer of Ownership in respect of constructed Property/Plot No. 91, Udyog Vihar Phase 1, Gurgaon, Haryana consequent upon the intestate death of allottee Sh. OM PARKASH WADHWA.

Sh. OM PARKASH WADHWA who was the allotee of the subject cited property as per record has died on 15.05.2018 and has no registered or un registered will, leaving behind following legal heirs : (i)Smt. Sunita Wadhwa(wife), (ii) Sh. Sanjay Wadhwa(son), (iii) Sh. Rohit Wadhwa(son), (iv) Smt. Sonali Mehra(daughter).

Smt. Sunita Wadhwa W/o Lt. Sh. Om Parkash Wadhwa R/o 38/9, East Patel Nagar, New Delhi 110008, intends to apply for transfer of the said property in her favor being the legal heirs and request the re-allotment in the name of Smt. Sunita Wadhwa.

If any person is having any objection against the transfer of ibid plot / house, he / she can submit objections in writing to the Estate Officer HSIIDC, Gurgaon, along with supporting documents within 30 days from the date of publication of this notice, otherwise the Estate officer may accord permission to transfer / re-allotment of the said property as per HSIIDC policy and may not entertain subsequent claim, if any.

Sunita Wadhwa
Legal Heirs
On behalf of the Estate Officer

**PUBLIC NOTICE**

I Saket Bansal S/o Mr. Bangali Babu Bansal R/oT-5, Surya Apartment 221/482 Indra Nagar, Lucknow Uttar Pradesh-226016 have purchased a property bearing No A2/1607 Project Sports Village at Sec 27, Sec-2 Greater Noida West 201308. I have lost the original allotment letter of the above said property, I request M/s SuperTech Limited, to issue the duplicate allotment letter of the said property, if anybody or financial Institutions have objection, he/she may contact to M/s Supertech Limited office Plot no-C-2, Sector 96, Noida- 201303 UP, Within Fifteen Day.

## सोना 1,200 रुपये टूटा और चांदी में मजबूती

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की लगातार बिकवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,200 रुपये टूटकर 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है।

- **सोना टूटकर 1,00,170 रुपए प्रति दस ग्राम**

पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,01,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,100 रुपये घटकर 99,450 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। सोमवार को यह 1,00,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को सोने में और गिरावट आई, क्योंकि व्यापारियों ने इजराइल और ईरान के बीच पूर्ण रूप से क्षेत्रीय युद्ध की संभावना का पुनर्मूल्यांकन किया। यह बदलाव उन रिपोर्टों के बाद आया है, जो बताती हैं कि ईरान, इजराइल के साथ अपने बढ़ते संघर्ष के समाधान के लिए सक्रिय रूप से कूटनीतिक समाधान की कोशिश कर रहा है।'

गांधी ने कहा, ''नाजुक युद्धविराम की संभावना ने सोने के व्यापारियों के बीच सुस्ती की धारणा को बढ़ावा दिया है।''हालांकि, मंगलवार को चांदी की कीमतें 100 रुपये बढ़कर 1,07,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 1,07,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



### सोना नकारात्मक कारोबार कर रहा

वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना गिरावट के साथ 3,380.65 डॉलर प्रति औंस पर रहा। मेहता इक्विटीज के कमोडिटीज के उपाध्यक्ष राहुल कलंत्री ने कहा, ''पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने के बावजूद सोना नकारात्मक कारोबार कर रहा है।




### रेल मंत्री ने किया देश के सबसे बड़े गतिशक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** गुरुग्राम स्थित मारुति प्लांट में आज केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने देश के सबसे बड़े गतिशक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (**WDFC**) के मारुति-पातली ट्रैक का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार लोडेड एक विशेष मालगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो भारत के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में नए युग की शुरुआत का प्रतीक बनी।इस अवसर पर संबोधित करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेल बीते 11 वर्षों में अभूतपूर्व परिवर्तन का माक्षी बनी है। वर्ष 2014 से पहले जहां भारतीय रेल गंभीर संकटों से जूझ रही थी, वहीं आज रेल बजट 2.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच चुका है। उन्होंने कहा कि बीते वित्तीय वर्ष में लगभग 720 करोड़ लोगों ने भारतीय रेल से यात्रा की और 1,617 मिलियन टन कार्गो का परिवहन हुआ। इस उपलब्धि के साथ भारतीय रेल अब कार्गो और पैसेंजर कैरिंग में दुनिया में दूसरे स्थान पर पहुंच चुकी है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

पत्र सं. 301722 — दिनांक : 17.06.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा करते है।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | 301722 |
| कार्य का नाम और कार्य स्थान | ''आरसीएनके/एसएनपी में सभी प्रकार के एलएचबी कोचों पर गीले–पर–गीले बाहरी पेंटिंग की आपूर्ति और अनुप्रयोग'' |
| अनुमानित लागत | रुपये 25451816/– |
| बयाना राशि | रु. 277300/– |
| निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| कार्य अवधि | स्वीकृति पत्र की तारीख से 24 माह |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि व समय | दिनांक 08.07.2025 समय 15:00 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है **www.ireps.gov.in** |

यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — 1795/25

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | एडीईएन/एनडीएलएस के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एनडीएलएस सेक्शन में पहाड़गंज, राम नगर जल परिसर, एमएसआरआर, डीएलटी, लाहौरी गेट, थॉम्पसन रोड, पीएफ–16 के पास और आरपीएसएफ जल परिसर में रेत फिल्टर, कीटाणुशोधन प्रणाली और वाल्व संचालन का वार्षिक संचालन और रखरखाव और एडीईएन/एनडीएलएस के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एएनवीटी सेक्शन में आनंद विहार रेलवे टर्मिनल पर विभिन्न जल स्थापना बिंदुओं पर रैपिड सैंड फिल्टर, क्लोरीनेशन, पानी की टंकी की सफाई और विभिन्न वाल्व संचालन का वार्षिक संचालन और रखरखाव का कार्य। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु.2,49,60,172.96 (रुपये दो करोड़ उननचास लाख साठ हजार एक सौ बहतर और छियान्नवे पैसे मात्र) |
| बयाना राशि (रुपये) | रु.2,74,800/– (रुपये दो लाख चौहतर हजार आठ सौ मात्र) |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु.0.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 08.07.2025 को 15:00 तक। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| आवंटन | 04–410–32 |

- ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) **IREPS)** साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तो के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

निविदा संख्या : 128–डब्लू/280/ई–निविदा सूचना/15–2025–26/डब्ल्यू–3
दिनांक : 16.06.2025 — 1800/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। भाई–बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाई हो सकती है। सचेत रहें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**कन्या** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कोई जिम्मेदारी मिल सकती

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आत्मसंयत भी रहे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परन्तु जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि

**कुंभ** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीन** — शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।




### सजीटीयू में आज मीडिया का कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव

**गुरुग्राम।** देश की प्रतिष्ठित एसजीटी यूनिवर्सिटी में 18 जून को कैंपस प्लेसमेंट व इंटर्नशिप ड्राइव ( करियर क्यू) का आयोजन किया जाएगा। ड्राइव का आयोजन फैकल्टी ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी (एफएमएमटी )द्वारा किया जा रहा है। देश के दिग्गज मीडिया घरानों के प्रतिनिधि प्रिंट, डिजिटल एवं सोशल मीडिया के क्षेत्र में एसजीटी यूनिवर्सिटी के बीएजेएमसी, एमएजेएमसी व एलुमनी छात्रों की प्रतिभा का आकलन करके उनकी योग्यता व क्षमतानुसार उन्हें अवसर प्रदान करेंगे।एफएमएमटी के डीन डॉ. अभिषेक दुबे ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और हम इसके बेहतर परिणामों की अपेक्षा कर रहे हैं। छात्रों ने कड़ी मेहनत की है और हम चाहते हैं कि उन्हें इस मेहनत का उत्साहवर्धक प्रतिफल मिले।

## भारतीय खिलौनों का मानक वैश्विक मानदंडों से बेहतर

**मुंबई।** भारतीय खिलौनों के गुणवत्ता मानक वैश्विक मानदंडों से बेहतर हैं जिसकी वजह से घरेलू विनिर्माताओं के लिए विदेशों में निर्यात करने में मदद मिल रही है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बीआईएस ने घरेलू खिलौनों के लिए भौतिक, रासायनिक और विद्युत सुरक्षा प्रावधानों समेत विस्तृत मानक विकसित किए हैं। ये मानक अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) और अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल कमीशन (आईईसी) के मानदंडों के अनुरूप हैं। केंद्र सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने खिलौना (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2020 जारी किया था जो एक जनवरी, 2021 से लागू है। इस गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के तहत भारत में बिकने वाले सभी खिलौनों को सात भारतीय मानकों का पालन करना और वैध बीआईएस लाइसेंस के तहत आईएसआई निशान का इस्तेमाल करना अनिवार्य है। शोध संस्थान 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) की रिपोर्ट कहती है कि भारत का खिलौना निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में मामूली रूप से घटकर 15.23 करोड़ डॉलर हो गया, जो उसके एक साल पहले 15.38 करोड़ डॉलर था। फिलहाल देश में बीआईएस प्रमाणित 1,640 खिलौना इकाइयां हैं जिनमें से 1,165 लाइसेंस गैर-इलेक्ट्रॉनिक खिलौने बनाने के हैं। बाजीवाला की कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में 25 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया था और वित्त वर्ष 2025-26 में 20 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य रखा है।

## शब्द पहेली - 5901




**बाएँ से दाए**
1.मूर्ख,बेवकूफ (उर्दू-4)
5.संपत्ति-4
9.कटि,पीठ -3
10.प्रणाम,नमस्कार-3
12.अधीन-2
14.पितामह-2
15.कार्य-2
16.पराजय-2
17.अच्छे कुल का-3
19.तरंग,हिलोर-3
21.एक प्रकार की दाल-3
22.ओस,रजनी जल(उर्दू-4)
24.गगन,आकाश-4
25.स्वच्छ करना-5
26.आश्चर्यजनक-4
29.जो लायक न हो-4
33.उल्टी,कै-3
34.रनिवास,जनवासा-3
36.पंक्ति,लाइन-3
37.सुर,लय,आलाप-2
38.दंड,शिक्षा-2
39.पराजय-2
41.झुका हुआ -2
42.कर्म,भाग्य-3
43.भार-3
45.भूल,गलती (उर्दू-4)
46.भाग्य,नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.मां का दुलार-3
4.ताली की आवाज-4
5.अनुभवी-4
6.जुड़वा-3
7.दक्षिणा-2
8.राम के पुत्र-2,2
11.अभिलाषा,-4
13.क्रूस,सूली-3
16.पाचनशक्ति-3
18.ईसाई साध्वी-2
20.जीवनसाथी -5
21.गरबा,नृत्य-2
23.मालिश-3
24.दर्पण,शीशा-3
26.ईश्वर-4
27.बाग,गुलिस्तां-3
28.क्रिकेट में बनते हैं-2
30.दुलारा,पुत्र-2
31.भरोसा,विश्वास-3
32.करामात-4
34.शेविंग करना-4
35.हाथी साधने वाला-4
38.आसान,सीधा-3
40.कपड़े धोने वाला-3
42.बलगम-2
44.सरिता-2

**शब्द पहेली - 5900 का हल**





# बुमराह सटीक गेंदबाजी करने के मामले में मैकग्रा के समान : ब्रॉड



एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बल्लेबाजों को चकमा देने की क्षमता और गेंदबाजी में उनका बेहतरीन संतुलन उन्हें ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ग्लेन मैकग्रा के समक्ष खड़ा करती है तथा इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें टिकी रहेगी।

ब्रॉड ने विश्व क्रिकेट में सबसे संतुलित गेंदबाजी रन अप के मामले में बुमराह की तुलना ऑस्ट्रेलिया के महान तेज गेंदबाज मैकग्रा से की। ब्रॉड ने पॉडकास्ट 'फॉर द लव ऑफ क्रिकेट' में कहा, ''वह (बुमराह) जब गेंद करने के लिए दौड़ते हैं तो आप सोचते हैं कि यह 70 मील प्रति घंटे की रफ्तार होगी लेकिन वह आपको 90 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद करते हैं जिससे आप सही अनुमान नहीं लगा पाते हैं।''



### शोएब की भी गेंदों में रफ्तार थी

ब्रॉड जोस बटलर के साथ इस पॉडकास्ट में कहा, '' जब मैंने शोएब अख्तर का सामना किया, तो वह सौ मील प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ते थे और सौ मील प्रति घंटे की रफ्तार से ही गेंदबाजी करते थे।''

### बुमराह का रनअप बेहद संतुलित

टेस्ट क्रिकेट में 604 विकेट लेने के बाद 2023 में संन्यास की घोषणा करने ब्रॉड ने कहा, ''बुमराह का रन अप बेहद संतुलित है और वह कभी इस बिगड़ने नहीं देते। मैंने जिन गेंदबाजों को देखा है उनमें ग्लेन मैकग्रा का रन अप बेहद संतुलित था। बुमराह भी उन्हीं की तरह हैं।''

### सभी मैच खेले तो ढेर सारे विकेट लेंगे

बुमराह के श्रृंखला के सभी पांच टेस्ट मैचों में खेलने की उम्मीद नहीं है, जिसकी पुष्टि भारतीय चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कार्यभार प्रबंधन के तहत की है। ब्रॉड ने कहा कि अगर बुमराह शुक्रवार से लीड्स में शुरू होने वाली श्रृंखला के सभी पांच मैचों में खेलते हैं तो वह ढेर सारे विकेट लेंगे।

### बुमराह सभी मैच खेले इंग्लैंड नहीं चाहेगा

ब्रॉड ने कहा, ''निश्चित रूप से उन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। इंग्लैंड कभी नहीं चाहेगा कि वह सभी पांच टेस्ट मैच में खेले। अगर ऐसा होता है तो वह ढेर सारे विकेट लेगा। ऑस्ट्रेलिया में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था।''बटलर ने कहा कि इंग्लैंड दौरे पर आई भारतीय टीम में बुमराह से बड़ा कोई सुपरस्टार नहीं है।

### टीम में बुमरहा से बड़ा कोई स्टार

ब्रॉड ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि भारत की इस टीम में जसप्रीत बुमराह से बड़ा कोई स्टार है। उनका रन-अप अनोखा है, उनका एक्शन अनोखा है। वह किसी अन्य गेंदबाज की तुलना में बल्लेबाज के करीब एक फुट या उससे भी थोड़ा ज़्यादा नज़दीक से गेंद फेंकते हैं, इसलिए गेंद उनकी वास्तविक गति से भी ज़्यादा तेज़ लगती है।''

## खबर संक्षेप



### हम काफी अनुभवहीन थे और फिर भी जीत हासिल की : रबाडा

**लंदन।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने कहा है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब जीतना इसलिए और भी यादगार हो गया क्योंकि उनकी टीम 'काफी अनुभवहीन' थी और फिर भी उसने दिग्गजों से भरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ शानदार जीत हासिल की। कप्तान तेम्बा बावुमा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी ट्रॉफी के लिए 27 साल के सूखे को समाप्त किया। रबाडा ने इस मैच में नौ विकेट लिए। रबाडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, ''हम काफी अनुभवहीन टीम हैं जिसने लगभग एक साल पहले साथ खेलना शुरू किया, हम लंबे समय से एक-दूसरे के साथ नहीं हैं। इसके बावजूद हमने यह हासिल किया है। मैं इसे अपने जीवन में कभी नहीं भूलूंगा, कोई भी खिलाड़ी इसे नहीं भूलेगा।''

### सबालेंका ने टिप्पणी के लिए गॉफ से माफी मांगी



**बर्लिन।** एरिना सबालेंका ने कहा कि उन्होंने कोको गॉफ को पत्र लिखकर फ्रेंच ओपन के फाइनल में अपनी अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी से हारने के बाद की गई 'गैर पेशेवर' टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है। यूरोस्पोर्ट जर्मनी से बात करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने कहा कि इस महीने रोलां गैरो पर उनके खिलाफ गॉफ की 6-7, 6-2, 6-4 की जीत के बाद उनकी टिप्पणी एक गलती थी। पेरिस में मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में सबालेंका ने सुझाव दिया था कि यह परिणाम गॉफ के प्रदर्शन की तुलना में उनकी अपनी गलतियों के कारण अधिक था। सबालेंका ने कहा, ''यह मेरे लिए पूरी तरह से गैर पेशेवर था।''उन्होंने कहा, मैंने अपनी भावनाओं को खुद पर हावी होने दिया।

### इंटर काशी ने खेल पंचाट में अपील जीती

**नई दिल्ली।** इंटर काशी ने मंगलवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के खिलाफ खेल पंचाट (कैस) में अपनी पहली अपील जीत ली। वाराणसी की इस टीम के इस साल की शुरुआत में हुए आईलीग मैच के लिए तीन अंक काट लिए गए थे। खेल पंचाट के फैसले के बावजूद इंटर काशी को अभी आईलीग का खिताब नहीं मिलेगा। एआईएफएफ की अपील समिति ने 18 अप्रैल को नामधारी एफसी के खिलाफ मैच से संबंधित एक मामले में इंटर काशी के खिलाफ फैसला सुनाया था और राष्ट्रीय महासंघ की अनुशासन समिति द्वारा दिए गए फैसले को खारिज कर दिया गया था। इंटर काशी ने नामधारी एफसी पर 13 जनवरी को हुए मैच में 'अयोग्य खिलाड़ी' को मैदान में उतारने का आरोप लगाया था।

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार से हेडिंग्ले में

# आईसीसी चार दिवसीय टेस्ट के लिए तैयार, भारत ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड पांच दिनी मैच ही खेलेंगे

एजेंसी ▶▶| लंदन

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2027-29 के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में छोटे देशों के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों को मंजूरी देने के लिए तैयार है, लेकिन भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड तब भी परंपरागत रूप से चले आ रहे पांच दिवसीय मैच खेल सकते हैं। यहां एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। मैचों की संख्या एक दिन कम करने का कदम एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और इससे छोटे देशों को अधिक टेस्ट और लंबी अवधि की श्रृंखलाएं खेलने में मदद मिलेगी।

### शाह ने भी दिया समर्थन

'द गार्डियन' समाचार पत्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है, ''पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान चर्चा में आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 के डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए चार दिवसीय टेस्ट के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया था।''

### इंग्लैंड-भारत टेस्ट शुक्रवार से

इसमें कहा गया है, ''इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत को तब भी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच दिवसीय मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने की अनुमति होगी। एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट मैच के साथ होगी।'



### इंग्लैंड ने आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय मैच खेले थे

आईसीसी ने पहली बार 2017 में द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए चार दिवसीय टेस्ट को मंजूरी दी थी। इंग्लैंड ने 2019 और 2023 में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट के बाद पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ भी चार दिवसीय टेस्ट मैच खेला था।



### छोटे देश मेजबानी में दिलचस्पी नहीं लेते

रिपोर्ट के अनुसार, ''कई छोटे देश समय और लागत के कारण टेस्ट मैचों की मेजबानी करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, लेकिन चार दिवसीय टेस्ट मैच शुरू होने से तीन टेस्ट मैचों की पूरी श्रृंखला तीन सप्ताह से भी कम समय में खेली जा सकेगी।''

**प्रतिदिन न्यूनतम 98 ओवर करने होंगे**

इसमें कहा गया है, ''समय को बर्बाद करने से बचने के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों में खेल के समय को 90 ओवर प्रतिदिन से बढ़ाकर न्यूनतम 98 ओवर कर दिया गया है।''

### अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने बदलाव की जरूरत महसूस कराई

रिपोर्ट में कहा गया है, ''पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने इस मुद्दे को और उजागर किया और इसके बाद बदलाव की जरूरत महसूस की गई।'' हालांकि 2025-27 की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप पांच दिवसीय मैचों के मौजूदा प्रारूप के तहत ही खेली जाएगी।

## आईसीसी

# मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर




एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गयीं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने ताजा अपडेट में 19 रेटिंग अंक गंवाये जिसका फायदा भारतीय बल्लेबाज को मिला। मंधाना के कुल 727 रेटिंग अंक हैं। उनके बाद इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर-ब्रंट 719 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वोलवार्ट अब 719 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मंधाना के बाद इस सूची में अगली दो भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं, जो क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं।

■ 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंची

भारत और इंग्लैंड के बीच इस महीने के आखिर में पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। मंधाना हाल के दिनों में वनडे बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल रही हैं, लेकिन बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2019 की शुरुआत से शीर्ष स्थान पर नहीं पहुंच पाई थी।

## टी20 के इतिहास में पहली बार परिणाम तीसरे सुपर ओवर में निकला

# नीदरलैंड ने नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हराकर नया रिकॉर्ड बनाया

एजेंसी ▶▶| ग्लासगो

नीदरलैंड ने यहां टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला के मैच में नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हरा कर नया रिकॉर्ड बनाया। टी20 या लिस्ट ए क्रिकेट के इतिहास में यह पहला अवसर है जबकि किसी मैच का परिणाम तीसरे सुपर ओवर में निकला।

माइकल लेविट ने सोमवार की रात को खेले गए इस मैच में तीसरे सुपर ओवर में छक्का लगाकर आखिर में नीदरलैंड को जीत दिलाई। नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाए। एक समय उसकी जीत सुनिश्चित लग रही थी क्योंकि नेपाल को आखिरी ओवर में 16 रन चाहिए थे। नेपाल के निचले क्रम के बल्लेबाज नंदन यादव ने हालांकि अंतिम ओवर में दो चौके लगाए। उन्होंने आखिरी गेंद पर भी चौका लगाया जिससे नेपाल




आठ विकेट पर 152 रन बनाकर स्कोर बराबर करने में सफल रहा। कुशाल भुर्टेल ने 18 रन बनाकर नेपाल को पहले सुपर ओवर में 19 रन तक पहुंचाया लेकिन नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडॉव ने पांचवीं और छठी गेंद पर क्रमशः छक्का और चौका लगाकर स्कोर बराबर कर दिया।

नीदरलैंड ने दूसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी की और 17 रन बनाए। लेकिन नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी ने काइल क्लेन की आखिरी गेंद को छक्के के लिए भेज कर मैच को नए मोड़ पर खड़ा कर दिया। नेपाल तीसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए एक भी रन नहीं बना पाया। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर जैक लायन कैशेट ने चार गेंदों में बिना कोई रन दिए दो विकेट लेकर नेपाल का ओवर जल्दी समाप्त कर दिया।

### नीदरलैंड को जीत के लिए चाहिए था एक रन

नीदरलैंड को इस तरह से मैच जीतने के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी, लेकिन लेविट ने संदीप लामिछाने के ओवर की पहली गेंद पर छक्का जड़कर मैच का शानदार अंत किया। मेजबान स्कॉटलैंड टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला की तीसरी टीम है।

### ब्रिटेन के वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी से हारे टियाफो

**लंदन।** ब्रिटिश वाइल्ड कार्ड डैन इवांस ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांसेस टियाफो को 7-5, 6-2 से हराकर 2021 के बाद से क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। विश्व में 199वें नंबर के खिलाड़ी इवांस ने कहा, ''मुझे अब भी विश्वास है कि मेरे अंदर काफी टेनिस बची हुई है। मुझे अब भी विश्वास है कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। लेकिन इस पर विश्वास करना और ऐसा होना दोनों अलग चीज हैं।'' पहले दौर में जीत दर्ज करने वाले अन्य खिलाड़ियों में चौथी वरीयता प्राप्त होल्गर रूण और आठवीं वरीयता प्राप्त जैकब मेन्सिक शामिल थे। चेक गणराज्य के 19 वर्षीय खिलाड़ी मेन्सिक ने कैमरन नोरी को 7-6 (6), 1-6, 6-1 से हराया। मेन्सिक का अगला मुकाबला स्पेन के रॉबर्टो बातिस्ता अगुट से होगा, जिन्होंने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को तीन सेटों में पराजित किया।

## भारतीय टीम दिग्गजों के बिना नए युग की शुरुआत कर रही

# गिल को सम्मान पाने इंग्लैंड में रन बनाने होंगे: कार्तिक

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत के पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक का मानना है कि शुभमन गिल को अभी भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी का पूरा एहसास नहीं हुआ होगा और ड्रेसिंग रूम में सम्मान हासिल करने के लिए इस युवा खिलाड़ी को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

भारतीय टीम रोहित शर्मा , विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के बिना टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत कर रही है। पच्चीस साल के गिल के नेतृत्व में टीम इंग्लैंड में पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। यह गिल की कप्तानी में टीम की पहली परीक्षा होगी।



### गिल कप्तानी की भूमिका क्षेत्ररक्षण करते निभाए

कार्तिक ने ' स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पोडकास्ट ' पर कहा , '' मैं पहला सुझाव जो शुभमन गिल को देना चाहता हूं वह यह है कि आप अपनी कप्तानी की भूमिका सिर्फ क्षेत्ररक्षण करते समय निभाये। अपनी बल्लेबाजी पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करें। ''

### गिल ने देश के लिए 32 टेस्ट खेले

पूर्व खिलाड़ी ने कहा , '' गिल को ड्रेसिंग रूम (टीम के अन्य सदस्य) में सम्मान पाने के लिए रन बनाने ही होंगे। एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका , इंग्लैंड , न्यूजीलैंड , ऑस्ट्रेलिया) देशों में बल्लेबाज के रूप में उनका औसत ऐसा नहीं है जिस पर उन्हें गर्व होगा। ''गिल ने भारत के लिए 32 टेस्ट खेले है लेकिन एसईएनए देशों में वह नियमित तौर पर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं।

### गिल की किस्मत अच्छी, इंग्लैंड की गेंदबाजी मजबूत नहीं

एक क्रिकेट राष्ट्र के तौर पर इंग्लैंड में आना आसान नहीं है। ''इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा , गिल की किस्मत हालांकि थोड़ी अच्छी है क्योंकि इंग्लैंड की गेंदबाजी उतनी मजबूत नहीं है। मैं भारत के नजरिये से यही एकमात्र साकारात्मक पहलू देख रहा हूं।

### कोच के तौर पर गंभीर की रणनीति बेहतरीन

इंग्लैंड की बल्लेबाजी भारत पर दबाव बनाएगी , लेकिन गेंदबाजी एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर इंग्लैंड को काम करना है और यह भारत के लिए फायदेमंद हो सकता है। कार्तिक का मानना है कि कोच के तौर पर गौतम गंभीर की रणनीति बेहतरीन है लेकिन उन्हें अपने आक्रामक रवैये को और निखारने की जरूरत है।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा **हरिद्वार–दिल्ली जं.–हरिद्वार** और **हरिद्वार–लखनऊ–हरिद्वार** के बीच अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ निम्न समय–सारणी के अनुसार चलाई जाएंगीः–

**04328/04327 हरिद्वार-दिल्ली जं.-हरिद्वार ग्रीष्मकालीन आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04328 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04327 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:45 | हरिद्वार | 04:50 | ---- |
| 16:25 | 16:27 | रूड़की | 03:35 | 03:37 |
| 17:13 | 17:15 | टपरी जं. | 02:50 | 02:52 |
| 17:55 | 17:57 | मुजफ्फरनगर | 02:00 | 02:02 |
| 18:35 | 18:37 | मेरठ सिटी जं. | 01:15 | 01:17 |
| 18:52 | 18:54 | मोदीनगर | 00:30 | 00:32 |
| 19:50 | 19:52 | गाजियाबाद | 00:02 | 00:04 |
| 20:14 | 20:16 | दिल्ली शाहदरा | 23:15 | 23:17 |
| 20:45 | --- | दिल्ली जं. | --- | 23:00 |

**चलने के दिनः 04328 हरिद्वार से** और **04327 दिल्ली जं. से** दिनांक 18.06.2025 से 20.06.2025 तक।
**स्थानः** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04330/04329 हरिद्वार-लखनऊ-हरिद्वार ग्रीष्मकालीन आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04330 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04329 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 22:45 | हरिद्वार | 20:20 | --- |
| 23:18 | 23:20 | लक्सर जं. | 19:18 | 19:20 |
| 00:05 | 00:07 | नजीबाबाद जं. | 18:30 | 18:32 |
| 00:35 | 00:37 | नगीना | 18:05 | 18:07 |
| 01:05 | 01:07 | धामपुर | 17:43 | 17:45 |
| 01:28 | 01:30 | स्योहारा | 17:26 | 17:28 |
| 02:30 | 02:32 | काँठ | 17:10 | 17:12 |
| 03:32 | 03:40 | मुरादाबाद | 16:30 | 16:40 |
| 04:06 | 04:08 | रामपुर | 15:00 | 15:02 |
| 05:03 | 05:05 | बरेली | 14:00 | 14:02 |
| 06:14 | 06:16 | शाहजहाँपुर | 13:00 | 13:02 |
| 07:14 | 07:16 | हरदोई | 12:55 | 12:57 |
| 07:46 | 07:48 | बालामऊ जं. | 12:25 | 12:27 |
| 08:08 | 08:10 | सण्डीला | 12:00 | 12:02 |
| 09:25 | --- | लखनऊ | --- | 11:30 |

**चलने के दिनः 04330 हरिद्वार से** दिनांक 18.06.2025 एवं 20.06.2025 को और **04329 लखनऊ से** दिनांक 19.06.2025 एवं 21.06.2025 को।
**स्थानः** शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
1812/2025




युद्धाभ्यास में भाग लेने के लिए फ्रांस रवाना हुई भारतीय सेना की टुकड़ी

# भारत-फ्रांस की सेनाओं के बीच आज से शुरू होगा शक्ति युद्धाभ्यास

## इस वर्ष आयोजित किया जाएगा शक्ति युद्धाभ्यास का 8वां संस्करण

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत और फ्रांस की सेनाओं के बीच बुधवार से द्विवार्षिक संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास 'शक्ति' आयोजित किया जाएगा। जिसमें भाग लेने के लिए थलसेना की एक टुकड़ी मंगलवार को फ्रांस रवाना हुई। यह युद्धाभ्यास 18 जून से 1 जुलाई 2025 तक फ्रांस के कैंप लारजैक, ला कैवेलरी में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष इसका आठवां संस्करण होगा। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि युद्धाभ्यास में भारत का नेतृत्व करने वाले दल में सेना की जम्मू-कश्मीर राइफल्स की एक बटालियन के साथ ही अन्य शाखाएं, सेवाओं के कर्मी शामिल होंगे। कुल 90 सैन्यकर्मी भारतीय दल का हिस्सा होंगे। जबकि फ्रांसीसी दल का प्रतिनिधित्व 13वीं विदेशी सेना हाफ-ब्रिगेड (13वीं डीबीएलई) के कर्मी करेंगे।



### युद्धाभ्यास से सैन्यबलों में बढ़ेगी एकता

मंत्रालय ने कहा कि शक्ति युद्धाभ्यास भारतीय और फ्रांसीसी सेनाओं के बीच आयोजित किया जाने वाला एक द्विवार्षिक कार्यक्रम है। जिसका उद्देश्य अंतर संचालन, परिचालन समन्वय और दोनों सेनाओं के बीच संपर्क को बढ़ाना है। युद्धाभ्यास में संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय-7 पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

शक्ति दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा सहयोग पर बल देगा और रणनीतिक संबंधों को मजबूती प्रदान करेगा। युद्धाभ्यास भारत-फ्रांस की सैन्य टुकड़ियों को सामरिक अभ्यास के अलावा रणनीति, तकनीक, प्रक्रियाओं को निखारने, सर्वोत्तम तौर-तरीकों को साझा करने, नई पीढ़ी के उपकरणों के प्रशिक्षण, शारीरिक सहनशक्ति को मजबूत करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। जिससे दोनों सैन्यबलों के बीच एकता, आपसी सम्मान और पेशेवर सौहार्द को भी बढ़ावा मिलेगा।

## जी7 देश के नेताओं ने इजराइल का समर्थन किया, कहा

# ईरान क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंक का स्रोत परमाणु हथियार बनाने की नहीं देंगे मंजूरी

एजेंसी ⏭ ओटावा

इजराइल-ईरान में पिछले पांच दिनों से संघर्ष जारी है। इस तनाव के बीच मंगलवार को ग्रुप ऑफ सेवन (जी7) देशों के नेताओं ने मिडिल-ईस्ट में शांति और स्थिरता के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की है। इसके साथ ही इजराइल के आत्मरक्षा के अधिकार को सपोर्ट किया है। शिखर सम्मेलन से जारी एक संयुक्त बयान में,जी7 नेताओं ने ईरान को क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंक का 'मुख्य स्रोत' बताया है। उन्होंने ईरान को कभी भी परमाणु हथियार बनाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी पक्षों से गाजा में युद्ध विराम और तनाव कम करने की दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया है।

बयान में कहा गया है कि हम जी7 के नेता, मिडिल-ईस्ट में शांति और स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। इस संदर्भ में, हम पुष्टि करते हैं कि इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। हम इजराइल की सुरक्षा के लिए अपना समर्थन दोहराते हैं। हम नागरिकों की सुरक्षा के महत्व की भी पुष्टि करते हैं। ईरान क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंक का मुख्य स्रोत है। हमारा स्पष्ट मत है कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए। इसके साथ हम ये भी आग्रह करते हैं कि ईरानी संकट का समाधान हो जिससे मिडिल ईस्ट में तनाव कम हो। हम गाजा में भी युद्धविराम चाहते हैं। बयान में बढ़ते तनाव के बीच उर्जा बाजार की स्थिरता को बनाए रखने के लिए जी7 की कार्रवाई करने की तत्परता को भी रेखांकित किया गया है।

*जी7 देश के नेताओं ने कहा है कि इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। हम इजराइल की सुरक्षा के लिए अपना समर्थन दोहराते हैं। हम नागरिकों की सुरक्षा के महत्व की भी पुष्टि करते हैं। जी7 ने सभी पक्षों से गाजा में युद्ध विराम और तनाव कम करने की दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया है*

**खास बातें**
- जी7 ने मिडिल-ईस्ट में शांति और स्थिरता का किया समर्थन
- गाजा में युद्ध विराम और तनाव कम करने की अपील भी की



### अगली जी7 समिट फ्रांस में होगी

*अगली जी7 समिट फ्रांस में होगा। उधर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कनाडा के पीएम मार्क कार्नी को कनानास्किस में जी7 नेताओं (तथा अन्य वैश्विक मेहमानों) की मेजबानी करने के लिए धन्यवाद दिया। इससे पहले हुई बैठक में यूरोपीय कांउसिल अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा, जापान के पीएम शिगेरु इशिबा, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, कनाडा के पीएम मार्क कार्नी, यूएसए के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, ब्रिटेन के पीएम कीर स्टारमर, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन उपस्थित रहीं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की जी7 समिट में पहुंचे।*

### ईरान समझौता करे तो टल सकता है संकटः ट्रंप

ट्रंप ने कनाडा में जारी जी-7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़कर वाशिंगटन रवाना होने से पहले सोमवार रात को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ एक संदेश में लिखा कि ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता। ट्रंप ने दोहराया है कि अगर ईरान संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ परमाणु समझौते पर सहमत होता है, तो वर्तमान संकट से बचा जा सकता था।

### 20 देशों की संघर्षविराम की अपील

*20 देशों ने एक संयुक्त बयान जारी कर पश्चिम एशिया में तनाव कम करने और ईरान-इजराइल में संघर्षविराम की अपील की है। जिन देशों ने यह अपील की है, उनमें अल्जीरिया, बहरीन, ब्रुनेई, चाड, कोमोरोस, जिबूती, मिस्त्र, इराक, जॉर्डन, कुवैत, लीबिया और मौरीटानिया ने सैन्य तरीके से विवाद का हल ढूंढने को खारिज कर दिया।*

### तेहरान खाली होने लगा

ट्रंप की चेतावनी के बाद तेहरान का पुराना इलाका मंगलवार सुबह से ही खाली होने लगा और कई दुकानें बंद रहीं। शहर का प्राचीन 'ग्रैंड बाजार' भी बंद रहा। ऐसा पहले सिर्फ सरकार विरोधी प्रदर्शनों या कोरोना वायरस महामारी के चरम पर ही हुआ था। तेहरान से पश्चिम की ओर जाने वाली सड़कों पर यातायात जाम की स्थिति देखी गई। कई लोग कैस्पियन सागर क्षेत्र की ओर जाते दिखाई दिए। तेहरान में पेट्रोल पंपों पर भी लंबी कतारें देखी गईं।

### पाक सेना प्रमुख मुनीर को अमेरिका में प्रदर्शनकारियों ने सामूहिक हत्यारा, तानाशाह कहा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर को कुछ प्रदर्शनकारियों ने सामूहिक हत्यारा, गीदड़ और तानाशाह कह कर उनकी हूटिंग की। प्रदर्शनकारियों ने वाशिंगटन के एक होटल में पहुंचने पर मुनीर के खिलाफ अपशब्दों का भी इस्तेमाल किया और उनसे पाकिस्तान को मुक्त करने के नारे लगाए। दरअसल कुछ पाकिस्तान लोगों द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो में मुनीर के काफिले को वाशिंगटन के फोर सीज़न होटल में पहुंचते हुए दिखाया गया है। वीडियो में प्रदर्शनकारियों का एक ग्रुप असीम मुनीर को घेरने की कोशिश करने लगता है।

## असम में ओएनजीसी के कुए में गैस रिसाव का मामला

# स्थानीय निवासियों को सुरक्षित निकाला, राहत और सहायता जारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने गैस रिसाव को नियंत्रित करने के लिए असम में ओएनजीसी की कुएं नियंत्रण गतिविधियों की समीक्षा की और अपडेट लिया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुए में उच्च दबाव के कारण पिछले चार दिनों से गैस का प्रवाह जारी है। स्थानीय निवासियों को पहले दिन ही तुरंत निकाल लिया गया था और उन्हें सभी तरह की राहत और सहायता प्रदान की जा रही है। ओएनजीसी के अन्य कार्य केंद्रों से सक्षम कर्मियों को लाया गया है और आग पर काबू पाने के लिए उच्च क्षमता वाले फायर पंप, फ्रैक पंप, मड आदि सभी का इस्तेमाल किया जा रहा है।

### केंद्रीय मंत्री पुरी ने कुआ नियंत्रण गतिविधियों की समीक्षा की

### उच्च दबाव के कारण कुए में चार दिनों से गैस का प्रवाह जारी



### जल्द नियंत्रण का प्रयास

कंपनी ने कहा कि भूवैज्ञानिक चुनौतियां तेल और गैस संचालन में अंतर्निहित होती हैं। भारत की प्रमुख ऊर्जा कंपनी के रूप में ओएनजीसी कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करती है। ओएनजीसी गैस रिसाव को जल्द से जल्द पूरी तरह से नियंत्रण में लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

### 'जंक पंपिंग' जैसे हाई टेक मेथड का इस्तेमाल कर रहे

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 'जंक पंपिंग' जैसे हाई टेक मेथड का भी इस्तेमाल किया जा रहा है और ओएनजीसी के अधिकारी अंतरराष्ट्रीय विदेशी विशेषज्ञों के साथ लगातार संपर्क में हैं। आग को रोकने और शीतलन प्रभाव के लिए लगातार पानी की व्यवस्था की जा रही है। ओएनजीसी ने कुआ आरडीएस147 में गैस रिसाव को रोकने के लिए अपनी सबसे अनुभवी संकट प्रबंधन टीम (सीएमटी) को तैनात किया है।

### प्रभावितों के स्वास्थ्य की चिंता की

ओएनजीसी ने घटना के बाद जिला प्रशासन के साथ मिलकर प्रभावित परिवारों को सुरक्षित निकालने का काम किया। साथ ही लोगों के लिए सुरक्षित आश्रय, पौष्टिक भोजन, स्वच्छ पेयजल और आवश्यक दैनिक आपूर्ति सुनिश्चित की गई। ओएनजीसी ने सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए अपने इमरजेंसी रिस्पॉन्स के तहत डॉक्टरों और आवश्यक दवाओं से लैस चौबीसों घंटे निःशुल्क चिकित्सा शिविर स्थापित किए हैं। पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए ओएनजीसी जिला और पुलिस प्रशासन, मीडिया और स्थानीय समुदाय के नेताओं सहित सभी हितधारकों के साथ लगातार बातचीत कर रही है।

### चरमपंथी तत्वों की आवाजाही पर रोक

# असम के कछार में भारत-बांग्लादेश सीमा पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए

एजेंसी ⏭ सिलचर



चरमपंथी तत्वों की संभावित आवाजाही को विफल करने और वस्तुओं एवं मवेशियों के अनधिकृत परिवहन को रोकने के लिए असम के कछार जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर मंगलवार को कड़े प्रतिबंध लगाए गए। जिला आयुक्त मृदुल यादव ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत प्रतिबंध लगाए हैं। सीमा से सटे क्षेत्रों के रास्ते वस्तुओं एवं मवेशियों के अनधिकृत परिवहन को रोकने के लिए जारी किया गया है।

तत्काल प्रभाव से लागू होने वाले इस आदेश में जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के साथ एक किलोमीटर के क्षेत्र में सूर्यास्त और सूर्योदय के बीच व्यक्तियों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पांच किलोमीटर के क्षेत्र में सूर्यास्त और सूर्योदय के बीच चीनी, चावल, गेहूं, खाद्य तेल, मिट्टी के तेल और नमक सहित प्रमुख आवश्यक वस्तुओं के परिवहन पर सख्ती से रोक लगाई गई है।

भारतीय क्षेत्र में उसी अवधि के दौरान सूरमा नदी और उसके तटों पर आवाजाही को प्रतिबंधित करता है। इसके अलावा, मछली पकड़ने के लिए सूरमा में नौका परिचालन पर तब तक सख्त रोक रहेगी जब तक कि स्थानीय निवासी पट्टाधारक से उचित मंजूरी के बाद कटिगोराह के क्षेत्र अधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त न कर लें।

### नई दिल्ली के जेजे कॉलोनी में अवैध रूप से रह रहे 36 बांग्लादेशी पकड़े गए

**नई दिल्ली।** नॉर्थ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की फॉरेनर्स सेल की टीम ने अवैध रूप से रह रहे 36 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ने में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए लोगों में कुल 19 वयस्क और 17 बच्चे शामिल हैं। पुलिस को यह सफलता भारत नगर थाना इलाके के वज़ीरपुर जेजे कॉलोनी में खुफिया जानकारी और सतत निगरानी के आधार पर अंजाम दी गई कार्रवाई में मिली। पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों के पास से 13 बांग्लादेशी पहचान-पत्र और प्रतिबंधित आईएमओ एप इनस्टॉल किए हुए 07 मोबाइल फोन भी बरामद हुए।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109